*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

26 दिसंबर, 2023
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 09, अंक 66

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही



पूरे देश में वाजपेयी की 99वीं जयंती मनायी गयी। नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य नेताओं ने दी श्रद्धांजलि।




## कांग्रेस महाचिव ने बताया कैसे होगी सीट शेयरिंग

# खुले मन और बंद मुंह से: जयराम रमेश

- कांग्रेस की राज्य इकाइयों की बैठक में किया जायेगा विचार



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर विपक्षी गठबंधन दलों के बीच बैठक का दौर शुरू हो गया है। सीट बंटवारे को लेकर भी चर्चा तेज हो गयी है। आइएनडीआइए गठबंधन की पिछली बैठक में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय नहीं हो पाया। हालांकि, इस बैठक में यह बात निकल कर सामने आयी कि जनवरी के पहले सप्ताह तक सीट शेयरिंग फॉर्मूलों पर पूरा काम कर लिया जायेगा। इस मामले में अब कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव नेता जयराम रमेश ने बयान दिया है। जयराम रमेश ने कहा कि सीट शेयरिंग में बातचीत होगी। जो कुछ करना होगा, वो हम करेंगे। अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग परिस्थितियां हैं। उन्हें ध्यान में रखते हुए सीट शेयरिंग पर बात जारी है। उन्होंने कहा कि हम खुले मन और बंद मुंह से ही सीट शेयरिंग पर बात आगे बढ़ायेंगे।

**29 को होगी राज्य इकाइयों की बैठक:** गौरतलब है कि कांग्रेस की पांच सदस्यीय राष्ट्रीय गठबंधन समिति 28 दिसंबर को नागपुर में होनेवाली रैली के बाद पार्टी प्रदेश इकाइयों से चर्चा करेगी। पार्टी ने राज्य इकाइयों को दिल्ली बुलाया है। पार्टी 29 दिसंबर से गठबंधन को लेकर क्या रणनीति अपनायी जाये, इस पर अपनी राज्य इकाइयों के साथ बातचीत करेगी। उधर, आइएनडीआइए गठबंधन की चौथी बैठक के बाद कांग्रेस पार्टी ने गठबंधन में शामिल दलों के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा के लिए पांच सदस्यीय राष्ट्रीय गठबंधन समिति का गठन किया था। जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी ने साफ कहा कि कांग्रेस सीटों के बंटवारे के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, कांग्रेस चाहती है कि आइएनडीआइए गठबंधन एकजुट और मजबूत रहे। कांग्रेस जीत के लिए हरसंभव कोशिश करेगी।

### प्रियंका की होगी अहम भूमिका

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को उत्तरप्रदेश के कांग्रेस प्रभारी पद से मुक्त किये जाने पर जयराम रमेश ने कहा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान और मध्यप्रदेश में चुनाव प्रचार के दौरान प्रियंका की भूमिका अहम रही है। उन्हें पूरा यकीन है कि आनेवाले समय में भी उनकी यही भूमिका होगी।

# निर्मल महतो के सपनों का बनेगा झारखंड: हेमंत सोरेन

शहीद निर्मल महतो की जयंती पर मुख्यमंत्री और झामुमो नेताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया

'गुरुजी के आशीर्वाद से आनेवाले 10 वर्षों में हर झारखंडी की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति होगी'



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती के मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर हेमंत सोरेन ने कहा कि रांची जिला झामुमो द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहली बार आइएनडीआइए गठबंधन की सरकार ने शहीद निर्मल महतो के सपनों के अनुरूप काम किया है। झारखंड के निर्माता गुरु शिबू सोरेन के निरंतर आशीर्वाद से मैं निर्मल दा के सपनों को साकार कर पा रहा हूं। आनेवाले 10 वर्षों में हर झारखंडी की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की पूर्ति हो चुकी होगी। निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाने में सफल हो चुके होंगे।

झामुमो रांची महानगर द्वारा शहीद निर्मल महतो चौक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज निर्मल दा हमारे बीच सशरीर नहीं हैं, लेकिन उनके विचार, उनकी कर्मठता और राज्य के प्रति उनकी संवेदनाएं और संदेश आज भी जिंदा है। बचपन में हमने उनको बहुत करीब से देखा। उनसे काफी प्रभावित रहे हैं। आज 73 साल के बाद भी उनकी सोच और आदर्शों को लेकर वह हमारे लिए जीवंत हैं और जीवंत रहेंगे। हम उनकी सोच और प्रेरणा को आगे बढ़ायेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी सरकार एक-एक व्यक्ति के दरवाजे पर खड़ी है। राज्य अलग होने के बाद पहली बार गांव के लोग वर्तमान सरकार के प्रति अपनी खुशी जाहिर कर रहे हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने की। इस मौके पर केंद्रीय प्रवक्ता सह मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद पिंटू, सीएम के आप्त सचिव सुनील श्रीवास्तव, राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, समनूर मंसूरी, अंतु तिर्की, अफरोज अंसारी, डॉ हेमलाल मेहता समेत भारी संख्या में झामुमो समेत आइएनडीआइए गठबंधन दलों के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज रील्स

### कानून बना भारतीय न्याय संहिता बिल

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय न्याय संहिता 2023 के तीनों बिलों को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही तीनों विधेयकों को कानून बन गये हैं। गृह मंत्रालय जल्द ही नोटिफिकेशन जारी करेगा।

### 300 फीट नीचे पनडुब्बी से द्वारका दर्शन होंगे

गांधीनगर। हजारों साल पहले समुद्र में डूब चुकी भगवान श्री कृष्ण की द्वारका नगरी के दर्शन अब आसान होने जा रहे हैं। गुजरात सरकार मूल द्वारका दर्शन के लिए अरब सागर में यात्री पनडुब्बी चलाने जा रही है। सबमरीन का वजन करीब 35 टन होगा। इसमें एक बार में 30 लोग बैठ सकेंगे। 2 गोताखोर और एक गाइड साथ रहेगा। जन्माष्टमी या दीपावली तक ये शुरू हो जायेगी। सबमरीन समुद्र में 300 फीट नीचे जायेगी। इस रोमांचक सफर में दो से ढाई घंटे लगेंगे।

### दिल्ली समेत छह राज्यों में जीरो विजिबिलिटी

नयी दिल्ली। दिल्ली समेत छह राज्यों के एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह 6 बजे कोहरे के कारण जीरो विजिबिलिटी दर्ज की गयी। इसकी वजह से कई फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने पैसेंजर्स को सलाह दी कि वे अपनी फ्लाइट्स की उड़ान कंफर्म करने के बाद ही एयरपोर्ट आयें। राजधानी दिल्ली और पालम एयरपोर्ट के अलावा पंजाब के अमृतसर, उत्तर प्रदेश के आगरा और प्रयागराज, मध्य प्रदेश के ग्वालियर, राजस्थान के जैसलमेर में जीरो विजिबिलिटी दर्ज की गयी।

# हजारीबाग से गायब चार साल का बच्चा कोडरमा से बरामद

आरोपियों ने 2.95 लाख रुपये में बच्चे को बेचा



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** लोहसिंघना थाना के ओकनी साई मंदिर के पास से गायब बच्चा पपलू कुमार (चार वर्ष) को हजारीबाग पुलिस ने कोडरमा से बरामद कर लिया है। इस घटना को अंजाम देनेवाले छह आरोपियों व्यक्तियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सदर एसडीपीओ महेश प्रजापति ने सोमवार को प्रेस कांफ्रेंस में इसकी जानकारी दी।

प्रजापति ने कहा कि लोहसिंधना थाना के ओकनी साई मंदिर के पास से पपलू कुमार कुछ दिन पहले गायब हो गया था। इसकी गुमशुदगी की सूचना लोहसिंघना थाना को प्राप्त हुई थी। काफी खोजबीन करने के बाद जब गुमशुदा बच्चे के संबंध में कुछ भी पता नहीं चला, तब आवेदन के आधार पर लोहसिंघना थाना कांड संख्या 272/23 दर्ज किया गया। कांड के अनुसंधान के क्रम में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध व्यक्ति करीना देवी की पहचान करते हुए छापामारी करते हुए गिरफ्तार किया गया। करीना देवी ने बताया गया कि ज्योति रानी, कन्हैया कुमार पासवान और नूतन देवी ने मिल कर बच्चे को चुरा कर कोडरमा में गीता देवी, पति रोहित रविदास क पास 2.95 लाख रुपये में बेचा है।

प्रजापति ने कहा कि करीना देवी ने यह भी बताया कि ज्योती रानी एवं कन्हैया कुमार पासवान अभी छत्तीसगढ़ गये हैं, वे रांची रेलवे स्टेशन सोमवार को आनेवाले हैं। इनके द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर रांची रेलवे स्टेशन के आसपास होटलो में छापामारी की गयी। छापमारी के क्रम में मीरा होटल में ज्योती रानी एवं कन्हैया कुमार पासवान ठहरे हुए पाये गये। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गुमशुदा बच्चे के संबंध में पूछने पर इन दोनों पति-पत्नी ने बताया कि ये लोग नूतन एवं करीना के सहयोग से बच्चे को कोडरमा में गीता देवी पति रोहित रविदास के पास बेच दिया है। इसके आधार पर छापामारी दल द्वारा इन संलिप्त व्यक्तियों को लेकर इंद्रपुरी मुहल्ला तिलैया, जिला कोडरमा में छापामारी की गयी, जहां से पपलू कुमार को सकुशल बरामद कर वापस लाया गया।

### इन्हें किया गया गिरफ्तार

करीना देवी (हजारीबाग), ज्योति रानी (रांची), कन्हैया कुमार पासवान (रांची), नूतन देवी (हजारीबाग), गीता देवी (कोडरमा) और रोहित रविदास (कोडरमा)।

### छापामारी दल में ये थे शामिल

पुलिस उपाधीक्षक (परि) प्रशांत कुमार, सदर थाना प्रभारी पुनि ललित कुमार, महिला सदर थाना प्रभारी पुअनि वर्षा रानी टोप्पो, लोहसिंघना प्रभार थाना प्रभारी पुअनि अशोक कुमार समेत पुलिस बल शामिल थे।

## पेटीएम ने अपने एक हजार से अधिक कर्मचारियों को निकाला


नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)। पेटीएम की पैरेंट कंपनी 'वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड' ने 1,000 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। पिछले कुछ महीनों में कंपनी ने अलग-अलग यूनिट्स में छंटनी की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कंपनी ने कॉस्ट कटिंग करने के लिए कर्मियों को नौकरी से निकाला है। वह अपने विभिन्न बिजनेस को रिअलाइन कर रही है। पेटीएम में हुई छंटनी इस साल किसी इंडियन न्यू एज टेक फर्म की ओर से की गयी सबसे बड़ी छंटनियों में से एक है। इस साल सबसे ज्यादा स्टार्टअप्स में से एम्प्लॉइज को नौकरी से निकाला गया। फंडिंग की कमी, बिजनेस की रिस्ट्रक्चरिंग, कॉस्ट कटिंग सहित अन्य इसकी प्रमुख वजहें रहीं। कंपनी के प्रवक्ता ने छंटनी की बात स्वीकार करते हुए कहा कि वर्तमान फाइनेंशियल इयर के दौरान पेटीएम 10% से 15% स्टाफ कॉस्ट में कटिंग करेगी। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड ऑटोमेशन वाले रोल्स इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। हालांकि, निकाले गये कर्मचारियों की संख्या पर कंपनी के प्रवक्ता ने असहमति व्यक्त की है।

# सीबीएसइ ने झारखंड के 10 और बिहार के 26 स्कूलों की मान्यता रद्द की, सूची जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/पटना।** सीबीएसइ ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए बिहार और झारखंड जोन के 36 स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी है। इनमें बिहार के 26 और झारखंड के 10 स्कूल शामिल हैं। बोर्ड ने इन सभी स्कूलों की सूची अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी है। इसे लेकर छात्रों और अभिभावकों को भी आगाह किया गया है।

बोर्ड का कहना है कि जिन स्कूलों की मान्यता रद्द की गयी है, उनके संबंध में यह जानकारी मिल रही थी कि ये सभी स्कूल छात्रों से बड़ी रकम वसूल रहे थे, लेकिन पढ़ाई और व्यवस्था के नाम पर छात्रों को कोई सुविधा नहीं दे रहे थे। बोर्ड ने जांच के माध्यम से ऐसी स्कूलों को चिह्नित किया। इसके बाद लापरवाही बरतने वाले ऐसे सभी स्कूलों की मान्यता रद्द कर दी है। हालांकि इन स्कूलों के छात्रों को इस वर्ष होनेवाली बोर्ड परीक्षा में शामिल होने का मौका दिया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार इन स्कूलों से लगभग 7000 बच्चों ने परीक्षा के लिए फार्म भरा है।




# मुंबई पहुंचा केम प्लूटो, जहाज पर हुआ था ड्रोन अटैक

- अमेरिकी रक्षा मंत्रालय का दावा इरानी ड्रोन से हुआ था हमला
- इरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने अमेरिका के आरोप को नकारा

हमले की जांच करेगी भारतीय नौसेना, सामान दूसरे जहाज पर शिफ्ट होगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** भारतीय नौसेना हिंद महासागर से भारत आ रहे जहाज पर हमले की जांच करेगी। 23 दिसंबर को हुए ड्रोन हमले के बाद एमवी केम प्लूटो नाम का जहाज सोमवार को मुंबई के तट पर पहुंचा। यहां इस पर रखे सामान को दूसरे जहाज में शिफ्ट किया जायेगा। दरअसल, ड्रोन हमले से जहाज में आग लगने के बाद इसे ऑपरेट करने में क्रू को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था।

भारतीय तट रक्षक दल का एक जहाज आइसीजीएस विक्रम, केम प्लूटो को एस्कॉर्ट कर मुंबई लाया है। अब नौसेना के विस्फोटक आयुध निपटान दल (नेवल एक्सप्लोसिव ऑर्डनेंस डिस्पोजल) की एक टीम जहाज के उस हिस्से का जायजा लेगी जहां अटैक हुआ और उसे साफ भी करेगी। अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने दावा किया है कि 23 दिसंबर को भारत आ रहे जहाज पर हमला न सिर्फ इरानी ड्रोन से हुआ, बल्कि वो ड्रोन भी इरान से ही दागा गया था। उधर, हूती विद्रोहियों ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका ने इलाके में अपनी मनमानी रोकी नहीं तो लाल सागर जल उठेगा। वहीं, इरान ने अमेरिका के आरोपों को खारिज कर दिया है। इरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका के लगाये गये सभी आरोप बेबुनियाद हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 60,200 रु./10 ग्राम
चांदी 79,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 26 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


# इंडी अलायंस की जड़ों में मट्ठा डाल रहे हैं कुछ घटक दल

## ■ द्रमुक के दयानिधि मारन ने बिहारियों के खिलाफ बयान देकर करायी किरकिरी

## ■ स्टालिन और स्वामी प्रसाद मौर्य भी कर चुके हैं सनातन विरोधी टिप्पणियां

## ■ बिहार के शिक्षा मंत्री तो पवित्र रामचरित मानस के खिलाफ उगल चुके हैं जहर

**आजाद सिपाही विशेष**

इंडी अलायंस की नाव अभी से ही डगमगाती नजर आ रही है। विपक्षी दलों का यह गठबंधन जब भी एक कदम आगे बढ़ाता है, इसके घटक दलों के नेता कुछ न कुछ उलजुलूल टिप्पणी कर इसे विवादों के दलदल में फंसा कर इसे दो कदम पीछे खींच लेते हैं। गठबंधन के प्रमुख घटक द्रमुक के सांसद दयानिधि मारन का पूर्व में दिया गया बयान इन दिनों बहुत तेजी से वायरल हो रहा है और यह विवादित बयान गठबंधन के लिए गले की हड्डी साबित होनेवाला है। इस बयान के वायरल होते ही गठबंधन में तनाव पैदा हो गया है, तो दूसरी तरफ उत्तर बनाम दक्षिण की राजनीति गरमा गयी है। यह पहली बार नहीं है कि विपक्षी गठबंधन के किसी नेता ने विवादित टिप्पणी की है। इससे पहले तमिलनाडु के सीएम और द्रमुक सुप्रीमो एमके स्टालिन के पुत्र और उनकी ही सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने तो सनातन धर्म को संक्रामक बीमारी बता दिया था। उनसे पहले यूपी के स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामायण को दलित विरोधी बताते हुए इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग कर दी थी। बिहार के शिक्षा मंत्री सह राजद नेता चंद्रशेखर तो उनसे भी एक कदम आगे निकल कर रामचरित मानस पर रोक की वकालत कर चुके हैं। वास्तव में विपक्षी गठबंधन के लगभग सभी घटक दलों के नेताओं का नजरिया बहुसंख्यक या सनातन विरोधी है। लेकिन ऐसे नेता यह भूल जाते हैं कि सनातन या उत्तर भारतीय विरोधी नजरिया अक्सर राजनीतिक रूप से नुकसान ही करता है। तीन हिंदी पट्टी राज्यों मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सनातनियों ने विपक्ष को आइना और नमूना दिखा भी दिया है। कांग्रेस का इन राज्यों से सफाया हो गया। कांग्रेस ने अपने सहयोगियों द्वारा सनातन के विरोध में उगले गये विष के बारे में कुछ नहीं कहा। उसे आपत्ति दर्ज करनी चाहिए थी। हश्र सभी के सामने है। मारन जैसे नेता महाराष्ट्र के मनसे नेता राज ठाकरे का हश्र भूल जाते हैं। अब मारन की ताजा टिप्पणी को द्रमुक नेताओं ने पुराना बयान बता कर डैमेज कंट्रोल की कोशिश की है, लेकिन भाजपा ने इसे बड़ा मुद्दा बना लिया है। राजद नेता तेजस्वी यादव ने भी इस बयान का मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने कहा है कि द्रमुक सांसद ने यूपी-बिहार के लोगों को लेकर जो बयान दिया है, उसे किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जा सकता है। भाजपा ने तो कहा है कि एक तरफ पीएम मोदी काशी-तमिल संगमम जैसी पहलों से उत्तर-दक्षिण के बीच खड़ी दीवार को ढाह रहे हैं, तो दूसरी तरफ द्रमुक जैसी पार्टियां इस विभाजन की खाई को चौड़ा कर रही हैं। द्रमुक नेता के बयान से गरमायी इस सियासत के संभावित असर का आकलन कर रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे 28 विपक्षी दलों के गठबंधन इंडी अलायंस के भीतर एक बार फिर घमासान का माहौल बन गया है। गठबंधन के नेता अब भाजपा को हराने के लिए संयुक्त उम्मीदवार उतारने और सीट शेयरिंग पर बातचीत शुरू करने की दिशा में आगे बढ़ रहे थे, तभी इसके एक घटक और सनातन विरोधी स्टैंड के लिए जाने जानेवाले द्रमुक के नेता और सांसद दयानिधि मारन के विवादित बयान ने माहौल को बिगाड़ दिया। गठबंधन में शामिल राजद और जदयू ने मारन के विवादित बयान की निंदा करते हुए कहा है कि ऐसे बयानों को स्वीकार नहीं किया जा सकता। गठबंधन में शामिल अन्य दलों के नेताओं ने भी इस बयान पर आपत्ति जतायी है।

दूसरी ओर मारन के बयान ने भाजपा को विपक्षी दलों को घेरने का बड़ा मौका दे दिया है। भाजपा ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद मुखिया लालू प्रसाद यादव से सवाल किया है कि उन्हें यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या उन्हें यूपी और बिहार के लोगों के संबंध में इस तरह के बयान स्वीकार हैं। भाजपा ने इस प्रकरण को लेकर कांग्रेस की चुप्पी पर भी सवाल उठाये हैं।

### क्या कहा है दयानिधि मारन ने

दयानिधि मारन ने एक रैली में अपने भाषण के दौरान अंग्रेजी भाषा की पढ़ाई की अहमियत बताते हुए कहा कि जो लोग अंग्रेजी भाषा जानते हैं, वे आइटी सेक्टर में सम्मानित नौकरी करते हैं, ना कि यूपी बिहार के लोगों की तरह, जो सिर्फ हिंदी जानते हैं और तमिलनाडु में आकर मजदूरी करते हैं, टॉयलेट साफ करते हैं या सड़कों-नालियों की सफाई करते हैं।

### मारन से पहले कई नेता दे चुके हैं सनातन विरोधी बयान

विपक्षी गठबंधन के कई नेता इससे पहले भी सनातन और बहुसंख्यक विरोधी बयान दे चुके हैं। द्रमुक सुप्रीमो एमके स्टालिन के पुत्र और उनकी ही सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने तो सनातन धर्म की तुलना कुष्ठ और एड्स जैसी संक्रामक बीमारी से करते हुए इसे जड़ से साफ करने की बात कही थी। यूपी के सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य और बिहार के राजद नेता चंद्रशेखर तो रामायण और रामचरित मानस तक पर सवाल उठा चुके हैं। ऐसा करते समय वे भूल जाते हैं कि इस तरह की विवादित टिप्पणी से नुकसान ही होता है। वे मनसे के राज ठाकरे का हश्र भूल जाते हैं, जिन्होंने उत्तर भारतीयों के खिलाफ हिंसात्मक जंग शुरू की और आज पूरी तरह हाशिये पर हैं। इसी तरह कर्नाटक के कुछ सामाजिक संगठनों ने भी कोरोना के बाद उत्तर भारतीयों के साथ सौतेला व्यवहार शुरू किया, लेकिन आज उनका नामलेवा भी नहीं बचा है।



### मारन के बयान से गठबंधन में घमासान

विपक्षी गठबंधन की हाल में राजधानी दिल्ली में हुई बैठक के दौरान लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सीट शेयरिंग पर जल्द चर्चा शुरू किये जाने का फैसला किया गया था। टीएमसी मुखिया ममता बनर्जी ने तो 31 दिसंबर तक ही इस काम को पूरा करने पर जोर दिया था। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा था कि सीट शेयरिंग का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए, ताकि विभिन्न दलों और उम्मीदवारों को अपनी सियासी स्थिति मजबूत बनाने का पूरा समय मिल सके। हालांकि बाद में जनवरी के दूसरे हफ्ते तक इस काम को पूरा किये जाने का फैसला किया गया था। विपक्षी दलों के बीच सीट शेयरिंग के मुद्दे पर अभी तक चर्चा भी शुरू नहीं हुई है। दूसरी ओर गठबंधन में शामिल द्रमुक के वरिष्ठ नेता दयानिधि मारन के विवादित बयान पर घमासान जरूर छिड़ गया है।

### मारन के बयान पर राजद को आपत्ति

द्रमुक सांसद के बयान पर आपत्ति जताते हुए राजद नेता और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि द्रमुक सामाजिक न्याय में विश्वास करनेवाली पार्टी है। अगर उस पार्टी के किसी नेता ने यूपी और बिहार के लोगों के बारे में कुछ कहा है, तो यह निंदनीय है। हम इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा कि अगर यूपी और बिहार के लोगों की मदद न मिले, तो दूसरे राज्यों की आर्थिक गतिविधियों पर काफी बुरा असर पड़ेगा। यूपी और बिहार के लोगों के संबंध में ऐसी टिप्पणी को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

### जदयू ने भी जतायी कड़ी आपत्ति

गठबंधन के प्रमुख साझीदार जदयू ने भी मारन की इस टिप्पणी पर तीखी आपत्ति जतायी है। जदयू ने कहा कि बिहारियों ने अपनी योग्यता और कड़ी मेहनत से पूरे देश और विदेश में अपनी पहचान बनायी है और बड़े पदों पर आसीन हुए हैं। यहां के लोग देश में हर जगह अपनी सेवाएं देते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि कोई भी हमारी बिहारी अस्मिता को ठेस पहुंचा सकता है और हम इसे बर्दाश्त करेंगे। हमें नम्रता का पाठ जरूर पढ़ाया गया है, मगर हमें विरोध करने का तरीका भी आता है।

### भाजपा ने लालू और नीतीश से मांगा जवाब

मारन के इस विवादित बयान ने भाजपा को बैठे-बिठाये विपक्ष को घेरने का बड़ा मौका दे दिया है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि राजद मुखिया लालू और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वे इस टिप्पणी से सहमत है? उन्हें इस सवाल का जवाब देना चाहिए कि डीएमके और इंडिया गठबंधन में शामिल दलों को हिंदी भाषी इलाकों के लोगों से इतनी ज्यादा नफरत क्यों है। तमिलनाडु के भाजपा नेताओं ने भी मारन के बयान पर विरोध दर्ज कराया है।

### सहयोगी दलों में बढ़ सकती है खींचतान

भाजपा नेता अमित मालवीय और शहजाद पूनावाला ने भी इस टिप्पणी को लेकर सवाल उठाये हैं। मालवीय ने कहा कि विपक्षी गठबंधन का विभाजनकारी एजेंडा पूरे देश के सामने आ गया है। इस संबंध में राहुल गांधी और नीतीश कुमार को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने कहा कि यह एक सुनियोजित रणनीति है और कोई संयोग नहीं है। द्रमुक सांसद एस सेंथिलकुमार के आपत्तिजनक बयान के बाद अब द्रमुक सांसद दयानिधि मारन ने हिंदी भाषी उत्तर भारतीयों के खिलाफ अपमानजनक बयान दिया है। उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन में शामिल अन्य दलों की चुप्पी पर भी सवाल उठाये। भाजपा ने कहा है कि एक तरफ पीएम मोदी उत्तर-दक्षिण के बीच पैदा की गयी खाई को पाटने के लिए काशी-तमिल संगमम जैसी पहल कर रहे हैं और देश को सांस्कृतिक-राजनीतिक रूप से एकजुट कर रहे हैं, तो दूसरी तरफ कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दल इस तरह की विभाजनकारी टिप्पणी कर समस्या पैदा कर रहे हैं।

सियासी जानकारों का मानना है कि सीट शेयरिंग पर चर्चा शुरू होने से पहले इंडिया गठबंधन में छिड़ा यह घमासान विपक्षी दलों के लिए अच्छा संकेत नहीं है। विवादित टिप्पणियों के कारण आनेवाले दिनों में विपक्षी दलों के बीच खींचतान और बढ़ने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसी टिप्पणियों से कांग्रेस को ज्यादा नुकसान होगा। ऐसे भी उत्तर भारत और हिंदुओं के बीच कांग्रेस की राजनीतिक स्थिति हाशिये पर चली गयी है।

---

**राजनीतिक हलचल**

# 'मुझे सीएम बनाने में अटल जी की थी बड़ी भूमिका'

## वाजपेयी सरकार के दिनों को याद कर बोले नीतीश कुमार

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जन्म जयंती पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मीडिया से बातचीत के क्रम में नीतीश कुमार का अटल बिहारी वाजपेयी के प्रति आदर और प्रेम फिर एक बार सामने आया। नीतीश कुमार ने वाजपेयी सरकार के दिनों को याद किया और अपने लिए उनके अंदर के प्रेम को जाहिर किया। उन्होंने बताया कि बिहार का मुख्यमंत्री बनाने में भी अटल बिहारी वाजपेयी की बड़ी भूमिका रही है।

### नीतीश का वाजपेयी के प्रति आदर दिखा

रविवार को पटना के अटल पार्क में स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी गयी। सीएम नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने भी दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम नीतीश कुमार ने इस दौरान पत्रकारों से बातचीत के दौरान स्व. अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया। सीएम ने कहा कि वो मुझे बहुत मानते थे। उनके साथ मेरा रिश्ता काफी ज्यादा रहा। जब से हम सांसद रहे, तब से ही उनसे मजबूत संबंध रहा है। जब उनकी (अटल बिहारी वाजपेयी) सरकार बनी तो मुझे मंत्रालय की जिम्मेवारी उन्होंने दी थी। वो मुझे कितना मानते थे। नीतीश कुमार बोले कि उनका जो मेरे प्रति प्रेम था और उनके प्रति जो आदर का भाव मेरे अंदर है, वो जीवन भर रहेगा। वो जब तक प्रधानमंत्री रहे, तब तक किसी दूसरे धर्म के लोगों को भी कोई दिक्कत नहीं होती थी। नीतीश कुमार ने कहा कि वो बहुत अच्छे से सरकार चलाते थे। उनका काम काफी अच्छा होता था। मीटिंग में जब हम कुछ कहते थे तो तुरंत उसे स्वीकार करते थे। हर क्षेत्र में उन्होंने हमें मदद की है। उनके प्रति मेरा बहुत अधिक लगाव है।



### आइएनडीआइए गठबंधन को लेकर बोले

बताते चलें कि रविवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान नीतीश कुमार ने विपक्षी दलों के गठबंधन आइएनडीआइए से जुड़े भी कई सवालों के जवाब दिये। सीएम ने अपनी नाराजगी की चर्चा को गलत बताया और कहा कि वो इंडिया गठबंधन से बिल्कुल नाराज नहीं हैं। सीट शेयरिंग पर जल्द ही बात बन जायेगी। सभी मिल कर चुनाव लड़ेंगे। वहीं पीएम पद को लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें किसी चीज की कामना नहीं है।

---

**मध्यप्रदेश में मोहन सरकार का मंत्रिमंडल विस्तार**

# 18 विधायकों को कैबिनेट और 10 विधायकों को राज्य मंत्री के रूप में दिलायी गयी शपथ

सोमवार को मध्यप्रदेश में डॉ मोहन यादव सरकार का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने 28 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलायी। इनमें से 18 विधायकों को कैबिनेट और 10 विधायकों को राज्य मंत्री के रूप में शपथ दिलायी गयी। 28 मंत्रियों में सात सामान्य वर्ग, 11 ओबीसी वर्ग, छह एससी वर्ग और चार एसटी वर्ग से हैं।




### शिवराज सरकार के 19 मंत्री जीत कर आये, छह को मिली जगह

**नये मंत्रिमंडल में शिवराज सरकार के केवल छह मंत्रियों को ही जगह मिली। शिवराज सरकार में कुल 33 मंत्री थे। इनमें से 31 चुनावी मैदान में उतरे थे। 12 मंत्री चुनाव हारे, जबकि 19 मंत्री जीत कर फिर से विधानसभा पहुंचे। इनमें से मोहन यादव मुख्यमंत्री, जगदीश देवड़ा और राजेंद्र शुक्ला डिप्टी सीएम के रूप में शपथ ले चुके हैं। बचे 16 में से 10 को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है।**

### कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली

कुल 18 विधायकों ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। सबसे पहले कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, करण सिंह वर्मा, उदयप्रताप सिंह ने एक साथ शपथ ली। उसके बाद कुंवर विजय शाह, तुलसीराम सिलावट, एदल सिंह कंशाना, निर्मला भूरिया, गोविंद सिंह राजपूत, विश्वास सारंग ने शपथ ली। तीसरी बार में नारायण सिंह कुशवाह, नागर सिंह चौहान, चैतन्य कश्यप, इंदर सिंह परमार, राकेश शुक्ला, प्रद्युम्न सिंह तोमर ने शपथ ली। चौथी बार में संपतिया उइके ने अकेले शपथ ली।

**छह राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) :** कृष्णा गौर, धर्मेंद्र लोधी, दिलीप जायसवाल, लखन पटेल, नारायण सिंह पंवार, गौतम टेटवाल ने एक साथ शपथ ली।

**चार राज्य मंत्री :** नरेंद्र शिवाजी पटेल, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह, दिलीप अहिरवार

**पहली बार जीत कर आये छह विधायक मंत्री बने :** प्रहलाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, संपतिया उइके, नरेंद्र पटेल, प्रतिमा बागरी, राधा सिंह पहली बार चुनाव जीत कर आये हैं। इनमें प्रहलाद सिंह पटेल दमोह से सांसद और केंद्र में मंत्री थे। वे नरसिंहपुर सीट से चुनाव जीत कर विधानसभा पहुंचे हैं। राकेश सिंह जबलपुर से सांसद थे। वे जबलपुर पश्चिम से जीत कर विधायक बने।

**सिंधिया समर्थक तीन विधायक मंत्री बने :** केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक तीन विधायकों तुलसी सिलावट, गोविंद सिंह राजपूत और प्रद्युम्न सिंह तोमर को कैबिनेट मंत्री बनाया गया है। इनके अलावा शिवराज सरकार में मंत्री रहे प्रभुराम चौधरी और बृजेंद्र सिंह यादव को मोहन मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.3 °c | 12.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.10 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 06.28 बजे | |



## झारखंड सरकार की चौथी वर्षगांठ पर सौगात

# 13 योजनाएं करेंगे लांच सीएम हेमंत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में 29 दिसंबर को हेमंत सोरेन सरकार के चार साल पूरे होने पर 13 योजनाओं के आवेदकों को लाभ मिलेगा। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, फुलो- झानो आशीर्वाद योजना, साइकिल के लिए डीबीटी, सामुदायिक और व्यक्तिगत वन पट्टा, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, केसीसी योजना, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, कंबल योजना, धोती- साड़ी- लुंगी वितरण योजना, मुख्यमंत्री खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत ग्रीन राशन कार्ड का वितरण किया जायेगा।

**कई योजनाओं का होगा शुभारंभ**



: कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार कई योजनाओं का शुभारंभ करेगी। नयी परियोजनाओं का शिलान्यास, पूर्ण हो चुकी योजनाओं का उद्घाटन, नियुक्ति पत्र का वितरण और फोकस्ड स्कीम के लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जाना है।

### मुख्य सचिव करेंगे जिलों के डीसी के साथ बैठक

सरकार के चार साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव एल ख्यिांग्ते ने सभी जिलों के डीसी के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग आयोजित की है। मंगलवार को वह मोरहाबादी में मुख्य कार्यक्रम में आनेवाले लाभुकों, योजनाओं और परिसंपत्तियों के लाभुकों को लेकर जिलों के डीसी के साथ चर्चा करेंगे।

सभी जिलों के डीसी को निर्देश दिया गया है कि वह अपने जिले के लाभुकों का चयन कर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करें। लाभुकों को सुरक्षित रूप से रांची लाने और ले जाने के लिए वाहन की व्यवस्था और पर्याप्त संख्या में नोडल पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति का आदेश भी दिया गया है।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियां बढ़ेगी,परिश्रम व प्रयास से सभी कार्य पूरे होंगे।
- **वृष** — विपरीत स्थितियों में सुधार होगा,प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा।
- **मिथुन** — रोजी-रोजगार के क्षेत्र में लाभकारी वातावरण की शुरूआत है, नये काम में लाभ मिलेगा।
- **कर्क** — नए सम्पर्क बनेंगे,शत्रुओं पर विजय,समाज से सदभावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा।
- **सिंह** — नौकरी-व्यापार की क्षेत्र में सफलता, आदर-सम्मान एवं कर्मबल की वृद्धि होगी।
- **कन्या** — रोग-शोक-दुःश्चिन्ताएं दूर होगी, नई आशाओं का उदय होगा,धैर्य व साहस से सभी कार्य पूरे होंगे।
- **तुला** — विविध समस्याओं का समाधान, परिश्रम से इच्छित सफलता की ओर अग्रसर रहेंगे।
- **वृश्चिक** — राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन।
- **धनु** — रुके कामों में प्रगति, सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।
- **मकर** — आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी, साहसिक कार्य में सफलता, पारिवारिक सुख-साधनों में वृद्धि।
- **कुंभ** — लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।
- **मीन** — मीन-चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी,रोजी-रोजगार में परिश्रम का फल मिलेगा।

# विकसित भारत के प्रणेता थे अटल: बाबूलाल मरांडी

**युगों-युगों तक याद किये जायेंगे झारखंड निर्माता वाजपेयी : कर्मवीर सिंह**

**अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में बूथ स्तर पर मनाया गया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद/रांची।** प्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को प्रदेश में बूथ स्तर तक भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में बूथ स्तर पर मनाया। सभी 27 सांगठनिक जिलों एवं 513 मंडलों में श्रद्धेय अटल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित संगोष्ठी और काव्यांजलि का आयोजन हुआ। पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा कई स्थानों पर सेवा कार्य, फल, कंबल का वितरण भी किया गया।

धनबाद महानगर भाजपा द्वारा आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने धनबाद में अटल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मरांडी ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी अपने ध्येय और विचारों के प्रति सदैव अटल रहे। उन्होंने कहा कि अटल जी ने विकसित और स्वाभिमानी भारत का सपना देखा। इसके लिए उन्होंने सुशासन पर बल दिया। जिसका सीधा संबंध अंतिम व्यक्ति तक विकास की पहुंच है। उन्होंने सुशासन से अंत्योदय का मार्ग प्रशस्त किया। श्री मरांडी ने कहा कि अटल जी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से शहर और गांव की दूरियां घटायीं। स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने जीटी रोड सहित देश के प्रमुख राजमार्गों का पुनरुद्धार किया।

सर्व शिक्षा अभियान ने बुनियादी शिक्षा में संसाधनों की कमी दूर की। उन्होंने कहा कि अटल जी ने केवल अलग राज्य ही नहीं बनाया बल्कि जनजाति समाज के तीव्र विकास केलिए अलग मंत्रालय बनाये, संथाली भाषा को संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल किया। कहा कि अटल जी ने विकास कार्यक्रमों के साथ देश के स्वाभिमान और गौरव को बढ़ाया। अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्रीय सुरक्षा से कभी समझौता नहीं किया।

आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार अटल जी के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि अटल जी अजातशत्रु रहे। विरोधी भी उनका सम्मान करते थे।




### अटल जी ने जो कहा वह किया : कर्मवीर सिंह

प्रदेश भाजपा कार्यालय में श्रद्धेय अटल जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि एक राष्ट्रभक्त विराट व्यक्तित्व का नाम है अटल बिहारी वाजपेयी। ऐसा व्यक्तित्व जो कुशल संगठक हो, दूर दृष्टा राजनेता हो, अजात शत्रु हो, कवि, लेखक हो, ओजस्वी वक्ता हो विरले ही जन्म लेते हैं। कहा कि अटल जी ने जो कहा वह किया। झारखंड की जनता उन्हें कभी नहीं भूल सकती। उन्होंने प्रधानमंत्री बनते ही वर्षों पुरानी अलग राज्य के सपनों को साकार किया।

विधानसभा परिसर स्थित अटल जी की प्रतिमा पर भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी सहित महानगर जिला अध्यक्ष केके गुप्ता एवं अन्य ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। प्रदेश कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सूर्यमणि सिंह, नवीन जायसवाल, काजल प्रधान, दीपक बंका, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, मनोज सिंह, शिवपूजन पाठक, परमा सिंह, प्रेम मित्तल, रमेश पुष्कर, अशोक बड़ाईक, तारिक इमरान, प्रतुल शाहदेव, राजश्री जयंती, गुरविंदर सिंह सेठी, संदीप वर्मा, राहुल अवस्थी, उषा पांडेय, अरुण झा, अजय राय, बबन गुप्ता, सीताराम रवि, निशि जायसवाल, आरती कुजूर, सीमा सिंह, जयश्री इंदवार, कमाल खान, काजिम कुरैशी आदि शामिल थे।

## सीए मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका में त्रुटि दूर करने का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मनी लांड्रिंग में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम केस से जुड़े सीए मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट ने मामले के चार्जशीटेड आरोपी मुकेश मित्तल की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रार्थी को याचिका की त्रुटि दूर करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई स्थगित कर दी। दरअसल, मुकेश मित्तल पर वीरेंद्र राम की काली कमाई के लगभग 14 करोड़ रुपये को सफेद करने का आरोप है। इसके एवज में उसे मोटी रकम कमीशन के रूप में मिलती थी। इसके लिए उसने अपने कर्मचारियों के बैंक खातों का इस्तेमाल किया था। बता दें कि पूर्व में मुकेश मित्तल की व्यक्तिगत उपस्थिति से छूट संबंधी याचिका को यह कोर्ट खारिज कर चुका है। वहीं उनकी अग्रिम जमानत याचिका को भी इडी कोर्ट ने 16 दिसंबर को खारिज कर दिया था, इसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की गयी है।

## वाजपेयी इतिहास पुरुष थे : संजय सेठ

**भाजपा कार्यकर्ताओं को वाजपेयी जी के बताये मार्ग पर चलने की आवश्यकता है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा डोरंडा मंडल ने सोमवार को अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें सांसद संजय सेठ विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी आज हमारे बीच नहीं हैं लेकिन उन्हें निसंदेह बापू और नेहरू जैसे उन महापुरुषों की श्रेणी में रखा जा सकता है जिनका पूरा जीवन एक मिसाल है। उनके व्यक्तित्व और विचारों से सीख लेकर उन्हें अपने जीवन में उतरना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार देश के प्रधानमंत्री बने। हम सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके बताये मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। वह एक ऐसे नेता थे जो पार्टी से ऊपर उठकर सभी दल के लोग उन्हें सम्मान देते थे।



कार्यक्रम में मंडल के अध्यक्ष पप्पू वर्मा, सरदार अशोक सिंह, बीके विजय, संजय पोद्दार, पियूष विजय, मुकेश गुप्ता, रोहित शारदा, शंभू गुप्ता, रोहित ठाकुर, अनिल प्रधान, रेखा देवी, नम्रता सोनी, अनिल विजय, जितेंद्र कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 2024 से झारखंड की ऊर्जा जरूरतें होंगी पूरी

# 1020 मेगावाट बिजली मिलेगी

**झारखंड में 2500 मेगावाट बिजली की है जरूरत**

**सेंट्रल पूल से ली जा रही 900 मेगावाट बिजली**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अगले साल 2024 से भरपूर बिजली मिलेगी। राज्य में स्थापित पावर प्लांटों से 1020 मेगावाट बिजली मिलेगी। नॉर्थ कर्णपुरा पावर प्लांट से 340 मेगावाट बिजली मिलेगी। नॉर्थ कर्णपुरा थर्मल प्लांट से 660 मेगावाट की तीन यूनिटों से कुल 1980 मेगावाट बिजली उत्पादन होना है। पहली यूनिट से करीब 170 मेगावाट बिजली झारखंड को मिलती है। दूसरी यूनिट से अगले साल फरवरी तक और 170 मेगावाट बिजली मिलनी है। प्रोजेक्ट पूरा होने पर झारखंड को 500 मेगावाट बिजली मिलेगी।

**पतरातू से 680 मेगावाट मिलेगी बिजली :** पतरातू थर्मल पावर प्लांट से अगले साल अप्रैल जून में पहली यूनिट से 800 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू होगा। राज्य सरकार और एनटीपीसी के साथ हुए समझौते के अनुसार 85 फीसदी बिजली राज्य सरकार को मिलेगी। इस हिसाब से झारखंड को पहली यूनिट से 680 मेगावाट बिजली मिलेगी। झारखंड में फिलहाल 2500 से 2600 मेगावाट बिजली की डिमांड है।

## बंधु तिर्की 4 फरवरी को करेंगे मोरहाबादी में आदिवासी एकता रैली

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि आदिवासियों के समन्वित, संतुलित, भेदभाव रहित और संपूर्ण विकास के लिए अगले 4 फरवरी 2024 को राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड जनाधिकार मंच द्वारा आदिवासी एकता महारैली का आयोजन किया जायेगा। श्री तिर्की ने कहा कि इस महारैली में न केवल आदिवासियों के मुद्दे पर गहन विमर्श करते हुए आदिवासियों को वास्ताविक जमीनी स्थिति से परिचित कराया जायेगा, बल्कि आवश्यकता होने पर तीव्र आंदोलन का भी फैसला लिया जायेगा। श्री तिर्की ने कहा कि यह चुनावी साल है और अब तक केवल अपने मतलब के लिए आदिवासियों को माध्यम बना कर स्वार्थी तत्वों ने अपना उल्लू सीधा किया है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। लेकिन अबकी बार आदिवासियों को केवल अपने मतलब के लिए वैसे स्वार्थी और समाज विरोधी तत्वों का हथियार और आहार नहीं बनने देंगे। श्री तिर्की ने कहा कि आदिवासी, जल, जंगल और जमीन के पुजारी हैं और स्वाभाविक रूप से अपेक्षाकृत कहीं अधिक भोले-भाले होने के साथ ही वे स्वाभिमानी भी हैं और इसी के कारण उन्हें बरगलाना बहुत ज्यादा आसान है। श्री तिर्की ने कहा कि आदिवासियों की इन्हीं कमजोरी के कारण स्वतंत्रता के 75 साल के बाद भी आज आदिवासियों की स्थिति दयनीय बनी हुई है और वे अपने जीवन की जटिल समस्याओं से जूझते हुए भोजन, वस्त्र, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि के लिए तो संघर्ष कर ही रहे हैं साथ-साथ अपनी जमीन से भी हाथ धोते जा रहे हैं।



श्री तिर्की ने कहा कि किसी भी हाल में और किसी भी परिस्थिति में आदिवासियों को अपने-आपको संभालना पड़ेगा और इसी के मद्देनजर झारखंड जनाधिकार मंच द्वारा आदिवासी एकता महारैली का आयोजन किया गया है।

श्री तिर्की ने आदिवासियों से अपील की कि वे अपने बीच किसी भी प्रकार के भेदभाव का उन्मूलन करने और अपनी विचारधारा को बचाने के लिए आदिवासियत और आदिवासी संस्कृति के साथ एकजुट हो जायें।

# निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि : सुदेश महतो

**झारखंड उदय में अटल जी का योगदान हमेशा याद रखा जायेगा**

**आजसू पार्टी ने राज्यभर में शहीद निर्मल महतो, अटल बिहारी वाजपेयी और मदन मोहन मालवीय की जयंती मनायी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी निर्मल महतो के विचारों और सपनों का संगठन है। उनके आंदोलन में दिये गये योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। राज्य के प्रति उनकी परिकल्पना को यथार्थ में बदलने तक हम संघर्ष करते रहेंगे। झारखंड अलग राज्य के निर्माण के लिए अपने बहुमूल्य जीवन का बलिदान देने वाले शहीद निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। उनकी शहादत ने इस आंदोलन को बल दिया। झारखंड निर्माण में निर्मल महतो के नेतृत्व और योगदान के लिए सभी झारखंडवासी हमेशा उनके ऋणी रहेंगे। झारखंड के भविष्य की कल्पना उनकी सोच में छिपी हुई थी। उक्त बातें पूर्व उपमुख्यमंत्री सह पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने शहीद निर्मल महतो जयंती के अवसर पर रांची के जेल चौक स्थित निर्मल महतो की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करने के दौरान कहीं।

मौके पर उन्होंने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि अटल जी ने भारतीय राजनीति को एक नयी ऊंचाई और एक नया मुकाम दिया। झारखंड उदय में उनका योगदान हमेशा याद रखा जायेगा। उन्होंने देश में एक श्रेष्ठ राजनेता के तौर पर खुद को स्थापित किया था। इस दौरान सुदेश महतो ने महामना मदन मोहन मालवीय की जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि मदन मोहन मालवीय जी के शिक्षा एवं समाज के हित में किये गये कार्यों को हमेशा स्मरण में रखा जायेगा।

**शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा का हुआ अनावरण :** शहीद निर्मल महतो की 73वीं जयंती के अवसर पर जुगसलाई विधानसभा अंतर्गत बोड़ाम प्रखंड के मुकरुडीह-हलुदबनी मोड़ पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया गया। प्रतिमा का अनावरण आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव सह पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने किया।



### आजसू ने शहीद निर्मल महतो की जयंती मनायी

आजसू के संस्थापक सह झारखंड आंदोलनकारी शहीद निर्मल महतो की जयंती पर आजसू पार्टी द्वारा राज्य के सभी गांवों, पंचायतों, प्रखंडों, विधानसभा क्षेत्रों और जिलों में सभाओं का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्मल महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उनकी सोच को जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

## डीआइजी आरपीएफ संतोष दुबे को बड़ी राहत

**रांची (आजाद सिपाही)।** एडीजी ट्रेनिंग प्रिया दुबे के पति धनबाद के तत्कालीन सीनियर कमांडेंट आरपीएफ संतोष कुमार दुबे को झारखंड हाइकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। विभागीय कार्यवाही पर रोक के बावजूद रेलवे बोर्ड, नयी दिल्ली द्वारा संतोष को प्रीमेच्योर रिटायरमेंट देने पर झारखंड हाइकोर्ट ने रोक लगा दी है। संतोष दुबे वर्तमान में डीआइजी आरपीएफ पद पर लखनऊ में पदस्थापित हैं।

दरअसल, संतोष कुमार दुबे चक्रधरपुर, धनबाद और रांची डिवीजन में पदस्थापित रहे थे। इस दौरान उन पर 1.48 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति के मामले में सीबीआइ ने दानापुर में 10 जुलाई 2013 को केस दर्ज किया था। इसके बाद आरपीएफ नयी दिल्ली ने संतोष कुमार दुबे के खिलाफ विभागीय कार्यवाही चलाने का आदेश दिया। संतोष की अधिकांश पोस्टिंग झारखंड में हुई थी। इसी दौरान उन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगा था।

# पेयजल योजनाओं के टेंडर में हो रहा खेल : चंदप्रकाश चौधरी

**आजसू सांसद ने अभियंता प्रमुख के विरुद्ध मुख्य सचिव एवं विभागीय सचिव को पत्र लिखकर की शिकायत, दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई का किया अनुरोध**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष व सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग में तय नियमों को ठेंगा दिखाते हुए बगैर कायार्नुभव फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होकर लाखों का न्यारावारा कर टेंडर आवंटन का खेल चल रहा है। इस खेल में अभियंता प्रमुख अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। यही नहीं फर्जी दस्तावेज के आधार पर नियम विरुद्ध टेंडर आवंटित करने का खेल तो चल ही रहा है। साथ ही टेंडर मैनेज करने खेल में एक योजना का तो बार-बार टेंडर हो रहा है। इस बार तो हद तो तब हो गयी कि जब बगैर कायार्नुभव फर्जी दस्तावेज के आधार पर टेंडर आवंटित करने की दिशा में फाइल तेजी से संबंधित पदाधिकारी व अभियंता के बीच घूम रही है। उन्होंने कहा है कि यह मामला क्षेत्र भ्रमण के दौरान आया है और इस की जांच मंत्रिमंडल निगरानी विभाग की तकनीक परीक्षण कोषांग से कराकर दोषी पदाधिकारियों व संवेदकों के खिलाफ सख्त अनुशासनिक, प्रशासनिक व आपराधिक कार्रवाई करने की जरूरत है। उन्होंने इसको लेकर राज्य के मुख्य सचिव व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव को पत्र भी लिखा है। उन्होंने कहा कि डुमरी प्रखंड में बिना कायार्नुभव प्रमाण पत्र का मेसर्स तपेश्वर सिंह को गिरिडीह -।। प्रमंडल के अंतर्गत डुमरी प्रखंड में विभागीय अभियंता प्रमुख व निविदा समिति के अन्य सदस्यों ने भ्रष्टाचार में लिप्त होकर करोड़ों का न्यारावारा करते हुए नियम विरुद्ध तरीके से ससारखों जलापूर्ति योजना (प्राक्कलित राशि करीब 25 करोड़) व बेढ़ा सुइयाडीह जलापूर्ति योजना( प्राक्कलित राशि करीब 25 करोड़) आदि कई योजनाओं का टेंडर आवंटन किया गया है। इसी प्रकार खूंटी प्रमंडल में सुंदरी पोंडा नगर ग्राम जलापूर्ति योजना (प्राक्कलित राशि करीब 35 करोड़) के टेंडर आवंटन में नियमों की घोर अनदेखी की गयी है। इसके साथ ही रांची पूर्वी, रांची पश्चिम व अन्य प्रमंडल के अंतर्गत भी दर्जनों टेंडरों का आवंटन बिना कायार्नुभव प्रमाण पत्र व जरूरी दस्तावेज के भ्रष्टाचार में आकंठ डूब कर अभियंता प्रमुख व टेंडर समिति के अन्य सदस्यों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कर दिया है।



## आशा का प्रतीक है क्रिसमस पर्व: अंबा प्रसाद

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर क्षेत्र वासियों को क्रिसमस की शुभकामनाएं दी। विधायक ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के महटिकरा स्थित चर्च में पास्टर नकुल महतो के नेतृत्व में आयोजित प्रार्थना में पहुंच कर विशेष प्रार्थना में शामिल हुई। विधायक ने कहा कि क्रिसमस का त्यौहार प्रेम सद्भाव व आशा का प्रतीक है। क्रिसमस का यह दिन भगवान यीशु मसीह के जन्म की खुशी में मनाये जाने वाला पर्व है जिन्होंने संपूर्ण विश्व को शांति प्यार व दया का संदेश देकर एकता की राह दिखाने का कार्य किया है। विधायक ने समस्त विधानसभा क्षेत्र वासियों से अपील किया कि हम सभी को हमारे जीवन के हर क्षण, हर दिन को लोगों के साथ शांति प्रेम और मेल मिलाप से जीना चाहिए। वहीं विधायक ने इस दौरान घोषणा किया की महटिकरा से चर्च रोड और नहर जाने वाली सड़क का निर्माण बहुत जल्द शुरू करवाया जायेगा इस संबंध में विभाग द्वारा प्राक्कलन भी तैयार कर लिया गया है जल्द स्वीकृति प्रदान करवा कर कार्य को धरातल पर उतर जायेगा।

## डिवाइन स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** डिवाइन पब्लिक स्कूल मे सोमवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विधायक अमित कुमार यादव व प्रमुख रेनू देवी ने मशाल जला कर किया। मौके पर जिप प्रतिनिधि सीके पांडेय मुखिया कमलेश कुमार समेत कई लोग उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में छठी से ग्यारहवीं कक्षा तक की छात्राओं ने 15 से अधिक खेलों में अपनी प्रतिभा और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मौके पर अमित कुमार यादव ने कहा की शिक्षा का छात्र जीवन में जितना महत्व है, उतना ही खेलों का भी है। बच्चों में खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य को लेकर ही स्कूल में स्पो?र्टस मीट का आयोजन किया गया गया है। जिसमें बच्चों के बीच 50 मीटर रेस, 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, रिले रेस, बिस्कुट रेस, जलेबी रेस, खो-खो, वॉलीबॉल, और बैडमिंटन जैसे खेलो का आयोजन किया गया। स्पोर्ट्स मीट के अंत में विभिन्न खेलों में पहला, दूसरा स्थान हासिल करने वाले छात्र पुनीत, चंदन, पिंटू, पुरुषोत्तम, कुंदन, मनीषा और अन्य छात्रों को विद्यालय के निदेशक इंद्रदेव प्रसाद भारती और प्रधानाचार्या स्वाती ने संयुक्त रूप से मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक ने कहा की बच्चों को मोबाइल फोन का प्रयोग सिर्फ शिक्षा के लिए करना चाहिए और इसका अधिकतर प्रयोग बंद करके दिन में 10 से 15 मिनट कसरत करनी चाहिए। इवेंट समाप्ति के वक़्त प्रधानाचार्या ने सभी लोगों का अभिवादन किया और सभी विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। इस स्पोर्ट्स मीट को सफल बनाने मे सभी शिक्षकों का अहम योगदान रहा।

## प्रेस क्लब ने वन भोज का किया आयोजन



**दारू /हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दारू प्रेस क्लब के पत्रकारों ने सोमवार को धरधरवा कारीझरना सिवाने नदी में वन भोज का आयोजन किया जिसमें सभी पत्रकारों ने इसका लुत्फ उठाया। वन भोज कार्यक्रम के दौरान स्वच्छ पत्रकारिता को लेकर चर्चा की गयी। जिसमें दारू प्रेस क्लब के अध्यक्ष बसंत नारायण ने कहा की हम सभी पत्रकार समाज का एक दर्पण है समाज में फैली कुरीतियों का उजागर करना हमारा कर्तव्य है अपनी स्वच्छ पत्रकारिता पर किसी भी प्रकार की आंच न आने दे। वही सचिव महेश कुमार ने प्रखंड और अंचल में हों रहें भ्रष्टाचार को उजागर करने की बात कही। कोषाध्यक्ष रौशन सिन्हा ने इस परिचर्चा में कहा कि एक पत्रकार हमेशा समाज हित के बारे में सोचता है, लेकिन वन भोज के बहाने हम सभी पत्रकार एक साथ मिल पाए है। परिचर्चा के अंत में क्लब के सभी सदस्यों ने प्रखंडवाशियों को नव वर्ष की अग्रिम बधाई दिया और नए वर्ष को अच्छे से मनाने की अपील की। कार्यक्रम में देवनारायण कुमार, जयनारायण कुमार, राजन सिन्हा, धीरज पुरी, सुमन सिन्हा, बजरंग सहाय, सुनील कुमार, रंजीत कुमार, पप्पू ठाकुर, दिनेश कुमार, दयाल राम, राहुल सिंह मौजुद थे।

## मरीज लेकर आये ऑटो के टायर की चोरी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सदर अस्पताल कोडरमा में सोमवार को मरीज के इलाज के लिए लेकर पहुंचे ऑटो के टायर की अज्ञात लोगों ने चोरी कर ली। मामले को लेकर ऑटो के मालिक विजय कुमार शर्मा ने बताया कि सोमवार को वह ऑटो से कुछ लोगों को सदर अस्पताल कोडरमा इलाज के लिए लेकर पहुंचे थे। जिसके बाद सदर अस्पताल में उन्होंने अपने ऑटो को शौचालय के समीप खड़ा किया था। करीब एक डेढ़ घंटे बाद जब वापस लौटे तो उन्होंने देखा कि उनके ऑटो का एक टायर खोलकर नीचे ईंटा लगा दिया गया है। उन्होंने सदर अस्पताल प्रशासन से मामले के जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, चार घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़-बगोदर एनएच 522 स्थित चलनिया में सोमवार को टाटा मैजिक के पलटने से एक युवक की मौत हो गयी। वही चालक समेत चार गंभीर रूप से घायल हो गये। मिली जानकारी के मुताबिक विष्णुगढ़ के नावाडीह से पिकनिक मनाने अलकोपी जा रहे थे। कि चलनिया में टाटा मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिससे 20 वर्षीय सुमित कुमार पिता राजेश रवानी की मौत मौके पर हो गयी और चालक समेत चार युवक घायल हो गये। घायलों में चालक सूरज कुमार पिता संतोष साव, कुंदन कुमार पिता मनोज साव, अनुज कुमार पिता बितन साव और आशीष कुमार पिता बीरेंद्र रवानी शामिल हैं। घायलों को विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लाया गया था। जहा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल कुंदन कुमार और आशीष कुमार को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर रेफर किया गया।

# चार साइबर अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** थाना पुलिस ने चार साइबर आरोपी को पकड़ कर जेल भेजा है। इस बाबत थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देश पर प्रतिबिंब एप के माध्यम से थाना क्षेत्र के मासीपीढी निवासी सुजीत कुमार पिता रामा राम, सोनू कुमार पिता किशोर राम बरवां निवासी अंगेश्वर कुमार पिता चौधरी महतो और कपका निवासी सोनू कुमार पिता भीम महतो के द्वारा अपने मोबाइल से व्हाट्सएप के जरिये स्कॉट सर्विस वेबसाइट के माध्यम से लोगों को अलग-अलग नंबरों से संपर्क करके मोबाइल पर स्कोका और सिंपल एस्कॉर्ट्स सर्विस वेबसाइट के जरिए लड़कियों महिलाओं का आपति जनक तस्वीर भेजकर उनसे सर्विस दिलाने के नाम पर ठगी कर रहा है। इसके आधार पर छापामारी कर बरकट्ठा थाना कांड संख्या 237/23 के तहत अंकित कर प्राथमिक अभियुक्तो को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विदित हो कि साइबर क्राइम को अंकुश लगाने के लिए पुलिस लगातार गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। जिससे साइबर आरोपीयों में हड़कंप मचा हुआ हैं। वहीं कई साइबर आरोपी स्थान को बदल कर घटना को अंजाम दे रहे हैं।

## सखी मंडलों की बहनों के सम्मान में विधायक ने शुरू की एक अनोखी पहल

**आधी आबादी की मजबूती के बिना समाज और देश का विकास कदापि संभव नहीं- मनीष जायसवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** विधायक मनीष जायसवाल सरकारी और गैर सरकारी स्तर से विभिन्न योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र की जनता को तो लाभ पहुंचाते ही हैं निजी स्तर पर भी कमोवेश हरेक साल एक वे कई अनोखी योजना की शुरूआत भी करते आ रहें हैं। पूर्व में विधायक मनीष जायसवाल अपने विधानसभा क्षेत्र के युवाओं के लिए नमो खेल श्रृंखला, बहन/बेटियों के शादी से उनके उनके बीच लहंगा वितरण, कई पर्व/त्यौहारों के उपलक्ष्य में क्षेत्र की माता बहनों के बीच साड़ी वितरण, शोकाकुल जरूरतमंद परिवारों के बीच नमो श्राद्ध राशन किट, कोरोना काल के दौरान विशेष सेवा अभियान, कपड़े का थैला वितरण, हाल ही में 25 जोड़े निर्धन बेटियों का सामूहिक विवाह के उपरांत अब क्षेत्र में कार्यरत सखी मंडलों की बहनों के बीच आकर्षक कालीन वितरण अभियान की शुरूआत उन्होंने रविवार को कटकमसांडी प्रखंड के ग्राम पंचायत ढौठवा स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय, ढौठवा के प्रांगण से कर दिया। यहां ढौठवा पंचायत के कुल 07 गांव जिसमें ढौठवा, कोनहर, मारीगढ़ा, मनार, गुरी, आमझर और बचरा के कुल 77 सखी मंडलों की हजारों दीदियों संग सीधा संवाद किया और अपनी और से सभी सखी मंडलों/ महिला समूहों के बीच आकर्षक कालीन का वितरण किया। विधायक मनीष जायसवाल भेंट किये गये कालीन को उन्होंने बेहद ही आकर्षक डिजाइन में अपने नाम और बीजेपी के लोगों के साथ बनवाया है। जिसमें एक साथ ग्रुप की दर्जनों बहनों के बैठने के उपयुक्त है। जेएसएलपीसी द्वारा संचालित सखी मंडलों की बहनों ने विधायक मनीष जायसवाल के इस पहल की खूब प्रशंसा की और महिलाओं के सम्मान में उनके इस सार्थक सोच के लिए उन्हें साधुवाद दिया ।

## भाजपा पूर्वी मंडल ने मनायी वाजपेयी जी की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** भाजपा पूर्वी मंडल कमेटी इचाक के तत्वाधान में मंडल अध्यक्ष जयनंदन मेहता के नेतृत्व में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण अर्पित करते हुए सुशासन दिवस के रूप में दरिया स्थित दुर्गा मडा के प्रांगण में मनायी गयी। उपस्थित सभी लोगों ने उनकी जयंती के अवसर पर फूल अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया और उनके कार्यों पर प्रकाश डाला। जयंती कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के जिला महामंत्री अरविंद मेहता, सांसद प्रतिनिधि हरिहर प्रसाद मेहता, ओमप्रकाश मेहता, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मनोज मेहता, आरएसएस के केदार सिंह, विनोद प्रसाद मेहता, मीडिया प्रभारी राहुल राणा, समाजसेवी अशोक प्रसाद मेहता, राजू मिश्रा, मिथिलेश मिश्रा, प्रियंका देवी, ममता देवी, गुड्डी कुमारी, विजय प्रसाद मेहता समेत कई लोग शामिल थे। इस अवसर पर अयोध्या से आये अक्षत वितरण पर भी चर्चा पर चर्चा की गयी।

## आजसू के कार्यकर्ताओं ने निर्मल महतो की मनायी जयंती



**विष्णुगढ़। यहां के अस्पताल चौक में आजसू पार्टी के कार्यकताओं ने निर्मल महतो को जयंती मनाई। इस अवसर पर उनके जीवन पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुवे कहा गया कि झारखंड अलग राज्य की लड़ाई में उनके संघर्ष को भुलाया नही जा सकता। मौके केंद्रीय सदस्य रंजीत गुप्ता, प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष दिपु अकेला, गौतम वर्मा, दिनेश साव, सुधीर कुमार, भागीरथ पटेल, प्रवीन मंडल, बाबू खान, राजेश साव, राज कुमार सिंह अनंत लाल महतो, पंकज महतो, सफीक खान, संतोष महतो, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।**

## अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के 55वें महाधिवेशन की तैयारी को लेकर बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा का 55 वा राष्ट्रीय महाधिवेशन कि व्यवस्थापक कमेटी की बैठक हजारीबाग परिसदन भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता व्यवस्थापक कमेटी के अध्यक्ष बबलू उर्फ राजकुमार कुशवाहा व संचालन बबलू कुशवाहा ने किया। बैठक मे निर्विरोध चुनाव संपन होने पर नये राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर राकेश महतो को बुके देकर स्वागत किया गया। बैठक में विनय कुशवाहा को मीडिया प्रभारी बनाया गया। साथ ही साथ व्यवस्थापक कमेटी के सारे उप समिति अध्यक्ष अपना अपना कमेटी दिसंबर के अंदर विस्तार कर अधिवेशन को सफल बनाये इस पर चर्चा किया गया। मौके पर सचिव निशांत सिंह, राष्ट्रीय सचिव अजय देव, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य विनोद कुशवाहा, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष बबलू कुशवाहा, हजारीबाग जिला अध्यक्ष सूरज कुशवाहा, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष बिंदु दांगी, रेणू देवी, शिबू मेहता, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अशोक महतो, सोशल मीडिया प्रभारी विकास कुमार, रामस्वरूप महतो, श्यामलाल प्रसाद, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष अवध किशोर, प्रखंड उपाध्यक्ष इचाक संतोष कुशवाहा, ईचाक प्रखंड अध्यक्ष सुनील तलवार और उदय मेहता शामिल थे।

## खरगू में हुई मोदी समाज की बैठक



**चलकुशा (आजाद सिपाही)।** मोदी बर्नवाल विकास संघ की बैठक चलकुशा प्रखंड के ग्राम खरगू के ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल के बगल में आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष कुमार मोदी तथा संचालन उपाध्यक्ष नंदकिशोर मोदी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत महाराजा अहिवरन के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलित तथा पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मोदी वर्णवाल विकास संघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुरेंद्र भाई मोदी तथा प्रदेश प्रवक्ता रामकुमार मोदी उपस्थित थे। मुख्य अतिथियों को शाल तथा अंग वस्त्र और सॉल देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि हमें अपने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार देना जरूरी है। बच्चे पढ़ लिखकर समाज से दूर हटते जा रहे हैं उन्हें समाज से जोड़ना चाहिए। प्रखंड स्तरीय कमेटी में अध्यक्ष कुमार मोदी, उपाध्यक्ष नंदकिशोर मोदी, सचिव अशोक बर्नवाल, उप सचिव विपिन प्रसाद बर्नवाल, कोषाध्यक्ष लखन लाल मोदी, मीडिया प्रभारी शशि रंजन प्रसाद बर्नवाल है। इसके अलावे कार्य समिति के सभी सदस्य मौजूद थे। कार्यक्रम में गीत संगीत का भरपूर आनंद लिया गया। अगले माह का बैठक ग्राम चलकुशा में आयोजित किया जायेगा। मौके पर जागेश्वर मोदी, दीपक कुमार मोदी, सुनील मोदी, विवेक मोदी, मनोहर मोदी, पवन मोदी, आलोक कुमार, किशोर मोदी, पिंटू मोदी, इंद्रदेव मोदी, रामसहाय मोदी, डॉक्टर विनय कुमार, फूल देव मोदी, अजय मोदी, मनीष कुमार, अमर कुमार, दयानंद मोदी, विष्णु बर्नवाल, भागीरथ मोदी, अनिल मोदी, राजू मोदी, विजय मोदी आदि उपस्थित थे।



## पारा शिक्षक 26 से बैठेंगे धरने पर

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर में सोमवार को टाटीझरिया प्रखंड के सहायक अध्यापक की बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता कालेश्वर मिश्रा ने की। बैठक में चर्चा हुई की हजारीबाग डीएसई संतोष गुप्ता के तुगलक्की फरमान एक दिन का मानदेय काटे जाने के खिलाफ हजारीबाग जिले के सभी पारा शिक्षक 26 दिसंबर से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। जिसमें टाटीझरिया प्रखंड के सभी पारा शिक्षक बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष रामाशीष कुमार, चंदन ठाकुर, तुलसीराम, पिंटू रविदास, बलराम प्रसाद कुशवाहा, जयप्रकाश नारायण, शबनम खातून, रंभा देवी, सुकावारो, नरेश ठाकुर, अशोक कुमार, रंजीत, नरेंद्र यादव, मोहन प्रसाद कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद, सरिता देवी, कुलदीप कुशवाहा आदि सैकड़ों पर शिक्षक उपस्थित रहे।

## असाध्य रोग पीड़ित को विधायक ने दी आर्थिक सहायता



**केरेडारी (आजाद सिपाही)। विधानसभा क्षेत्र की विधायक अम्बा प्रसाद ने हेवई पंचायत के पहरा गांव निवासी असाध्य रोग से ग्रसित खेमलाल साव पिता खैंटा साव को पचास हजार रुपए की सरकारी मदद उपलब्ध कराया है विदित हो की खेमलाल साव ब्रेन ट्यूमर रोग से ग्रसित हैं और उनका इलाज रांची के पल्स हॉस्पिटल में चल रहा है विगत दिनों परिजनों ने विधायक अंबा प्रसाद से इलाज में सहायता करने हेतु अनुरोध किया था जिसके बाद मुख्यमंत्री असाध्य रोग से विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा पचास हजार की सरकारी मदद उपलब्ध करायी गयी। विधायक अंबा प्रसाद ने असाध्य रोग से पीड़ित खेमलाल साव के परिजनों को रांची स्थित आवास में 50 हजार राशि की चेक सौंपी परिजनों ने विधायक अंबा प्रसाद का आभार व्यक्त किया।**

## अखिल भारतीय सिंदुरिया समाज का 10वां वार्षिकोत्सव सह सम्मेलन

# सिंदुरिया समाज से ही सनातन धर्म की शुरुआत हुई : डॉ नीरा यादव

गौतम पाल



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** देश और झारखंड स्तर पर सिंदुरिया समाज को एकजुट करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय सिंदुरिया समाज का 10 वां वार्षिकोत्सव एक दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। अड्डी बांग्ला रोड स्थित महेश्वरी भवन में सोमवार को आयोजित सम्मेलन का उद्घाटन समाज के राज्य कार्यकारी अध्यक्ष बुल्लू दास, बेगूसराय जिला अध्यक्ष शशि भूषण, आसनसोल जिला अध्यक्ष नीरज सिंदुरिया, कोडरमा जिला अध्यक्ष शीतल लाल, गोपालगंज महासचिव अवधेश सिंदुरिया, बोकारो महासचिव शंकर कुमार जमुई के राष्ट्रीय युवा मंच के अध्यक्ष धर्मराज दास आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक डॉ नीरा यादव, व विशिष्ट तिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष शालिनी गुप्ता मौजूद थी। मुख्य अतिथि डॉ नीरा यादव ने सम्मेलन में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सिंदुरिया समाज का गौरवपूर्ण इतिहास रहा है देश में समाज के लोगों की अच्छी खासी आबादी भी है। लेकिन सामाजिक आर्थिक, शैक्षणिक और राजनीति में स्थिति बदतर है। उन्होंने समाज के लोगों को हमेशा सहयोग देने की बात कही। वहीं विशिष्ट अतिथि शालिनी गुप्ता ने कहा कि हमारा प्रयास अन्य समाज की तरह इस समाज का भी विकास हो। इसके लिए उनसे जो बन पड़ेगा करने का आश्वसन दिया। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कोडरमा जिला अध्यक्ष शीतल लाल ने कहा कि शिक्षा के मामले में अन्य जातियों की तुलना में हमारा समाज पिछड़ा है जिस संख्या बल रहने के बावजूद राजनीतिक दल हमें अहमियत नहीं दे रहे हैं। वहीं बेगूसराय से आये जिला अध्यक्ष शशि भूषण ने कहा कि समाज को आगे ले जाने के लिए दहेज जैसी कूप्रथा प्रथा को समाप्त करना होगा तभी समाज आगे बढ़ सकता है उन्होंने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों को मदद कर आगे लाने की आवश्यकता पर बोल दिया। सम्मेलन के जरिये लोगों ने मंच से बुल्लू दास को राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने के साथ साथ समाज के धर्मशाला निर्माण करायें जाने पर जोड़ दिया। सम्मेलन का संचालन अवधेश सिंदुरिया व सुभाष गुप्ता ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर लखीसराय देवघर के मुकेश डॉन, बेगूसराय राष्ट्रीय मार्गदर्शन के विश्वनाथ प्रसाद, दरभंगा जिला अध्यक्ष बैजनाथ दास, डॉ गाजो मोदी, समस्तीपुर जिला अध्यक्ष अनिल कुमार दास, जमुई राष्ट्रीय युवा मंच के अध्यक्ष संतोष गुप्ता, लखीसराय के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवनंदन दास समेत कोडरमा के सुनील कुमार गुप्ता, अशोक कुमार दास, शंकर प्रसाद गुप्ता, आनंदी गुप्ता, विनय लाल, बबलू लाल, रंजीत गुप्ता, बजरंगी गुप्ता, जय राम गुप्ता, वालदेव लाल, पप्पू कुमार श्रीवास्तव, रंजीत कुमार श्रीवास्तव, यशवंत श्रीवास्तव, भगेलु मोदी व पंकज श्रीवास्तव सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के महिला, पुरुष और बच्चे मौजूद थे।

## विश्वकर्मा समाज की महिला जिलाध्यक्ष बनी मनोरमा राणा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की हजारीबाग जिला कमेटी द्वारा पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पूण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा और जिला कमेटी की बैठक 25 को स्थानीय परिसदन भवन (सर्किट हाऊस) हजारीबाग में आयोजित की गयी। विश्वकर्मा समाज के जिला कमेटी की बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष यदु राणा ने किया तथा मंच संचालन जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया । इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विश्वकर्मा समाज के प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित हुए। हजारीबाग जिला कमेटी की बैठक में मुख्य रूप से पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पूण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी और सर्वसम्मति से हजारीबाग महिला जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा हजारीबाग जिला में संगठन विस्तार पर चर्चा की गयी। झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की महिला जिला अध्यक्ष सदर प्रखंड की मनोरमा राणा को बनाया गया। सभी विश्वकर्मा बन्धुओं ने फूलमाला देकर नवनियुक्त महिला जिला अध्यक्ष मनोरमा राणा का स्वागत किया। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने अपने संबोधन में कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह विश्वकर्मा समाज के गौरव थे। झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज की हजारीबाग जिला कमेटी की बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार शर्मा, जिला सचेतक महावीर राणा, पूर्व कोषाध्यक्ष उमेश राणा, उदय कुमार शर्मा, सुरेश राणा, पूर्व मुखिया अर्जुन राणा, पूर्व मुखिया कैलाश राणा, त्रिवेणी राणा, बासुदेव राणा, धनेश्वर प्रसाद राणा, भास्कर शर्मा, देवनाथ शर्मा, मनोज शर्मा, विनोद राणा, राजेश शर्मा, दीपक शर्मा, विनय कुमार राणा, आलोक राणा, कंचन राणा, महावीर राणा, किशोर राणा, नंदलाल राणा, दिलीप कुमार राणा, महादेव राणा, विनोद राणा, रविन्द्र राणा, अरुण राणा, रामलाल राणा, सन्तोष कुमार राणा, मुनेश राणा मुख्य रूप से शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापण सदर प्रखंड डुमर के दीपक शर्मा ने किया।

## ग्राम टकाहा में ग्रामीणों की बैठक



मांडू (आजाद सिपाही)। मांडू चट्टी पंचायत के ग्राम टकाहा स्थित शिव मंदिर परिसर में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्राम वासियों की एक बैठक सोमवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता रविंद्र कुमार ने किया। बैठक में शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा में होने वाले सहयोग राशि व व्यय आदि पर गहन विचार विमर्श किया गया। साथ ही अगली बैठक 19 जनवरी 2024 को रखा गया। बैठक में मुख्य रूप से उप मुखिया पंकज कुमार गुप्ता, बासुदेव गंझू, मनोहर कुमार गुप्ता, ललन कुमार पांडेय, वीरेंद्र पांडेय, बैजनाथ राम, राजकपूर साव, युगेश्वर महतो, नवरत्न कुमार उर्फ ननकु, अमित कुमार, शैलेश महतो, विनोद महतो, बालेश्वर भुईयां, राजेंद्र प्रजापति, सुनील कुमार गुप्ता, महेंद्र महतो, रामेश्वर महतो, सत्यदेव महतो, नरेश गंझू, हरेंद्र महतो, पिंटू महतो, आनंद गंझू, अजय गंझू, संतोष कुमार, पिंटू कुमार, बैजनाथ महतो, मनोज महतो, राजकुमार, मिंटू कुमार, मदन महतो, अशोक सिंह, कुलेश्वर महतो, विनोद महतो, मनोज राम, कपिल देव महतो, डमर गोप, पन्नालाल साव, मुंशी महतो, महेंद्र प्रसाद समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## अटल बिहारी वाजपेयी की मनायी जयंती



पतरातू (आजाद सिपाही)। पीटीपीएस स्थित भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 99 वीं जयंती सोमवार को मनायी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया किशोर कुमार महतो तथा संचालन गणेश कुमार ठाकुर ने किया। इस अवसर पर अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभी लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सह जिला पार्षद राजाराम प्रजापति ने पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर दुर्गाचरण प्रसाद अनिल राय प्रियानाथ मुखर्जी, उप मुखिया नंदकिशोर महतो, अमित कुमार सिंह, भुवनेश्वर महतो, वारिस खान, निर्मल जैन, कामेश्वर महतो, राजीव कुमार, रणधीर कपूर, नरेश महतो, बालदेव महतो, रंजन कुमार, शंभू प्रसाद वर्मा, शंकर कुमार महतो, रविंद्र कुमार, पंकज कुमार, गोपाल महतो, प्रियरंजन कुमार, विजय कुमार, रंजीत कुमार आदि शामिल थे।

## उज्वला फाउंडेशन ने मनायी वाजपेयी की जयंती



कुजू (आजाद सिपाही)। भारत के पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी का पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित रहा है। वह जीवन भर राष्ट्र निर्माण को गति देने में लगे रहे। उनका समर्पण और सेवा भाव भारत के प्रति अमर युग में भी प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। उक्त बातें उज्जवला फाउंडेशन के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने भारत के पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती कार्यक्रम के मौके पर मोतीराम कॉम्पलेक्स, बोंगावार स्थित जेपी रेस्टोरेंट सभगार में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अटल जी ने हमेशा हिंदी और राष्ट्र की संस्कृति को बढ़ावा देने का काम किया और वह एक अजय राजनेता थे। तत्पश्चात सांसद प्रतिनिधि ने बोंगावार व दिगवार के ग्रामीणों को अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के मौके पर कम्बल वितरण किया। इस दौरान लोगों ने अटल बिहारी वाजपेयी की जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्हें कोटि कोटि नमन किया। मौके पर शांति देवी, सुमन देवी, मन्सरी देवी, कौशल्या देवी, वीना कुमारी समेत कई सदस्य और ग्रामीण मौजूद रहे।

## मणिपाल स्कूल में वार्षिक खेल महोत्सव



कुजू (आजाद सिपाही)। मणिपाल सीडलिंग्स प्ले स्कूल व मणिपाल इंटरनेशनल स्कूल, भरेचनगर में सोमवार को तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव का भव्य शुभारंभ किया गया। खेल महोत्सव का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक गया प्रसाद राय ने दीप प्रज्वलित कर किया। खेल महोत्सव में वर्ग प्ले से 9वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। मौके पर निदेशक गया प्रसाद राय ने कहा कि खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए। खेल से शरीर की सर्वांगीण विकास होता है, वही मानसिक तनाव में कमी आती है। खेल पढ़ाई के साथ-साथ जरूरी है। खेल हमें अनुशासन, एकजुटता व टीम वर्क की भावना सिखाता है। खेल महोत्सव कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने खो खो, 200 मीटर की दौड़, बाधा दौड़, भाला फेंक, गोला फेंक, कबड्डी, क्रिकेट, टर्टल रेस, स्किपिंग, लॉन्ग जंप, हाई जंप, सेक रेस में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का उम्दा प्रदर्शन किया। महोत्सव के पहले दिन विद्यालय प्रबंधन और निदेशक ने सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक - शिक्षकेतर, कर्मचारी और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। रामगढ़ पतरातू मुख्य मार्ग पोचरा के न्यू चर्च कंपाउंड में असेंबली ऑफ बेलिवर्स चर्च इन इंडिया में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। मौके पर उपस्थित रेव अजहर मसीह, पास्टर पॉल डेविड मसीह और पास्टर अल्फा डेविड मसीह द्वारा संयुक्त रूप से प्राथना कर कार्यक्रम की विधिवत सुरुवात की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित रेव अजहर मसीह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा की प्रभु यीशु का जन्म विश्व कल्याण और विश्व शांति के लिए हुआ था। उनकी जीवनी हमें मानव सेवा और परोपकार करने प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में उपस्थित सांता क्लॉज ने बच्चों के बीच उपहार बांटे। मौके पर अमित, उपेंद्र, आरोन, जॉन रॉबर्ट, मुन्ना, संतोष लकड़ा, पीटर, स्तुति, आयशा, क्रिस्टी, संस्कृति, रजनी मसीह, सुंदरी देवी, काजल, बहन ज्योति सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

### अटल बिहारी वजपेयी की जयंती पर बोले वक्ता

# अटल जी ने विश्व को भारत की शक्ति का एहसास कराया

आजाद सिपाही संवाददाता



रामगढ़। भारत रत्न सह पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जयंती पर एक कार्यक्रम आयोजित की गयी। भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय विशेष रूप से उपस्थित थे। मौके पर सहाय ने कहा कि उनके जीवन का क्षण क्षण और शरीर का कण-कण राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहा। उनका उद्घघोष था - हम जीयेंगे तो देश के लिए, मरेंगे तो तो देश के लिए। इस पावन धरती का कंकर-कंकर शंकर है, बिंदु-बिंदु गंगाजल है। भारत के लिए हंसते हंसते प्राण न्यौछावर करने में गर्व की अनुभूति करूंगा। उन्होंने विश्व को भारत की शक्ति का एहसास करा दिया था। कारगिल युद्ध में पाकिस्तान के छक्के छुड़ाने तथा उसे पराजित करने वाले भारतीय सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए वे अग्रिम चौकी तक गये थे। उन्होंने अपने भाषण में सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आपकी वीरता पर गर्व है। आप भारत माता के सच्चे सपूत हैं।

कौन कौन थे उपस्थितः कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, प्रकाश मिश्रा, अमरेन्द्र कुमार गुप्ता, रंणजय कुमार उर्फ कुंटु बाबु, डाक्टर संजय कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष, चंद्रशेखर चौधरी प्रोफेसर संजय प्रसाद सिंह, राजू चतुवेर्दी बलराम महतो सरिता ठाकुर आनंद बेदिया, स्नेह लता चौधरी, अखिलेश प्रसाद जिला महामंत्री, प्रोफेसर खिरोधर साहु, रंजन फौजी, जिला मंत्री राजेन्द्र कुशवाहा, रमेश वर्मा, दिलीप सिंह किरण देवी, बसुध तिवारी, कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, संतोष कुमार शर्मा, आइटी सेल प्रभारी प्रवीण कुमार सोनु, वरिष्ठ नेता उमेश प्रसाद, महेंद्र प्रजापति, विजय जायसवाल, दीपक सोनकर, जयप्रकाश पांडेय, अशोक बराईक, मोर्चा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी देवी, नमेंद्र चंचल, सनी कुशवाहा, विनोद कुमार, कुंमेल उरांव, अमिता सोनी, सैयद किरमानी, विजय ओझा, युगेश महतो, मंडल अध्यक्ष मनोज गिरी, रंधीर सिंह, शिव कुमार महतो, गणेश प्रसाद स्वर्णकार, अशोक कुमार, बबलू साव, तोकेश सिंह, राजेंद्र महतो, सतीश मोहन मिश्र, सुरेंद्र करमाली, राजाराम प्रजापति बिनोद बिहारी महतो, आशुतोष सिंह, सुनील साहु, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भुरकुंडा में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस का पर्व

**दया और करुणा के सागर हैं प्रभु यीशु : फादर मनोज रोशन कुजूर**

आजाद सिपाही संवाददाता



भुरकुंडा। भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास के क्षेत्रों में क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्रिसमस त्योहार में भुरकुंडा, गिद्दी, रिवर साइड, के-के कोलियरी, सयाल, सौंदा, सीसीएल सौंदा, पोड़ा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से ईसाई समुदाय के सैंकड़ों लोग शामिल हुए। क्रिसमस को ले रविवार की मध्य रात्रि 12 बजे प्रभु यीशु की जन्मोत्सव में ईसाई धर्म के लोग झूम उठें। पटेलनगर भुरकुंडा स्थित कैथोलिक आश्रम स्थित चर्च में क्रिसमस के अवसर पर प्रभु यीशु का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। साथ ही प्रार्थना सभा हुई। इस बीच पूजा अनुष्ठान में प्रभु यीशु के जन्मोत्सव पर वेदी श्रृंगार किया गया और प्रभु यीशु के लिए गीत गाया गया। प्रभु यीशु के जन्म होते ही मसीही परिवार के लोगों ने एक-दूसरे को बधाई दी। साथ ही रातभर गीत-संगीत में नृत्य कर क्रिसमस डे सेलिब्रेट किया। कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, मुख्य पुरोहित फादर मनोज रोशन कुजूर, फादर राजेश किस्पोट्टा, सहयोगी फादर बरनाबस, फादर सेबरेन लकड़ा, फादर जेवियर खलखो, बोकारो के फादर रोशन कुजूर, फादर जेवियर खलखो खीस्त जयंती समारोह में मुख्य रूप से शामिल हुए।

**आयोजन को सफल बनाने में इनका रहा योगदानः** आयोजन को सफल बनाने में प्रदीप खलखो, पात्रिक मिंज, सुधीर मिंज, अमृतलाल, अनिश बारा, बासिल कुजुर, राजेश पांडेरवानी, जुस्टिन बारा, इरेनियुस गिद्ध, अमन कुजुर, जोसेफ ओडिया, उषा किरण कुमारी, मिलरेड एक्का, प्रीतम तिग्गा, मनीष तिग्गा, प्रमोद कुजुर, जुलिता एक्का, रजनी डुंगडुंग, रजनी बागे, हेलेन किंडो, आनंद कुमार बरला, अमन तिग्गा, बेरोनिका तोपनो, फुलमनी गुड़िया, राशेल तिग्गा, रॉबिन तिग्गा, सिस्टर सरोज, सिस्टर सुमंती टोप्पो, अनिल बरवा सहित कैथोलिक आश्रम स्कूल व कैथोलिक सभा के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## सोसोकलां पंचायत कमेटी का किया गया गठन

आजाद सिपाही संवाददाता




रामगढ़। किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के बैनर तले ग्राम हेमंतपुर में सोसोकलां पंचायत कमेटी का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता गोला प्रखंड प्रभारी संतोष पांडे व संचालन तेजपाल महतो ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय संयोजक पंकज महतो ने सभी नये सदस्यों को माला पहनकर स्वागत किया। कहा कि 23 वर्षों से रामगढ़ विधानसभा में आजसू और कांग्रेस दोनो पार्टी ने सरकारी योजनाओं में खूब भ्रष्टाचार किया और पूर्व मंत्री चंद्र प्रकाश चौधरी अपने कार्यकाल में पेयजल और स्वच्छता विभाग से जितनी भी जलमिनारे बनवाये हैं सभी बंद पड़े हुए हैंजेड जनता पीने का पानी के लिए तरस रही है और वर्तमान हेमंत सरकार झूठे वादे कर जनता को गुमराह कर रही है। जनता आशा भरी निगाहों से किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा की ओर देख रही है। सर्व समिति से चाडी पंचायत का अध्यक्ष शंभू बेदिया, सचिव कामेश्वर सिंह, उपाध्यक्ष गौतम सिंह, कोषाध्यक्ष अंबा देवी को चुना गया। कमेटी के सदस्य के रूप में रामेश्वर महतो, बिटू रजवार, उमेश रजवार, गणेश रजवार, सुनील रजवार, गौतम सिंह, मंजू देवी, बिलाखो देवी, रीना सिंह, जिलानी खान, कालेश्वर कुशवाहा, तेजपाल महतो, सुभाष मुंडा, सतीश चंद्र मंडल आदि उपस्थित थे।

## आजसू पार्टी कार्यालय में मनायी गयी अटल बिहारी वाजपेयी और निर्मल महतो की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता



मांडू। हेसागढा स्थित आजसू पार्टी कार्यालय में सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और झारखंड अलग राज्य का सपना देखने वाले इस माटी के लाल झारखंड के मसीहा शहीद निर्मल महतो की जयंती धूमधाम के साथ मनाया गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने बारी-बारी से इन दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया ।और उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष रामवृक्ष महतो और संचालन दिनेश महतो ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला सचिव लालचंद महतो, प्रखंड अध्यक्ष नरेश महतो उपस्थित थे। मौके पर सचिव लालचंद महतो ने कहा कि इन दोनों महापुरुषों मे कई समानतायें थी। जिसमें इन दोनों महापुरुषों का जन्म 25 दिसंबर के दिन ही हुआ था। दोनों आजीवन अविवाहित थे। साथ ही दोनों महापुरुषों का सपना एक वृहद झारखंड बनाने का था। वहीं झारखंड के मसीहा स्व शहीद निर्मल महतो ने झारखंड अलग राज्य की परिकल्पना का सपना देखा था। जबकि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भी अलग झारखंड राज्य की परिकल्पना की थी। एक झारखंड राज्य मांग रहा था और दूसरे इस राज्य को देने के लिए तैयार थे। संयोग से दोनों का इस प्रदेश के प्रति सकारात्मक सोच थी। इन्हीं सोच के माध्यम से आज यह झारखंड प्रदेश बना। इससे पूर्व नेताओं ने हेसागढा आजसू पार्टी कार्यालय 25 दिसंबर 2023 की क्रिसमस दिवस के अवसर पर संपूर्ण प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव हेमलाल महतो, प्रखंड सह सचिव दिनेश महतो, जगेश्वर महतो, खुशी लाल महतो, शिबू मल्हार, संजय तुरी, प्रकाश महतो, अनुज तूरी, मनीष कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## चतरा की खबरें

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन



चतरा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर चतरा नगर मंडल के सभी बूथों पर उनके तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उनके विचारों को सुना गया। नगर के सभी 43 बूथों पर बूथ अध्यक्ष के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्त्यो और नेतागण की उपस्थिति में सभी मोर्चा के अध्यक्षों के द्वारा पुष्पांजलि और श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर चतरा नगर मंडल अध्यक्ष विद्यासागर आर्य के नेतृत्व में नगर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा सदर अस्पताल में रोगियों के बीच फल का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष राजेश पासवान, युवा मोर्चा अध्यक्ष अभिषेक केशरी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनमीत सिन्हा, लावालौंग मंडल अध्यक्ष शंकर साव, शंकर सोनी, विवेक शर्मा, काली यादव, संजय प्रजापति, नीरा देवी, चंपा देवी, राजा मालाकार, जितेंद्र पांडे, नरेश साव आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने क्रिसमस के अवसर पर बांटे कंबल



चतरा (आजाद सिपाही)। राज्य के लोकप्रिय मंत्री सत्यानंद भोगता क्रिसमस के अवसर पर चतरा सदर प्रखंड के आरा पंचायत के ग्राम गेरी स्थित चर्च में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को क्रिसमस की बधाई व शुभकामनाएं दी। माननीय मंत्री जी के आगमन पर चर्च समिति के लोगों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर, माला पहनाकर और ढ़ोल-नगाड़ा और मांदर बजाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान माननीय मंत्री भोगता जी ने ठंड को देखते हुए वृद्धों के बीच कंबल का वितरण भी किया।

## हंटरगंज में वाजपयी की जयंती पर बांटे फल



हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। भाजपा के हंटरगंज मंडल के सभी बूथों पर सुशासन दिवस के अवसर पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन मनायी गयी। यह कार्यक्रम सभी सम्मानित नेतागण, प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष, पंचायत संयोजक, सह-संयोजक, बूथ अध्यक्ष द्वारा अपने अपने बुथ पर आयोजित किया गया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित किया गया। जोरी उप-स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों के बीच फल वितरण किया गया।

## निर्मल महतो की मनायी गयी जयंती



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी ने सोमवार को मेन रोड भुरकुंडा स्थित प्रधान कार्यालय में स्व. निर्मल महतो की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत उनके तस्वीर पर माल्यापण कर की गयी। कहा गया कि अलग झारखंड राज्य के महानायक शहीद निर्मल महतो थे। उन्होंने अलग झारखंड राज्य आंदोलन में अग्रणीय भूमिका निभायी थी। वे जीवन भर गरीबों के संघर्ष करते रहें। उनके आदर्शों का आत्मसात कर हमसबों को बताये मार्ग पर चलना होगा। मौके पर पतरातू प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया ने स्व. निर्मल महतो के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प दिलाया। साथ ही उन्होंने कहा की स्व. निर्मल महतो के अधूरे सपनों को पूरा करना हमसबों का दायित्व है। मौके पर संजय वर्मा, जिला संयुक्त सचिव उदय मालाकार, अलीमाम अंसारी, राकेश महतो, शशि चौहान सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

## आजसू के नवमनोनित केंद्रीय सचिव सतीश सिन्हा का हुआ स्वागत



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी की बैठक सोमवार को क्षेत्रीय कार्यालय सयाल में हुई। इसकी अध्यक्षता गुरुदयाल ठाकुर ने की। बैठक में संगठन की मजबुती पर बल देते हुए मजदूरों की समस्याओं का समाधान करने की बात कही गयी। वहीं यूनियन के केंद्रीय महासचिव सतीश सिन्हा को आजसू पार्टी का केंद्रीय सचिव बनने पर क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा के नेतृत्व में संघ के लोगों ने उन्हें बुके देकर बधाई दी। साथ ही बरका-सयाल क्षेत्रीय कमेटी ने सतीश सिन्हा को केंद्रीय सचिव बनाने के लिए आजसू के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो, गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व आजसू महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के प्रति आभार जताया। मौके पर क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा ने कहा कि सतीश सिन्हा के आजसू का केंद्रीय सचिव बनने से कोयलांचल के साथ पूरे विधानसभा क्षेत्र में संगठन और भी मजबूत होगी। बधाई देने वालों में मुन्ना श्रीवास्तव, संजय मिश्रा, शिवनंदन दास, एसएस डे, बिनोद कुमार, शंकर सिंह, बिनोद कुमार सिंह, रंधीर कुमार साव, गुरुदयाल ठाकुर, शंकर कुमार, कमल सिंह, संतोष ठाकुर, विकास सिन्हा, कमलेश कुमार, इन्द्रदेव राम, धरमेंद्र मिश्रा, अनिल राम, अजित सिन्हा, राधिका सिंह, बालेश्वर करमाली, सन्नी कुमार सहित दर्जनों लोग शामिल थें।

# कुश्ती संघ का निलंबन

केंद्रीय खेल मंत्रालय ने रविवार को भारतीय कुश्ती संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष समेत इसकी पूरी कार्यकारिणी को निलंबित कर दिया। इसकी गतिविधियों पर भी अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी गई है। खेल मंत्रालय के मुताबिक अंडर-15 और अंडर-20 नेशनल्स प्रतियोगिताएं आयोजित करने की हालिया घोषणाएं करते समय नियम-कानून का बिल्कुल ख्याल नहीं रखा गया। दूसरी बात यह भी कही गयी कि फेडरेशन का कामकाज उस परिसर से चलाया जा रहा है, जो पिछले पदाधिकारियों के नियंत्रण में है। समस्या के मूल में यही बात है कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के सहायक रहे हैं और उनके बेहद करीबी माने जाते हैं। ध्यान रहे, बृजभूषण शरण सिंह पर उनके कार्यकाल के दौरान यौन शोषण और छेड़छाड़ के आरोप लगे। इन आरोपों की दिल्ली पुलिस जांच कर रही है और उन्हें अभी उस मामले में क्लीन चिट नहीं मिली है। यौन शोषण के आरोपों को लेकर महीनों धरने पर बैठ चुके पहलवानों ने शनिवार को चुनाव नतीजे आने के बाद गहरी निराशा जतायी। बजरंग पूनिया ने जहां पद्मश्री लौटाने का एलान किया, वहीं देश की इकलौती महिला पहलवान ओलिंपिक मेडल विनर साक्षी मलिक ने कुश्ती छोड़ने की घोषणा कर दी। चुनावों से हालांकि यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) की यह शिकायत दूर हो गयी कि भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफआइ) समय पर चुनाव नहीं करवा रहा। इसी वजह से यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डब्ल्यूएफआइ को सस्पेंड भी कर दिया था, लेकिन इस कानूनी औपचारिकता के पूरे होने के बाद भी ये चुनाव नतीजे विश्वास के उस संकट को दूर नहीं कर सके, जिससे भारतीय कुश्ती संघ लंबे समय से जूझ रहा है। भारतीय कुश्ती जगत इस दुष्चक्र से जल्दी निकलता नहीं दिख रहा। एक तरफ मेडल जीत कर दुनिया में भारत का नाम ऊंचा करने वाले पहलवान यौन शोषण के अपने आरोपों पर कायम हैं, तो दूसरी ओर देश के कुश्ती जगत की संरचना पर बृजभूषण समर्थकों का कब्जा बरकरार है, जो चुनाव के ठीक बाद सोशल मीडिया साइट एक्स पर किये उनके इस कॉमेंट से भी जाहिर है कि दबदबा तो है, दबदबा तो रहेगा...। जिस तरह से कुश्ती संघ का कामकाज इसके पूर्व अध्यक्ष के सरकारी आवास से ही चलाया जाता रहा है, उससे भी स्पष्ट हो जाता है कि संघ का संचालन कितने अनप्रफेशनल ढंग से हो रहा है। मगर नवनिर्वाचित अध्यक्ष की ओर से इस स्थिति को बदलने का कोई संकेत नहीं मिला। उलटे, खबर यह है कि वह खेल मंत्रालय के ताजा आदेश को अदालत में चुनौती देने की सोच रहे हैं।

**जिस तरह से कुश्ती संघ का कामकाज इसके पूर्व अध्यक्ष के सरकारी आवास से ही चलाया जाता रहा है, उससे भी स्पष्ट हो जाता है कि संघ का संचालन कितने अनप्रफेशनल ढंग से हो रहा है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**विगत 33 वर्षों में श्रीराम जन्मभूमि को लेकर जितने विवाद हुए उन पर आज तक बहुत कुछ लिखा जा चुका है। हर पक्ष के अपने तर्क हैं। पर सनातन धर्मी होने के कारण मेरा तो शुरू से यही मत रहा है कि अयोध्या, काशी और मथुरा में हिंदुओं के धर्म स्थानों पर मौजूद ये मस्जिदें कभी सांप्रदायिक सद्भाव नहीं होने देंगी। क्योंकि अपने तीन प्रमुख देवों श्रीराम, भगवान शिव एवं श्री कृष्ण के तीर्थ स्थलों पर ये मस्जिदें हिंदुओं को हमेशा उस अतीत की याद दिलाती रहेंगी जब मुसलमान आक्रांताओं ने यहां मौजूद हिंदू मंदिरों का विध्वंस करके यहां मस्जिदें बनायी थीं।**

# क्यों जरूरी था अयोध्या का भव्य विकास?

**विनीत नारायण**



एक्स (ट्विटर) पर एक पोस्ट देखी जिसमें अयोध्या में रामलला के विग्रह को रजाई ओढ़ाने का मजाक उड़ाया गया है। उस पर मैंने निम्न पोस्ट लिखी जो शायद आपको रोचक लगे। वैष्णव संप्रदायों में साकार ब्रह्म की उपासना होती है। उसमें भगवान के विग्रह को पत्थर, लकड़ी या धातु की मूर्ति नहीं माना जाता, बल्कि उनका जागृत स्वरूप मानकर उनकी सेवा- पूजा एक जीवित व्यक्ति के रूप में की जाती है।

ये सदियों पुरानी परंपरा है। जैसे श्रीलड्डू गोपालजी के विग्रह को नित्य स्नान कराना, उनका शृंगार करना, उन्हें दिन में अनेक बार भोग लगाना और उन्हें रात्रि में शयन कराना। यह परंपरा हम वैष्णवों के घरों में आज भी चल रही है। जाकी रही भावना जैसी-प्रभु मूरत देखी तीन तैसी। इसीलिए सेवा पूजा प्रारंभ करने से पहले भगवान के नये विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। इसका शास्त्रों में संपूर्ण विधि विधान है। जैसा अब रामलला के विग्रह की अयोध्या में भव्य रूप से होने जा रही है।

यह सही है कि हर राजनीतिक दल अपना चुनावी एजेंडा तय करता है और उसे इस आशा में आगे बढ़ाता है कि उसके जरिए वह दल चुनाव की वैतरणी पार कर लेगा। गरीबी हटाओ, चुनिए उन्हें जो सरकार चला सके या बहुत हुई महंगाई की मार-अबकी बार मोदी सरकार कुछ ऐसे ही नारे थे, जिनके सहारे कांग्रेस और भाजपा ने लोकसभा के चुनाव जीते और सरकारें बनायीं।

**विगत 33 वर्षों में श्रीराम जन्मभूमि को लेकर जितने विवाद हुए उन पर आज तक बहुत कुछ लिखा जा चुका है।**

इसी तरह सौगंध राम की खाते हैं, हम मंदिर वहीं बनायेंगे ये वो नारा था जो संघ परिवार और भाजपा ने 90 के दशक से लगाना शुरू किया और 2024 में उस लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। इसलिए आगामी 22 जनवरी को अयोध्या के निर्माणाधीन श्रीराम मंदिर में भगवान के श्री विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। स्वाभाविक है कि मंदिर का निर्माण पूर्ण हुए बिना ही बीच में इतना भव्य आयोजन 2024 के लोक सभा चुनावों को लक्ष्य करके आयोजित किया जा रहा है, पर यह कोई आलोचना का विषय नहीं हो सकता।

**हमारे यहां तो कहावत है, वृंदावन के वृक्ष को मरम न जाने कोय, डाल-डाल और पात पे राधे लिखा होय। यहां एक और गंभीर विषय उठाना आवश्यक है। वह यह कि नव निर्माण के उत्साह में प्राचीन मंदिरों के प्राण प्रतिष्ठित विग्रहों को अपमानित या ध्वस्त न किया जाये, बल्कि उन्हें ससम्मान दूसरे स्थान पर ले जाकर स्थापित कर दिया जाये।**

विगत 33 वर्षों में श्रीराम जन्मभूमि को लेकर जितने विवाद हुए उन पर आज तक बहुत कुछ लिखा जा चुका है। हर पक्ष के अपने तर्क हैं। पर सनातन धर्मी होने के कारण मेरा तो शुरू से यही मत रहा है कि अयोध्या, काशी और मथुरा में हिंदुओं के धर्म स्थानों पर मौजूद ये मस्जिदें कभी सांप्रदायिक सद्भाव नहीं होने देंगी। क्योंकि अपने तीन प्रमुख देवों श्रीराम, भगवान शिव एवं श्री कृष्ण के तीर्थ स्थलों पर ये मस्जिदें हिंदुओं को हमेशा उस अतीत की याद दिलाती रहेंगी जब मुसलमान आक्रांताओं ने यहां मौजूद हिंदू मंदिरों का विध्वंस करके यहां मस्जिदें बनायी थीं। अपने इस मत को मैंने इन 33 वर्षों में अपने लेखों और टीवी रिपोर्ट्स में प्रमुखता से प्रकाशित एवं प्रसारित भी किया। इसलिए आज अयोध्या में भव्य मंदिर का निर्माण हर आस्थावान हिंदू के लिए हर्षोल्लास का विषय है।

हर्ष का विषय है कि प्रभु श्रीराम के जन्म से लेकर राज्याभिषेक की साक्षी रही अयोध्या नगरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भव्य स्तर पर विकसित करने का संकल्प लिया और उसी प्रारूप पर आज अयोध्या का विकास हो रहा है, ताकि दुनिया भर से आने वाले भक्त और पर्यटक अयोध्या का वैभव देखकर प्रभावित एवं प्रसन्न हों। भगवान श्रीराम की राजधानी का स्वरूप भव्य होना ही चाहिए।

एक बात और कि जब मोदीजी प्रधानमंत्री बने और मुझे उनकी हृदय योजना का राष्ट्रीय सलाहकार नियुक्त किया गया, तब से यह बात मैं सरकार के संज्ञान में सीधे और अपने लेखों के माध्यम से लाता रहा हूं कि अयोध्या, काशी और मथुरा का विकास उनकी सांस्कृतिक विरासत के अनुरूप होना चाहिए, एकरूप नहीं। जैसे अयोध्या राजा राम की नगरी है इसलिए उसका स्वरूप राजसी होना चाहिए, जबकि काशी औघड़ नाथ की नगरी है, जहां कंकड़-कंकड़ में शंकर बसते हैं। इसलिए उसका विकास उसी भावना से किया जाना चाहिए था न कि काशी कॉरिडोर बना कर। क्योंकि इस कॉरिडोर में भोले शंकर की अल्हड़ता का भाव पैदा नहीं होता, बल्कि एक राजमहल का भाव पैदा होता है।

ऐसा काशी के संतों, दार्शनिकों एवं सामान्य काशीवासियों का भी कहना है। इसी तरह मथुरा-वृन्दावन में जो कॉरिडोरनुमा निर्माण की बात आजकल हो रही है वह ब्रज की संस्कृति के बिल्कुल विपरीत है। यह बात स्वयं बालकृष्ण नंद बाबा से कह रहे हैं, नः पुरो जनपदा न ग्रामा गृहावयम्, नित्यं वनौकसतात् वनशैलनिवासिनः (श्रीमदभागवतम, दशम स्कंध, 24 अध्याय व 24वां श्लोक), बाबा ये पुर, ये जनपद, ये ग्राम हमारे घर नहीं हैं। हम तो वनचर हैं। ये वन और ये पर्वत ही हमारे निवासस्थल हैं। इसलिए ब्रज का विकास तो उसकी प्राकृतिक धरोहरों जैसे कुंड, वन, पर्वत और यमुना का संवर्धन करके होना चाहिए, जहां भगवान श्री राधा-कृष्ण ने अपनी समस्त लीलाएं कीं, पर आज ब्रज तेजी से कंक्रीट का जंगल बनता जा रहा है। इससे ब्रज के रसिक संत और ब्रज भक्त बहुत आहत हैं।

हमारे यहां तो कहावत है, वृंदावन के वृक्ष को मरम न जाने कोय, डाल-डाल और पात पे राधे लिखा होय। यहां एक और गंभीर विषय उठाना आवश्यक है। वह यह कि नव निर्माण के उत्साह में प्राचीन मंदिरों के प्राण प्रतिष्ठित विग्रहों को अपमानित या ध्वस्त न किया जाये, बल्कि उन्हें ससम्मान दूसरे स्थान पर ले जाकर स्थापित कर दिया जाये। यहां यह याद रखना भी आवश्यक है कि किसी भी प्राण प्रतिष्ठित विग्रह की उपेक्षा करना, उनका अपमान करना या उनका विध्वंस करना सनातन धर्म में जघन्य अपराध माना जाता है। इसे ही तालिबानी हमला कहा जाता है।

जैसा अनेक मुसलमान शासकों ने मध्य युग में और हाल के वर्षों में कश्मीर, बंगलादेश एवं अफगानिस्तान में मुसलमानों ने किया। इतिहास में प्रमाण हैं कि कुछ हिंदू राजाओं ने भी ऐसा विध्वंस बौद्ध विहारों का किया था। अगर किसी कारण से किसी प्राण प्रतिष्ठित विग्रह को या उसके मंदिर को विकास की योजनाओं के लिए वहां से हटाना आवश्यक हो, तो उसका भी शास्त्रों में पूरा विधि-विधान है। जिसका पालन करके उन्हें श्रद्धा पूर्वक वहां से नये स्थान पर ले जाया जा सकता है।

## जमशेदपुर की खबरें

### भारत रत्न अटल जी की 99वीं जयंती पर 497 यूनिट रक्त संग्रह किया गया

# अलग झारखंड राज्य अटल जी की देन : बाऊरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर में भारतीय जनता पार्टी के पितृपुरुष अटल बिहारी वाजपेयी के 99वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। सोमवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर के द्वारा पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार के नेतृत्व में गोलमुरी केबल वेलफेयर क्लब में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 497 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाऊरी, विशिष्ट अतिथि सांसद विद्युत वरण महतो शामिल हुए। मौके पर सभी नेताओं ने पितृपुरुष अटल बिहारी वाजपेयी के छवि चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर अतिथियों ने रक्तदाताओं का मनोवल बढ़ाया। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाऊरी ने कहा अलग झारखंड राज्य की सौगात दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी की देन है। उन्होंने जिस सपने से राज्य का निर्माण किया उस सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरा करने में प्रयाय में जुटे हुए हैं। हम सब मिलकर वाजपेयी जी के इस सपने को पूरा करेंगे।

वहीं सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा रक्तदान जीवनदान के समान है। जमशेदपुर के जागरूक युवा वर्ग रक्तदान के मामले में देश में अपना एक अलग स्थान रखते है। इस अवसर पर पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री रीता मिश्रा, राजेश शुक्ल, प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाडंगी, पूर्व जिलाध्यक्ष अभय सिंह, बिनोद सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, महानगर भाजपा के अध्यक्ष गुंजन यादव, पूर्व कोल्हान आयुक्त सह भाजपा नेता विजय सिंह, पूर्व डीआइजी सह भाजपा नेता राजीव रंजन सिंह सहित अन्य ने भी युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने अटलजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व का बखान किया। भाजपा नेता दिनेश कुमार ने बताया यह 49वीं रक्तदान शिविर है। तेजेंद्र सिंह जॉनी ने 85 बार रक्तदान कर मिसाल पेश की।

मौके पर संजीव सिंह, शिव शंकर सिंह, मुन्ना अग्रवाल, मिथिलेश सिंह यादव, खेमलाल चौधरी, कमलेश सिंह, सुशांतो पांडा, भपेंद्र सिंह,अनिल सिंह, हलधर नारायण साह, राजन सिंह, अप्पा राव, अनिल मोदी, बबुवा सिंह, जितेंद्र राय, पप्पू सिंह, ध्रुव मिश्रा, संदीप शर्मा, प्रशांत पोद्दार, हेमेंद्र जैन, संतोष ठाकुर, पवन सिंह, धर्मेंद्र प्रसाद, मीरा शर्मा, रश्मी भारद्वाज, नीलू झा, पुष्पा तिर्की, लक्ष्मी, रीता शर्मा, श्वेता, सरस्वती साहू, सोनिया साहू, अंकित आनंद, अमरजीत सिंह राजा, प्रोबीर चटर्जी राणा, पप्पू उपाध्याय, पप्पू मिश्रा, श्रीराम प्रसाद, अमीश अग्रवाल, अशोक सामंता, मोहम्मद नौशाद, धनेश्वर सिंह, रोशन सिंह, लक्ष्मण बेहरा, भरत बेहरा, बंटी अग्रवाल, प्रेम झा मौजूद रहें।

# जमशेदपुर सेंट्रल जेल में छापेमारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** घाघीडीह सेंट्रल जेल मे पूर्वी सिंहभूम जिला उपायुक्त के नेतृत्व मे छापेमारी की गयी। घंटों चले छापेमारी के बाद जिला उपायुक्त ने बताया कि जेल के सभी वार्ड से लेकर गोदाम तक जांच की गई है। सूचना तंत्र को और मजबूत किया गया है।

जमशेदपुर के घाघीडीह स्थित सेंट्रल जेल में पूर्वी सिंहभूम जिला उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के नेतृत्व में गहन छापेमारी की गयी है। इस दौरान एसडीओ पीयूष कुमार के अलावा अन्य कई पदाधिकारी मौजूद रहे। भारी संख्या में पुलिस बल के साथ जिला उपायुक्त के सेंट्रल जेल पहुंचने से जेल में हड़कंप मच गया। उपयुक्त के नेतृत्व में जेल के सभी 12 वार्ड के अलावा टॉयलेट बाथरूम और गोदाम में भी गहन छापेमारी की गयी। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में की गयी छापेमारी मे कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये जा चुके हैं। बता दें कि सेंट्रल जेल के अंदर कई घटना भी घट चुकी है, जिसमें हत्या की घटना भी शामिल है। सेंट्रल जेल में छापेमारी के दौरान जेल कर्मियों को बाहर जाने या किसी के अंदर आने पर रोक लगायी गयी थी।

उपायुक्त ने जेल के वार्ड में बंदियों से पूछताछ की है। छापेमारी के दौरान जेल प्रशासन से भी वर्तमान सुविधाओं और समस्या पर चर्चा की गयी है। पूर्वी सिंहभूम जिला उपायुक्त मंजुनाथ भजंत्री ने बताया कि सेंट्रल जेल में औचक निरीक्षण किया गया है। सभी वार्ड के अलावा अन्य जगहों की जांच की गयी है। जेल में बंदियों को मिलने वाली सुविधा के साथ-साथ खान पान की व्यवस्था की जांच की गयी है।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान किसी भी तरह का प्रतिबंधित सामान नहीं मिला है। उपायुक्त ने बताया कि सूचना तंत्र को और मजबूत किया जा रहा है, किसी भी तरह की कोई सूचना मिलने पर कार्रवाई की जायेगी।

# शहीद निर्मल की शहादत भुलायी नहीं जा सकती : मंगल कालिंदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में शामिल शहीद निर्मल महतो की जयंती पर चमरिया गेस्ट हाउस के पास श्रद्धांजलि सभा में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। सोमवार को विधायक ने शहीद निर्मल दा की प्रतिमा पर मालाअर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा निर्मल दा की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। बर्तमान में हेमंत सरकार निर्मल दा के सपनों के झारखंड का निर्माण करने की ओर अग्रसर है। राज्य में सरकार आपकी द्वार अभियान के तहत अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। राज्य में हेमंत सरकार जनता को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सड़क बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य सभी क्षेत्र में तेजी से कम कर रही है। विधायक ने बताया हेमंत सोरेन राज्य के पहले मुख्यमंत्री है, जिनके पहल पर सरकार के पदाधिकारी गांव गांव में शिविर लगा कर सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में लगे है। आने वाले समय में प्रत्येक जनता को हर एक सुविधा उपलब्ध होगा।

# मानकी मुंडा संघ जिला समिति का महाधिवेशन संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिले के मानकी मुंडा संघ जिला समिति के द्वारा दो दिवसीय महाधिवेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को घाटशिला टाउन हॉल में आयोजित महाधिवेशन में जुगसलाई विधायक सह सत्ता रूढ़ दल के सचेतक के आप्त सचिव राममुल बांडरा शामिल हुए। महाधिवेशन में मानकी मुंडा जिला समिति का विस्तार किया गया। सभी के सहमति से जिला अध्यक्ष रोशन पूर्ति, उपाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद सिंह मुंडा, सुभांकर भूमिज, दिकू मेलगांडी, सचिव त्रिभुवन जमुदा एवं कोष्धयक्ष का पदभार सत्य ऋषि सामद को सौपा गया। साथ ही 11 प्रखंडों में प्रखंड समिति का विस्तार करने पर सहमति बनी।

वहीं प्रखंड स्तरीय मानकी मुंडा को कार्यशाला का आयोजन कर प्रशिक्षण देने की बात कही गयी। कार्यक्रम का समापन समारोह में पूर्वी सिंहभूम जिला कमिटी का विस्तार किया गया एवं मानकी, मुंडा, डाकुआ, दिउरी, पाहन, लाया को जिला कमेटी द्वारा प्रमाण पत्र सौपा गया। मौके पर आप्त सचिव राममुल बांडरा ने कहा भारत सरकार ने 24 दिसंबर 1996 को भारत का संविधान में संशोधन कर पंचायत में पारित कर समाजिक अगुवा मानकी मुंडा को मान्यता दिया था। वहीं प्रो सोमनाथ पाड़ेया ने कहा झारखंड में विल्किसन रूल 1837 में मानकी-मुंडा को स्वशासन व्यवस्था के तहत अधिकार दिया। जो छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम 1908 में लिखित है, जो भारतीय संविधान के नौवी अनुसूची में दर्ज है। धन्यवाद ज्ञापन दुर्गा प्रसाद सिंह मुंडा ने किया। मौके पर घाटशिला जिला परिषद सदस्य देवजानी मुर्मू, आप्त सचिव रायमूल बांदरा, प्रो सोमनाथ पाड़ेया, जिला सलाहकार रुद्रानारायण सिंह, बेनशोल पंचायत मुखिया सुकुरमानी हेंब्रम, छितिज मुंडा, मानकी मुंडा संघ का नव चायनित जिला अध्यक्ष रोशन पूर्ति ने अपनी बातें रखी।

मंच का संचालन इंद्रजीत मुंडा एवं विमल किशोर मुंडा ने किया। इस अवसर पर पीड़ मानकी त्रिभुवन जामुदा, गुहीराम मुंडा, सुभांकर सिंह, दिकू मेलगाड़ी, सुरा पूर्ति, दुर्गा प्रसाद सिंह, दिगम मुंडा, सुनील सिंह, अशीष मुंडा, सुकलाल सामद, शत्यर्षि सामद, गालू सुमराई, भागीरत मुंडा, देवदास मुंडा, अजित मुंडा, मदन मानकी, राम पूर्ति, शिवचरण सामद, श्रीराम बनरा, मंगल मुंडा, अनिल मुंडा, अमल मुंडा आदि उपस्थिति रहे।

# भाजपा ने सुशासन दिवस के रूप में मनाया अटल वाजपेयी जी की जयंती

**अटल जी के अधूरे कार्यो को बड़ा रूप देकर पीएम मोदी देश का सर्वागिण विकास कर रहे हैः पटेल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी की अध्यक्षता में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत भाजपा के सचेतक सह मांडू के विधायक जेपी पटेल, पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी सहित अन्य नेताओं ने पूर्व पीएम के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। मौके पर भाजपा के सचेतक जेपी पटेल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने ही बिहार से झारखंड को अलग किया था। इसके बावजूद अभी अटल का सपना पूरा नहीं हुआ है। अटल जी ने दो दर्जन से अधिक दलों को एक मंच पर लाकर एनडीए का गठन केंद्र में बेदाग छवि के साथ सत्ता चलाया था। उन्होंने विकास के मामलें में अपनी एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने देश के विकास के लिए कई परियोजनाओं की शुरूआत की थी। उनके अधूरे कार्यो को बड़ा रूप देकर पीएम मोदी देश का सर्वागिण विकास कर रहे है। झारखंड में चल रही वर्तमान झामुमो के नेतृत्व में चल रही गठबंधन की सरकार सिर्फ लूट के लिए चल रही है। मंत्रीमंडल में शामिल सभी सदस्य राज्य को लूटने में लगे है। गढ़वा में मंत्री मिथिलेश ठाकुर गरीबों पर जुल्म कर रहे है। गरीबों का जमीन लूटी जा रही है। बालू के अभाव में लोग हाहाकार कर रहे है। गढ़वा में कमीशनखोरी चरम है। मंत्री के काले कारनामें से आम लोग अवगत हो चुके। आने वाला चुनाव में 80 प्रतिशत बूथ पर मंत्री को बूथ ऐजेंट तक नही मिलेगा।

कार्यक्रम को भाजपा के वरिष्ठ नेता कन्हैया चौबे, विनय चौबे, शारदा महेश प्रताप देव, शिवधारी राम, पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, सूरज गुप्ता सहित अन्य नेताओं ने संबोधित किया। मौके पर लक्ष्मण राम, मुरली श्याम सोनी, हरेन्द्र दुबे, उमेन्द्र यादव, अंजली गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, विवेकानंद तिवारी सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया।

## बालू की तस्करी कराने के लिए घाटों का नहीं किया गया है टेंडर : पटेल

गढ़वा। बालू का तस्करी कराने के लिए हेमंत सरकार पिछले चार साल में एक भी बालू का घाट का टेंडर नहीं किया। इससे सरकार का राजस्व का भारी नुकसान हुआ है। उक्त बातें भाजपा के सचेतक सह मांडू विधायक जय प्रकाश भाई पटेल ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में पूर्व पीएम के जयंती समारोह के बाद आयोजित प्रेसवार्ता में कही। सचेतक के साथ भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि विधासभा के शीतकालीन सत्र के दौरान हमसभी भाजपा के विधायकों ने जनता की समस्याओं को उठाकर सरकार से जबाव मांगा, तो उनके साथ तीन विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन के संरक्षण के नाम पर सत्ता में आई झामुमो की सरकार लगातार इसका दोहन करने में लगी हुई है। संविदा पर नियुक्त लोगों को वर्तमान सरकार ने चुनाव के दौरान स्थाई करने का भरोसा दिलाया था। सचेतक ने कहा कि मुख्यमंत्री अगर निर्दोष है, तो फिर ईडी के से भाग क्यों रहे है। ईडी के पास जाकर उन्हें सवालों का जबाव देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार चार वर्ष के दौरान अपना एक भी संकल्प पूरा नहीं कर पाई है। इस बार भाजपा विधानसभा चुनाव में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, महामंत्री संतोष दुबे, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप मौजूद थे।

## करंट की चपेट में आने से सहायक अध्यापक की मौत




केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के पाचा डुमर पंचायत के सोनबरसा उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक उदय पाल का मौत करंट के चपेट में आने के बाद हो गया। परिजनों ने बताया कि शिक्षक उदय पाल गेहूं का पटवन के लिए घर से कुछ ही दूरी पर कुआं में मोटर सेट कर रहे थे। मोटर स्टार्ट करने के दौरान बिजली की नंगा तार के संपर्क में आ गये। जिससे घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। गांव के कुछ लोगों के द्वारा शिक्षक के परिजन को सूचना दिया गया। सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते घटना स्थल पर पहुंचे। इस दौरान परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। इस घटना से प्रखंड में शोक कि लहर छा गया। मृतक के दो नाबालिग लड़के है। खबर मिलते ही ग्रामीणों और जन प्रतिनिधियों सहित सहायक अध्यापक संघ मृतक के घर पहुचकर शोक जताते हुए ढाढ़स बढ़ाया। सूचना मिलते ही केतार पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु गढ़वा भेज दिया। मौके पर सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष दीनानाथ मेहता, सहायक अध्यापक धनंजय पटेल, दीपक पाल, रामकुमार राम, गौरी शंकर सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि सुरेंद्र गुप्ता, मुखिया श्याम सुंदर बैठा, केतार मुखिया प्रमोद कुमार, समाज सेवी गुडन पासवान, आशीष पाठक, उदय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जिला कल्याण पदाधिकारी ने वन पट्टा दिलाने को लेकर किया पत्राचार



केतार (आजाद सिपाही)। जिला कल्याण पदाधिकारी निलेश मुर्मू ने सोमवार को केतार अंचल को पत्राचार कर वन अधिनियम 2006 के तहत मुकुंदपुर गांव के सूर्य नारायण वन में खेल मैदान और वन पट्टा उपलब्ध कराने को कहा है। उक्त आलोक में नियमानुसार ग्राम सभा कराकर ग्राम सभा की कार्यवाही, नक्शा, खतियान की प्रति, स्थल जांच प्रतिवेदन और आवश्यक कागजात के साथ दावा पत्र / अभिलेख अनुमंडल पदाधिकारी बंशीधर नगर को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि भवनाथपुर के जिप सदस्य रंजनी शर्मा ने मुकुन्दपुर के सूर्य नारायण वन में खेल मैदान हेतु सामुदायिक वन पट्टा उपलब्ध कराने का अनुरोध की थी।

## डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल ने छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण करवाया




गढ़वा (आजाद सिपाही)। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेराल स्थित डीएवी लीलावचन पब्लिक स्कूल ने छात्रों को शैक्षणिक भ्रमण करवाया। छात्र छात्राओं को भ्रमण के लिए क्रमशः वैष्णो धाम पहाड़ी मंदिर रामानुजगंज, वाटर पार्क,गर्म जल स्रोत ताता पानी का भ्रमण कराया गया जहां बच्चों को इस प्रकृति की सौंदर्यता का विधिवत भ्रमण और वर्णन कराया गया। ,इस मौके पर विद्यालय के निदेशक सुरेंद्र विश्वकर्मा ने कहा कि यह विधि पर्यावरणीय अध्ययन की निरसता को दूर कर उसे सरस और आकर्षक बनाती है। भ्रमण के द्वारा बालक, बालिकाओं, की सामान्य बुद्धि का विकास होता हैं और सामाजिक, समरसता यह विधि पाठ्यक्रम के अनुभवों को समृद्ध बनाती है। इस विधि से बालक सामाजिक वातावरण का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त करते हैं। विद्यालय प्राचार्य मनोज कुमार उपप्राचार्य मधु कुमारी, सचिव श्रीमती सुनैना विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष पारस नाथ विश्वकर्मा शिक्षक/शिक्षिकाए में रिजवान अंसारी, नागेंद्र प्रसाद ठाकुर, प्रियंका कुमारी, रेनू कुमारी, अमिता कुमारी, सूफिया नाहिद, नेहा कुमारी और कर्मचारियों में बलराम साह, मानिक चंद, प्रदीप कुमार इत्यादि लोग सहयोग के साथ उपस्थित रहें।

## वाजपेयी जी ने परमाणु परीक्षण कर विश्व के सामने मजबूत इरादा वाले भारत की पहचान को प्रदर्शित किया : केसरी

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेई युगपुरुष थे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की नीव को मजबूत करने में अपनी माहिती भूमिका निभाई, देश की विकास की गति में बढ़ाने के लिए अटल बिहारी वाजपेई ने साहसिक निर्णय लिया, परमाणु परीक्षण कर वह विश्व के सामने मजबूत इरादा वाले भारत की पहचान को प्रदर्शित किया। किसानों के हित ,शिक्षा के क्षेत्र में, सड़क के क्षेत्र में उनके प्रधानमंत्री कार्यकाल में चौमुखी विकास हुआ। आज उनकी सोच को भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी बखूबी निभा रहे हैं। जिससे आज पूरे विश्व में भारत की डंका बज रहा है पूरा विश्व आज भारत की ओर देख रहा हैं। श्री केशरी ने कहा कि आदिवासियों के हित के लिए झारखंड राज्य का निर्माण श्रधेय बाजपाई जी की देन है। उन्होंने कहा कि उन्हें भी झारखंड बनने के बाद कैबिनेट मंत्री के रूप में क्षेत्र के जनता का सेवा करने का मौका मिला जो श्रधेय अटल बिहारी वाजपेई के द्वारा झारखंड राज्य के गठन के पश्चात ही हो पाया। उन्होंने कहा कि आज उनकी जयंती पर हम सबों को संकल्प लेना चाहिए कि हम उनके मजबूत इरादों जैसा ही भारत का निर्माण करेंगे और भारत को विकसित करने के लिए तत्परता से लगे रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारत के करोड़ लोग के आस्था के स्वरूप अटल बिहारी वाजपेई हमेशा हम लोगों के दिलों में बसेंगे मौके पर अन्य लोग उपस्थित है।

## वाजपेयी जी ने गरीबों के उत्थान के लिए कई योजनाएं चलायी : मुखिया वीरेंद्र तिवारी

**मुखिया ने मुसहर परिवार के साथ-साथ अन्य जरूरतमं सौ लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के जन्म जयंती सह सुशासन दिवस पर प्रखंड भर में कई जगह कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें याद किया गया। प्रखंड के करकोमा पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बाजपेयी की तस्वीर पर मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी, भोला राम, रामलखन तिवारी, सुरजन बैठा, गौरी शंकर तिवारी, संदीप दुबे आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। सुशासन दिवस पर मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी ने मुसहर परिवार के साथ-साथ अन्य जरूरतमंदों करीब एक सौ लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया वीरेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का सोच हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को ऊपर उठने के लिए रहता था। उन्होंने अपने कार्यकाल में गरीबों के उत्थान के लिए अन्नपूर्णा योजना, अंत्योदय योजना, सर्व शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना सहित कई महत्वपूर्ण योजनाओं को चालू किया गया था। उनकी दूरदर्शी योजनाएं आज भी प्रासंगिक हैं।

इस अवसर पर मृत्युंजय तिवारी, राधेश्याम यादव, नंदलाल तिवारी, नाजिम अंसारी, श्रीकांत चौधरी, शहाबुद्दीन, चंदेश्वर राम, अभिमन्यु तिवारी, विजय मुसहर दिवार मुसहर सहित कई लोग थे इसके अलावे प्रखंड मुख्यालय में मेराल दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल के नेतृत्व में सुशासन दिवस मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में बाजपेई जी की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें याद किया गया। यहां के कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय भगत, डॉ लालमोहन, रुपू महतो, विजय प्रसाद, उदय कुशवाहा सहित कई लोग थे।

## आरपी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने की रेलवे स्टेशन परिसर की सफाई



गढ़वा (आजाद सिपाही)। आर. पी. एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के पदाधिकारी, कर्मियों सहित अन्य समाजसेवियों ने शनिवार को रेलवे स्टेशन परिसर की सफाई की। इस संबंध में जानकारी देते हुए आर. पी. एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के निदेशक डॉक्टर पतंजलि केसरी ने कहा कि स्वर्गीय राधा प्रसाद केसरी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रत्येक वर्ष सात दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इस दौरान कंबल वितरण, ठंड से ठिठुर रहे लोगों के लिए शहर के विभिन्न चौक चौराहे पर अलाव की व्यवस्था, मेडिकल किट वितरण, जरूरतमंदों के लिए रक्तदान, सार्वजनिक स्थलों पर साफ - सफाई सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। सात दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम के तहत शनिवार को रेलवे स्टेशन परिसर की सफाई की गयी। मौके पर अब्दुल मनन, डॉक्टर इश्तियाक रजा, मोहम्मद शमीम, इकराम, विजय जी, दामोदर राम, जुमन शेख, संतोष कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता जूनियर वर्ग

## आदित्य बिड़ला और बीपीडीएवी सेमीफाइनल में

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में खेले जा रहे 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल के प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मैच में आदित्य बिड़ला पब्लिक स्कूल रेहला की टीम ने साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल को रोमांचक मुकाबले में आठ रन से हराकर वही दूसरे मैच में बीपीडीएवी ने स्कूल ब्राइट फ्यूचर को 57 रनो से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आदित्य बिड़ला की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहन के 16 और अरबाज के 14 रनों के सहयोग से निर्धारित ओवरों में नो विकेट होकर 87 रन बनाएं। साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल की ओर से शेख सफी ने तीन विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी साउथ प्वाइंट की टीम ने धमाकेदार शुरूआत की परंतु आदित्य बिड़ला के गेंदबाज के सामने टिक नही पाए और पूरी टीम 79 रनों पर ही सिमट गई। साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल को अंतिम 18 गेंद में दस रनों की आवश्यकता थी जबकि आदित्य बिड़ला को तीन विकेट की आवश्यकता थी।

आदित्य बिड़ला की टीम ने सात गेंद के अंदर तीन विकेट झटक कर रोमांचक मुकाबले में साउथ प्वाइंट को आठ रनों से हराकर सेमीफाइनल में करने वाली पहली टीम बन गयी। वहीं दूसरे मैच में बीपीडीएवी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक के 45 और उत्कर्ष के 27 रनो के सहयोग से निर्धारित ओवरों में पांच विकेट खोकर 129 रनों का स्कोर खड़ा किया। स्कूल ब्राइट फ्यूचर की ओर से प्रतीक ने तीन विकेट लिया जवाबी पारी खेलने उतरी स्कूल ब्राइट फ्यूचर की टीम 72 रनो पर ही सिमट गयी। स्कूल ब्राइट फ्यूचर की ओर से आर्यन और अमित ने 13 रन बनाए।मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आदित्य बिड़ला के आदित्य भारद्वाज और बीपीडीएवी के उत्कर्ष को संघ के अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी सह अधिवक्ता सच्चिदानंद धर दुबे और सचिव आनंद सिन्हा ने संयुक्त रूप से प्रदान किया।

## ज्ञानी जैल सिंह की 29वां पुण्यतिथि मनायी गयी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज गढ़वा जिला इकाई की ओर से ज्ञानी जैल सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि ज्ञानी जैल सिंह का जन्म 5 मई 1916 में हुई थी। विधायक से लेकर मुख्यमंत्री तक केंद्र में मंत्री तक उन्होंने सफर तय किया। बाद में भारत के राष्ट्रपति के रूप में उन्होंने योगदान दिया। 25 जुलाई 1982 से 25 जुलाई 1987 तक पद राष्ट्रपति के पद पर आसीन रहे।वे भारत देश के पहले राष्ट्रपति थे जिनका धर्म सिख था। राष्ट्रपति बनने के पूर्व भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के रूप में गृह मंत्री सहित केंद्रीय मंत्रिमंडल के विभिन्न पदों पर रहे। उनकी मृत्यु चंडीगढ़ दिनांक 25 दिसंबर 1994 में हुई। कार्यक्रम झारखंड प्रदेश विश्वकर्मा समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा के आवास पर संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से डॉक्टर सुचित लाल विश्वकर्मा, बाबू लोहार, शिवकुमार विश्वकर्मा, ज्योति प्रकाश, बबलू कुमार शर्मा, तरनजीत विश्वकर्मा, बबलू विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, राममिलन विश्वकर्मा सुखनाथ विश्वकर्मा राजकुमार शर्मा आदि लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित की।

# शरीर स्वस्थ रहेगा तो पढ़ाई और खेलकूद में भी अव्वल होंगे बच्चे : डीडीसी

**आरके पब्लिक स्कूल का दो दिवसीय 29वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न**

**स्कूल निरंतर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध हैः अलखनाथ पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आरके पब्लिक स्कूल का दो दिवसीय 29वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का समापन समारोह का आयोजन किया गया। आज दूसरे दिन के समापन समारोह के मुख्य अतिथि डीडीसी राजेश कुमार राय व स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप व मशाल प्रज्वलित कर और खेल ध्वज को फहराकर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त ने कहा कि शारीरिक खेलकूद से ही शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है। जब शरीर स्वस्थ रहेगा तो हम पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी अव्वल होंगे। ईसा मसीह, सुकरात, महावीर, विवेकानंद और गौतम बुद्ध के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि 16 से 30 वर्ष का समय ही जीवन में कुछ करके अपना नाम-पहचान बनाने का समय होता है। उन्होंने स्कूल के छात्र-छात्राओं को कमर कस कर-के अपने रुचि के अनुसार क्षेत्र में लग रहने के लिए प्रेरित किया। संस्थान के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पांडेय ने कहा कि विद्यालय का यह 29वां वार्षिक दो दिवसीय खेलकूद महोत्सव का आज समापन समारोह है।

स्कूल के कई बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में खुद को साबित करते हुए राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता खेल रहे हैं। यह विद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि खेलकूद उतना ही जरूरत है जितना पढ़ाई। खेलकूद में भी बेहतर कैरियर की संभावना है। अभिभावक खेल के प्रति बच्चों को प्रेरित करें। उन्हें मोबाइल गेम से दूर रखें और स्वयं आउटडोर गेम्स में साथ लेकर जाएं ताकि उनका शारीरिक और मानसिक विकास अच्छे से हो सके। संबोधन के अंत में उन्होंने सभी प्रतिभागियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल के मिडिल और सीनियर विंग के छात्र-छात्राओं का फाइनल इवेंट कराया गया।

आज भी विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया जिसमें 100 मीटर की दौड़,400मीटर की दौड़, थ्रीलेग रेस, बैलून रेस, मैथ और सेंटेंस फ्रेमिंग रेस, बैक रेस, रीले रेस, ऊंची और लंबी कूद, डिस्क और जेवलीन थ्रो आदि शामिल हैं। इस उत्सव के माहौल में प्रतिभागियों ने अपने दमखम का प्रर्दशन किया। अभिभावकों के लिए मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र देकर मुख्य अतिथि और विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पांडेय के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर अनिल पांडेय,गायत्री देवी, महावीर प्रसाद, धनंजय तिवारी, बिजय चौबे, आलोक मिश्रा, मुजुबुद्दीन खान, अवधेश कुशवाहा व स्कूल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थित थे।

## अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती मनायी



भंडरा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। भारत रत्न भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती ग्राम भैसमुंदो, बूथ नंबर 82 शक्ति केंद्र उदरंगी, मंडल भंडरा, जिला लोहरदगा, बिशुनपुर विधानसभा मे मनायी गयी। जयंती कार्यक्रम में भाजपा के जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड अलग राज्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, महिला मंडल का गठन कर महिलाओं को सशक्त करना, स्वर्ण चतुर्भुज योजना के तहत फोरलेन सिक्स लेन सड़क निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्यो की उपलब्धि श्रद्धा बिहारी वाजपेयी जी को जाता है। कार्यक्रम में वार्ड सदस्य कांति देवी, अभिषेक सिंह, करमचंद महतो इटवा उरांव, मनोज महतो, संध्या कुमारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 26 दिसंबर, 2023
www.azadsipahi.in


## लावारिश हालत में मिली नवजात बच्ची



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू थाना क्षेत्र के कालीपुर गांव में सोमवार की सुबह ममता की छांव से महरूम एक नवजात बच्ची लावारिस हालत में पाई गई। बच्ची महज दो-तीन दिन की बताई जा रही है। कोई उसे कालीपुर जोड़ा पुल के समीप छोड़कर चला गया है। रोने की आवाज सुनकर कुछ ग्रामीणो ने उसके बारे में कुडू थाने में सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना की दरोगा राधा रागिनी मौके पर पहुंची और बच्ची को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडू लाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों द्वारा नवजात को बेहतर इलाज के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल रेफर किया गया। जहां गहन चिकित्सा केन्द्र (आईसीयू) में बच्ची का इलाज किया जा रहा है। फिलहाल पुलिस जरूरी कागजी कर्रवाई के बाद बच्ची के परिजनों की तलाश कर रही है।

## सुशासन दिवस के रूप में मनी अटल की जयंती



**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा सोमवार को अलोदिया पंचायत के शुक्रबाजार के तैलिक समाज धर्मशाला बूथ संख्या 301, 302, 303, 304 पर पूर्व प्रधानमंत्री श्रधेय अटल बिहारी वाजपेयी जी जयंती मनाई गई।सर्व प्रथम चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंडल अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहु ने की एवं मंच का संचालन मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने की। मौके पर वक्ताओ ने श्रधेय अटल जी जीवनी के बारे बताया। सुशासन दिवस के मौके पर चंदवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में स्वास्थ्य लाभ लेरहे मरीजो के बीच फल वितरण किया गया।मौके पर सुशासन दिवस मंडल के प्रभारी पूर्व मंडल अध्यक्ष राज कुमार पाठक,भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, जिला मंत्री कुलामन साव, पूर्व जिला महामंत्री देवमोहन सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, जिला सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र यादव, मंडल महामंत्री शिवकेश्वर यादव, कृष्णा कुमार, प्रदीप ठाकुर, सूर्यनारायण साहू, मनोज पाठक, छोटू कुमार, राजकुमार गुप्ता समेत अन्य सम्मानित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## तीन बार देश के प्रधानमंत्री रहे वाजपेयी: लखन



**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखण्ड में भारत रत्न देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी की 99 वीं जयंती के अवसर पर सोमवार को देवी मण्डप के सामने कैरो में भाजपा मण्डल अध्यक्ष लखन उरांव की अगुवाई में सुशासन दिवस के रूप में मनायी गई। भाजपा कार्यताओं के द्वारा उनके चित्र में मलार्यापन कर उन्हें श्रंद्धांजलि दी गई। मौके पर मण्डल अध्यक्ष लखन उरांव ने कहा कि आज के दिन 1924 को आज ही के दिन हुई थी। वे लंबे समय तक भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व तीन बार देश के प्रधान मंत्री रहे। अटल बिहारी बाजपेयी के नेतृत्व में भाजपा पार्टी संगठन एक नई ऊंचाई पर पहुंची गैर कांग्रेस प्रधान मंत्री के रूप में वे पहली बार 5 वर्ष पूरा किया । उनके उनके नेतृत्व में देश का सर्वांगीण विकास के पथ पर अग्रसर हुई। वे एक कुशल राजनेता, हृदय सम्राट कवि, मृदुभाषी, सौम्य स्वभाव के धनी थे उनके योगदान को हम भारतवासी कभी भी नही भुला सकते। मौके पर ज़िला कार्यसमिति विसेश्वर प्रसाद दिन मण्डल महामंत्री विनोद रविदास,पूर्व मण्डल अध्यक्ष कैलाश महतो, शिवचरन तुरी सुगेंद्र साह लक्ष्मी सिंह राधे साहु कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे इनके अलावा मंडल के सभी पंचायत में भी मनाया गया सडावे पंचायत में राजेंद्र महतो लाखो उरांव फलिंद्र राविदास हनहट में मोहन साहु गोविन्द महतो लाला उरांव राधेश्याम लोहारा नरौली में मणिदार शाह सायेस्वर सिंह कैरो मे मनोज साहु राजेश सोनी पंकज साहु बिबेक प्रजापति ईत्यादि कार्यक्रता उपस्थित होकर मनाया गया

## जयंती पर याद किये गये पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** सोमवार को भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती समारोह भाजपा मंडल कार्यालय के साथ-साथ मंडल अंतर्गत सभी बूथ और शक्ति केंद्रों पर मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में कमेटी के पदाधिकारी के साथ-साथ पश्चिम क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल समेत अन्य लोगों के उपस्थिति में जयंती समारोह मनाई गई। मौके पर मौजूद सभी ने अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर के श्रद्धा सुमन अर्पित किया औ? उनके जीवन काल को याद करते हुए विचारों को व्यक्त किया। जिला परिषद की सदस्य संतोषी शेखर ने कहाँ की भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के द्वारा देश की सुरक्षा को लेकर जहां अपने कार्यकाल में शक्ति को मजबूत करने के साथ-साथ देश में रह रहे अंतिम व्यक्ति के भोजन आवास शिक्षा रोजगार जैसे गंभीर मुद्दों पर काम करते हुए कई कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरने का काम किया था जिसका लाभ आज देश के करोड़ों लोगों को मिला है । इस दौरान मौके पर महामंत्री प्रदीप सिंह उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास कुमार, दिलीप कुमार पासवान, प्रवीण कुमार, पवन चौधरी , पारस जायसवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## घर-घर में किया गया तुलसी पूजन

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सोमवार को विहिप, बजरंग दल, जय श्री राम समिति समेत अन्य सनातनी धर्म संगठन के आह्वान पर पूरे जिले के सनातनियों ने अपने अपने घरों मे तुलसी पूजा धूमधाम से मनाया। तुलसी पूजन में घर के बड़े बुजुर्गों के अलावा छोटे छोटे बच्चे भी शामिल होकर माँ तुलसी की पूजा अर्चना धूमधाम से किया। सुबह सूर्योदय से पूर्व उठकर स्नान करके माँ तुलसी के पौधे के समक्ष धूप दीप जलाकर अपने परिवार की सुख शांति की कामना की । सनातन धर्म में तुलसी पूजा की परंपरा पौराणिक काल से चली आ रही है। हर घर के आंगन में तुलसी का पौधा जरूर होता है। जिसकी सुबह-शाम पूरे श्रद्धा भाव से पूजा की जाती है। तुलसी को लक्ष्मी का रूप माना जाता है। ऐसी मान्यता है की यदि घर में तुलसी का पौधा हरा भरा हो तो घर में सुख शांति बनी रहती है। तुलसी पूजन से बुरे विचारों का नाश होता है।

# जेजेएमपी के एरिया कमांडर समेत तीन उग्रवादी गिरफ्तार

रूपेश अग्रवाल/ मुकेश कुमार



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार पुलिस को उग्रवादियो के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने गुप्ता सूचना के आधार पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एसपी अंजनी अंजन एक प्रेस वार्ता का आयोजन कर इसकी जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि हमें गुप्त सूचना मिली थी कि लातेहार थाना अंतर्गत ग्राम नरेशगढ़ में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के सक्रिय समर्थक कमलेश्वर सिंह उर्फ गुरुजी के घर में उग्रवादी संगठन के सुप्रिमो पप्पू लोहरा, सबजोनल कमांडर लवलेश गंझू अपने हथियार बंद दस्ता सदस्य जितेन्द्र सिंह उर्फ बजरंगी, प्रभात , सुरज कुमार लोहरा उर्फ सर्वनाश, अनिल लोहरा आदि सदस्यों के साथ क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों में लगे स्थानीय संवेदकों ठेकेदारों से लेवी वसूलने हेतु एवं नहीं देने वालों के विरुद्ध फौजी कार्रवाई करने हेतु योजना बना रहे हैं। उक्त सूचना के आधार पर लातेहार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया।

छापामारी दल के द्वारा पूरी सावधानी एवं सतर्कता पूर्वक जब ग्राम नरेशगढ़ स्थित कमलेश्वर सिंह उर्फ गुरु जी के घर की घेराबंदी कर विधिवत तलाशी लिया गया। तलाशी के क्रम में घर से प्रतिबंधित जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सशस्त्र दस्ता सदस्य सूरज लोहरा उर्फ सर्वनाश, सक्रिय सदस्य अनिल लोहरा, सक्रिय सदस्य एवं घर के स्वामी कमलेश्वर सिंह उर्फ गुरु जी को विधिवत गिरफ्तार किया गया है।

**इनकी हुई गिरफ्तारी:** सूरज कुमार लोहरा उर्फ सर्वनाश, पिता- कमल लोहरा । अनिल लोहरा, पिता- राजेन्द्र लोहरा । कमलेश्वर सिंह उर्फ गुरु, पिता- स्व० राम संजीव सिंह।

**ये सामान हुआ बरामद:** जीओ और एयरटेल का राउटर, 04 जीओ का नया सीम, सुखदेव भोक्ता उर्फ प्रभातका आधार कार्ड, एक मैग्जीन लगा हुआ पिस्टल, 04 जंदा कारतुस, 02 वॉकी टॉकी, एक बोलेरो गाड़ी जिसका पंजी० सं० - जेएच 03 एएफ 1754, एक बिना पंजीयन नंबर का बाईक बरामद ।

छापामारी दल में डीएसपी संतोष कुमार मिश्र, लातेहार थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, गौरव सिंह, राज रौशन सिन्हा, दिवाकर धोबी, कुबेर प्रसाद देव, नागेश्वर महतो, उमापद महतो और सैट-1 लातेहार एवं सहायक महिला बल के जवान शामिल थे।

## मनरेगा योजना में जेसीबी लगाकर करवा रहे हैं कुआं का निर्माण

डिम्पल राजा





जेसीबी मशीन से खोदा गया कूप और जानकारी देता लाभुक।

**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही) ।** रांकीकला पंचायत के ढावाक्रम गांव में मनरेगा योजना के सिंचाई कूप का निर्माण जेसीबी मशीन से करवायी गई है । वहीं मामले के जानकारी के बाद झारखंड राज्य मनरेगा वाच संयोजक जेम्स हेरेंज की पूरी टीम ने योजना स्थल का जांच किया जहां पर पाया गया कि योजना का निर्माण जेसीबी मशीन से ही करवायी जा रही थी। वहीं इस बारे में जेम्स हेरेंज ने बताया कि ग्राम कुई में बिमल उरांव के जमीन पर सिंचाई कूप निर्माण योजना 2023-24 अप्रैल महीने में पारित की गई थी और 13 से 19 जुलाई तक मनोज यादव, कमली देवी, विमल उरांव और उनकी पत्नी के नाम से 24 कार्य दिवस का उपरोक्त निकासी की गई है। योजना का प्राक्कलित राशि 3.46 लाख है और अब तक 0.0612 लाख अर्थात 6 हजार 1 सौ 20 रुपए खर्च किए गए हैं। जांच के दौरान देखा गया की योजना स्थल पर लाभुक ना होकर जेसीबी मशीन से काम करवाने वाला मनोज यादव नामक व्यक्ति मंडरा रहा था। जिससे साफ प्रतीत होता है कि मनोज यादव बिचौलिए का भूमिका अदा कर रहा है। बताते चलें की योजना का निर्माण जेसीबी मशीन से ऐसे समय में करवाने का प्रयास किया गया जिस समय किसी भी प्रकार का मास्टर रोल सृजित नहीं की गई थी। इसके बारे में लाभुक को भी पता नहीं चला जिससे साफ प्रतीत होता है कि योजना का निर्माण जेसीबी मशीन से पूरा करवाने के बाद फर्जी तरीके से योजना में मास्टर रोल सृजित किया जाता। मौके पर जेम्स हेरेंज ने कहा कि इस सिंचाई कूप निर्माण में जेसीबी मशीन लगाकर नरेगा का प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है। इस मामले में संलिप्त लोगों के ऊपर सख्त कार्रवाई हेतु जिला प्रशासन व सरकार को रिपोर्ट सौंपेंगे।

## बैटरी चुराकर भाग रहे चोरों को पुलिस ने दबोचा

**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही) ।** कैरो थाना क्षेत्र के उतका व नरौली गांव में शनिवार रात चोरों ने कई ट्रैक्टर व जेसीबी की बैटरियां चुरा ली। जानकारी के अनुसार उतका निवासी अख्तर अंसारी और तौहीद अंसारी के घर के बाहर ट्रैक्टर खड़ा था। इसकी बैटरी को चोरों ने चुरा लिया। इसके बाद नरौली गांव में यमुना साहू के घर के पास खड़े जेसीबी और ट्रैक्टर के बैटरी भी चोर खोल रहे थे। इसी क्रम में ग्रामीणों को भनक लग गई। लोगों के निकलने से पहले चोरों को भनक लग गई। वह आटो में सवार होकर भागने लगे। ग्रामीणों द्वारा लोहरदगा पुलिस को इसकी सूचना दी गई पुलिस ने आटो से भाग रहे चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता मिल गई। पकड़े गए चोरों में लोहरदगा सेरेंगहातु निवासी दिलशाद अंसारी, पिता-सतार अंसारी, विशाल साहू, पिता-बसंत साहू हैं।

## 2024 की तैयारी से संबंधित थीम वार बैठक आज

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोकसभा आम निर्वाचन, 2024 की तैयारी से संबंधित थीम वार आज से प्रारंभ होगी। इसमें जिला स्तर पर मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों द्वारा प्रखण्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। 'थीम - 4' अंतर्गत मतदाता सूची, ईआरओ नेट, स्वीप, आईटी एप्लीकेशन का प्रशिक्षण 11 बजे पूर्वाह्न से 1.30 बजे अपराह्न तक दिया जाएगा। 2.30 बजे अपराह्न से 5 बजे तक 'तज्म - 5' अंतर्गत ईवीएम एवं वीवीपैट, चुनाव सामग्री, डाक मतपत्र/ ईटीपीबीएस, गिनती और परिणामों की घोषणा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। दिनांक 28.12.2023 को 11 बजे पूर्वाह्न से 1.30 बजे अपराह्न तक 'थीम-2' अंतर्गत जिला चुनाव प्रबंधन योजना, मतदान दिवस प्रबंधन, मतदान केंद्र का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## अटलजी की जयंती पर चेतलाल राम ने किया कंबल का वितरण

संतोष सिन्हा



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती लातेहार विधानसभा क्षेत्र मे धुमधाम से मनाया गया है। वही भाजपा नेता सह लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भाजपा से भावि विधायक के रुप मे चर्चा में रह रहे चेतलाल राम दास ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के जयंती के अवसर पर कड़ाके की ठंड को देखते हुए लातेहार विधानसभा क्षेत्र मे असहाय जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया । इस अवसर पर चेतलाल राम दास ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी जी चार दशकों से भारतीय संसद के सदस्य थे, लोकसभा, निचले सदन, दस बार, और दो बार राज्य सभा, ऊपरी सदन में चुने गए थे। उन्होंने लखनऊ के लिए संसद सदस्य के रूप में कार्य किया। 2009 तक उत्तर प्रदेश जब स्वास्थ्य सम्बन्धी चिन्ताओं के कारण सक्रिय राजनीति से सेवानिवृत्त हुए। अपना जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक के रूप में आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेकर प्रारम्भ करने वाले वाजपेयी राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठबन्धन (राजग) सरकार के पहले प्रधानमन्त्री थे, जिन्होंने गैर कांग्रसी प्रधानमन्त्री पद के 5 वर्ष बिना किसी समस्या के पूरे किए। आजीवन अविवाहित रहने का संकल्प लेने के कारण इन्हे भीष्मपितामह भी कहे जाता थे। 16 अगस्त 2018 को लम्बी बीमारी के बाद अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, दिल्ली में श्री वाजपेयी का निधन हो गया। वे जीवन भर भारतीय राजनीति में सक्रिय रहे। वाजपेयी प्रधानमन्त्री पद पर पहुँचने वाले मध्यप्रदेश के प्रथम व्यक्ति थे। मौके पर लातेहार भाजपा जिलाध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह, जिला प्रभारी मुकेश रंजन सिन्हा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## इसाई धर्मावलंबियों की क्रिसमस पर्व की रही धूम

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में ईसाई धर्मावलंबियों की सबसे बडी पर्व ईसा मसीह का जन्म दिवस क्रिसमस का पूरे धूमधाम एवं उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड के कैथोलिक चर्च, यूनियन चर्च, छिपादोहार मरियम चर्च समेत सभी चर्च को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। क्रिसमस पर्व का ईसाई धर्म लंबियों द्वारा कब कई दिनों से तैयारी किया जा रहा था। क्रिसमस की पूर्व संध्या पर रविवार मध्य रात्रि प्रखंड के मुख्य कैथोलिक चर्च में गैदरिंग एवं यीशु मसीह जन्मदिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविवार रात्रि चर्च परिसर में काफी संख्या में आसपास के ईसाई धर्म लंबियों जमा होकर प्रभु यीशु मसीह का जन्म दिवस कार्यक्रम मनाया। इस अवसर पर लोगों ने सर्वप्रथम प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस के अवसर पर कई लोगो ने प्रार्थना व गीत के माध्यम से प्रभु यीशु मसीह की याद किया। मिशा अनुष्ठान एवं प्रार्थना सभा के बाद 3 घंटा से अधिक समय तक चले कार्यक्रम में लोगों ने प्रभु यीशु मसीह से जुड़े कई यादगार पलों को याद करते हुए। वही मध्य रात्रि 12:00 बजे से पूर्व मुख्य फादर देवनिष कुजूर ने प्रभु यीशु मसीह के संदेशों को लोगों के बीच में रखते हुए उनके त्याग बलिदान संदेश दिया। मध्यरात्रि 12:00 बजे प्रभु यीशु मसीह के जन्म होने के बाद लोगों ने जश्न के साथ प्रभु यीशु मसीह का जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को बधाई दिया। वही रविवार सोमवार को क्रिसमस के अवसर पर कई लोगों ने कैथोलिक चर्च वीअन्य चर्च जाकर प्रार्थना सभा कैंडल जलाकर प्रार्थना किया। मौके पर फादर जोशी, फादर जॉर्ज, विक्टर केरकेट्टा, मनोज बैक, सुनीता खलखो, आरती रजनी सुरीन, आलोक कुजूर, दीपा बारा, जॉर्ज टोपनो, केदार बोदरा समेत काफी संख्या में ईसाइ धमार्लंबियों शामिल थे।

## अभाविप की प्रदेश कार्यकारिणी समिति में शामिल हुए लोहरदगा के सात कार्यकर्ता





**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विगत सात से दस दिसंबर तक राजधानी दिल्ली में इंद्रप्रस्थ नगर में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन में पूरे देश से अभाविप के कार्यकर्ता शामिल हुए। जिसमे अपने अपने प्रांत के प्रांतीय अधिवेशन भी किया गया। जिसमे झारखंड प्रदेश अध्यक्ष डॉ दीप नारायण के द्वारा नए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य की घोषणा की गई। लोहरदगा जिला के सात कार्यकर्ताओ के नाम की घोषणा हुई। जिसमे अध्यापक ब्रजकिशोर बड़ाइक, आदित्य साहू, विवेक सिंह, मोहित कुमार, प्रीतम नायक, अंजना देवी, राखी कुमारी शामिल हैं। इन सभी लोगों का 2023 - 2024 के लिए घोषणा की गई। इनके मनोनयन पर गुमला विभाग संयोजक अंकित कुमार, जिला प्रमुख छवि सिंह, नगर अध्यक्ष मनोग्या पांडे समेत अन्य कार्यकताओं ने बधाई दिया है। विभाग संयोजक अंकित कुमार ने बताया कि अभाविप एक ऐसा छात्र संगठन है जो देश की दिशा और दशा दोनों तय करती हैं। यह विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। देश ही नहीं विदेशों में भी अभाविप के कार्यकताओं पूरी तन्मयता व ऊर्जा के साथ काम करते हैं। छवि सिंह ने कहा कि अभाविप ने राष्ट्रसेवा व आत्म गौरव के 75 वर्ष पूरा कर ली है। मौके पर आदित्य साहू, प्रीतम नायक, विवेक सिंह, राखी कुमारी, अंजना देवी रितिका कुमारी, प्रियंका कुमारी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंजुमन के चुनाव समिति का हुआ गठन



**कैरो/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित ईदगाह में प्रखंड क्षेत्र अवस्थित सभी अंजुमन के सदर, सेक्रेटरी और अन्य बुद्धिजीवियों की बैठक हनहट अंजुमन के सदर अतिकुर्रहमान साहब की अध्यक्षता में हुई। स्वंय सेवी संस्था मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी के सौजन्य से आयोजित इस बैठक में प्रखंड स्तरीय अंजुमन के गठन को लेकर गहन विचार-विमर्श किया गया। सर्वसम्मति से यह तय हुआ कि अंजुमन का गठन मतदान से किया जाएगा जिसमें हर गांव के अंजुमन से सात पदाधिकारी हिस्सा लेंगे। प्रखंड स्तरीय अंजुमन के किसी पद के लिए 30 से 60 वर्ष आयु के बीच का शिक्षित पुरूष ही चुनाव लड़ सकेंगे। चुनाव सफलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए मौके पर एक चुनाव कमीटी गठित की गई । चुनाव कमीटी में हाफिज सरफराज, मोजाहिर अंसारी, नाजिर आलम खान, अतिकुर्रहमान, महताब आलम, रिजवान अंसारी, फरीद खान, अख्तर अंसारी, नेसार खान, कलीम अंसारी, नेसार अंसारी के नाम शामिल हैं। चुनाव कमिटी के संयोजक अलीरजा अंसारी ने बताया कि कमिटी की अगली बैठक 27 दिसंबर को होगी जिसमें चुनाव संबंधी सारी जरूरी बातें तय कर ली जाएंगी। मौके पर मुश्ताक अंसारी, मजुल अंसारी, अमानत, अफरोज, मुस्लिम, जहीर, युनुस, नौशाद, रोजामत, अकबर,मोख्तार, युसूफ सहित सभी अंजुमन के पदाधिकारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## मनायी गयी स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती जयंती




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** विश्व हिंदू परिषद धर्म प्रसार के तत्वाधान में पेशरार प्रखंड में स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती जयंती मनाई गई। जिसमें पेशरार प्रखंड के ग्रामीण उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता ने किया। उन्होंने कहा कि स्वामी श्रद्धानंद सरस्वती हमेशा से धर्म को बचाने में लग रहे हैं। आज जिस तरह से हमारे गांव की बहने माताएं धर्म के शिकार हो रही है। बहुत ही चिंता का विषय है। जिस तरह से आदिवासियों के अधिकारों पर उनके हक का कब्जा हो रहा है यह ठीक नहीं है। यह लड़ाई आदिवासियों को जागृत करने के लिए है। अभी भी आदिवासी जागृत नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ी आदिवासी को किताबों में पढ़ेगी। धर्मांतरित लोग हमारी संस्कृति को विलुप्त करने का काम कर रहे हैं। धर्मांतरित करके हमारी संस्कृति को बर्बाद कर रहे हैं। मौके पर उपस्थित विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रवर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद के जिला संगठन मंत्री कार्तिक विश्वकर्मा, बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू, बजरंग दल सह गौरक्षा प्रमुख चांदन गोप, समाजसेवी सुभाष सिंह, राजेश महतो, संत किशोर सिंह, अरविंद यादव, नंद किशोर मिश्रा, दिनेश भगत, सलो देवी, रीना देवी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल कार्यालय में मनायी गयी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती




**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** भाजपा मंडल कार्यालय में अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के शुभ अवसर पर मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के निदेर्शानुसार एवम मंडल महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी विजय यादव की अध्यक्षता में अटल बिहारी अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को उपस्थित लोगो के बीच रखा गया। बालूमाथ मंडल के विभिन्न पंचायतों में भी अटल बिहारी वाजपेयी जी के जयंती के शुभ अवसर पर जयंती धूम धाम से मनाया गया। भाजपा नेता शैलेश सिंह जी ने अटल बिहारी वाजपेई जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों के बारे में बताया साथ ही साथ एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार ने माइक्रो डोनेशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी । मौके पर ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष त्रिवेणी साव, जिला कार्यसमिति सदस्य रविन्द्र सिन्हा, जिला कार्यसमिति सदस्य संजय यादव, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति अरविंद भगत, मंडल उपाध्यक्ष अशोक साहू, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, मंडल महामंत्री विजय यादव, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, मंडल मंत्री अखिलेश भोक्ता, भाजपा नेता शैलेश सिंह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, खेलो इंडिया जिला संयोजक प्रवेश सोनी, चेतग पंचायत समिति पिंटू नायक, मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा समेत दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

# किशोरी हुई लापता, थाना में कराया गया सन्हा दर्ज



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला ।** गुमला लोहरदगा रोड स्थित डाडू टोली मिशन चौक निवासी 7 वर्षीय श्रेया कुमारी, पिता सुकरा उरांव रविवार दिन के 11 बजे से लापता हो गई। परिजन अपने स्तर से बच्ची को काफी खोजबीन किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद परिजन रविवार की शाम गुमला थाना में बच्ची के लापता होने का स्नहा दर्ज कराया। परिजनों ने बताया बच्ची अपने नाना के यहां मिशन चौक डाडू टोली में रहती है। घटना के दिन उसकी नानी अस्पताल गई थी। घर पर कोई नहीं था वहीं लौटने पर बच्ची को घर से गायब पाया काफी खोज बिन करने के बाद भी बच्ची का कुछ पता नहीं चला परिजनों ने आशंका व्यक्त की है की बच्ची को कोई प्रलोभन देकर ठग फुसलाकर कहीं ले गया है क्योंकि वह अपना कपड़ा साथ लेकर गई है। वही पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है। वही बच्ची का पता चलने पर थाना प्रभारी विनोद कुमार ने मोबाइल नंबर 9304382300 पर सूचना देने की अपील की है।

# अपने सिद्धांतों में अटल भारत रत्न को पूरी दुनिया पूजती है: कमलेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जन्म जयंती पर भाजपा गुमला जिला द्वारा वीर कुंवर सिंह भवन में सुशासन दिवस व संगोष्ठी कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश भाजपा की उपाध्यक्ष पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर ने कहा अटल की जयंती 25 दिसंबर को पूरा देश याद करता है। अपने वादे के अनुसार 13 लोकसभा सीट बीजेपी को देने के बाद अटल ने अलग राज्य का सपना पूरा किया। अमेरिका जैसी महाशक्ति को नजर अंदाज कर परमाणु संपन्नता में देश को शिखर तक पहुँचाया। अपने फैसले से अटल जी ने हमेशा भारत को शिखर पर रखा। पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने वाजपेई की जीवनी पर प्रकाश डाली। उन्होंने कहा कि अपने सिद्धांतों में अटल भारत रत्न को पूरी दुनिया पूजती है, जिन्हें पूरी दुनिया अपना नेता मानती है। जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी ने अटल बिहारी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा अटल जी का नाम लेते ही हर भारतीय के अंदर राष्ट्र भावना जागृत होती है। वे 9 बार लोकसभा सांसद दो बार राज्यसभा सांसद तीन बार प्रधानमंत्री के पद पर रहने के वावजूद उनकी छवि बेदाग रही। भारतीय राजनीति के अजातशत्रु के रूप में जाने जाएंगे, ऐसे नेतृत्व को याद करने से हर भारतवासी गर्व करता है। संगोष्ठी कार्यक्रम में जिले के जाने-माने कवि आफताब अंजुम, सरफराज कुरैशी व स्वप्न कुमार राय ने वाजपेई के जीवन पर कविता के माध्यम से राष्ट्र प्रेम का अलख जगाया। कार्यक्रम का संचालन पार्टी के युवा नेता देवेंद्र लाल उरांव ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भूपन साहु, जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल, निर्मल गोयल, चेम्बर अध्यक्ष दामोदर कसेरा, लालमोहन साहू, शैल मिश्रा,सागर उरांव, चितरंजन मिश्रा, सुजीत नंदा, विद्या मिश्रा, रामवतार भगत, संजय वर्मा, अरविन्द मिश्रा, शम्भु सिंह, बालकेश्वर सिंह, दीप्ति उरांव, रामेश्वरी देवी, सोनामणि उरांव, विपिन सिंह, पायल तिवारी, गीता मिश्रा, संतोष सिंह, सौरभ पांडे ,मंगल सिंह भोक्ता, कौशलेंद्र जमुआर, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, ज्योति वर्मा आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे ।



# अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर ।** प्रखंड में जनसंघ के संस्थापक अटल बिहारी वाजपेई की जयंती सोमवार को भारतीय जनता पार्टी बिशुनपुर मंडल अध्यक्ष केदार साहू के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकताओं ने धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर उनके फोटो पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के सबसे लोकप्रिय और सर्वमान्य नेता अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती आज सुशासन दिवस के रूप में प्रखंड से लेकर बुथ स्तर पर कार्यकताओं के द्वारा धूमधाम से मनाया जा रहा है। उन्होंने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तीन बार प्रधानमंत्री रहे अटल जी ने 1999 में पाकिस्तान की सेना द्वारा कारगिल की चोटियों पर कब्जा किए जाने के बाद जून में आपरेशन विजय को हरी झंडी दी। 1998 में पोखरण परीक्षण कराकर खुद को साहसी और सशक्त नेता के तौर पर स्थापित किया। इस मौके पर उपाध्यक्ष बिल्टू लोहार सोशल मीडिया प्रभारी मनीष अंबस्ट अभिषेक रंजन विद्यानंद ठाकुर बहुरा साहू दामोदर साहू शंकर कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# भाजपाइयों ने मनायी अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

**भरनो ।** भरनो मंडल कार्यालय मे पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पंडा के नेतृत्व में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती मनायी गयी। भाजपा कार्यकताओं ने अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर और माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी ।

पूर्व मंडल अध्यक्ष संतोष पंडा ने उनकी जीवनी पर प्रकास डालते हुए का की आज भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती है। अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर, 1924 को हुआ। वह तीन बार देश के प्रधानमंत्री होने के अलावा हिंदी कवि, पत्रकार और प्रखर वक्ता भी थे। वह जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे। उन्होंने भारत को मजबूत और विकसित बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। वे एक महान राष्ट्रवादी थे, जिन्होंने एक प्रख्यात वक्ता, अद्भुत कवि, सक्षम प्रशासक और एक उल्लेखनीय सुधारवादी के रूप में अपनी पहचान बनाई। भारत के सार्वजनिक जीवन में अटल जी के जबर्दस्त योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा।

वहीं भरनो बस्ती के मनीष मिश्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई के जयंती के अवसर पर अपने लिखी हुयी कविता के माध्यम से उनके देश हित मे किये उनके कार्यों के प्रति सभी को अवगत कराया। इस मोके पर प्रमुख पारस नाथ उरांव, अशोक केशरी, भोला प्रसाद केशरी, रामनंदन साही , मनीष मिश्रा, शंकर साही, कौसलेस मिश्रा, श्रीकांत केशरी , मुरारी केशरी, अभिषेक केशरी प्रेम सिंह, बजरंग गुप्ता, नीलम गुप्ता, शम्भु केशरी सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।




# अटल बिहारी वाजपेयी करिश्मायी नेता थे: शैलेश



आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** इप्रखंड के मोरेंग एवं बसिया दीवानटोली में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित एवं माल्यापर्ण करते हुए उनके द्वारा किये गए लोककल्याणकारी कार्यो की चर्चा की गयी। इस अवसर पर भाजपा नेता शैलेश साहू ने कहा कि स्व अटल बिहारी वाजपेयी एक करिश्माई नेता थे और वे देश और जनहित में हमेशा कार्य करते रहे। अटल बिहारी बाजपेयी सही मायने में देश के लोकप्रिय नेता रहे है और हम सभी को उनके आदर्शों पर चलकर राजनीति और समाजसेवा करने की आवश्यकता है। इस मौके पर तेजू साहू, विनोद कुमार साहू, संदीप साहू, राजेश्वर साहू, परशुराम सिंह, सचिन साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय सिंह पिन्टू, भाजयुमो अध्यक्ष राजकुमार सिंह, रामाशंकर पांडेय, बदरुद साहू समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# माले और जेएनडी का संकल्प कार्यक्रम 27 को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल का संकल्प कार्यक्रम 27 दिसंबर 2023 को दिन के 12 बजे अयोजित किया जाएगा। स्टेडियम स्थित लांस नायक परमवीर अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा के पास कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में पार्टी के सभी पदाधिकारी से सम्मिलित होने की अपील की गई है। परमवीर की जयंती के अवसर पर संकल्प कार्यक्रम के जरिए गुमला को रेल लाइन से जोड़ने व गुमला लोहरदगा के सीमांत पर अल्युमिनियम कारखाना का निर्माण के लिए केंद्र सरकार व राज्य सरकार को मांग-पत्र भी 27 दिसंबर को भेजी जाएगी। इसके अलावे गुमला जिला में 2024 में होनेवाली प्रमुख कार्यक्रमों की भी घोषणा की जाएगी। कार्यक्रम में पार्टी के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह मुख्य रूप से भाग लेंगे।

# आगलगी मामले को लेकर किसान सभा करेगी दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा की एक टीम गरीब किसान बुधरा खड़िया के खलियान में रखे धान का गांज में आग लगाने की घटना के बाबत मामले की तहकीकात के लिए तथा किसी भी किसान के साथ इस तरह की घटना ना घटे इस बात को लेकर किसान नेताओं का दौरा का कार्यक्रम तय की गई है। मालूम हो की 20 दिसंबर को रात्रि में दबंगों के मिली भगत से बुधरा खड़िया के खलिहान में रखे धान का पर आग लगाकर करीब 45 क्विंटल धान को नष्ट कर दिया गया था। घर के लोग धान में लगी आग न बुझा पाए इसके लिए बुधरा खड़िया के घर को हरवे हथियार के साथ लोग घर को घेर कर रखे हुए थे। पुलिस के गांव आने के बाद घर घेरने वाले भागे तब जाकर बुधरा खड़िया पुलिस के साथ खलिहान गए तब तक सभी धान जलकर राख हो चुका था। थाने में नामजद आवेदन देने के बावजूद समाचार लिखे जाने तक किसी भी आरोपियों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हुई है। कार्रवाई नहीं होने से बुधरा खड़िया के परिवार वालों को जान माल की भी क्षति की आशंका बनी हुई है। इस मामले पर पुलिस प्रशासन का सुस्त रवैया को देखते हुए अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा ने 26 दिसंबर 2023 को घटनास्थल जाकर पीड़ित किसान से तथा ग्रामीणों से भी मिलने का निर्णय लिया है। जरूरत पड़े तो पीड़ित किसान के पक्ष में किसान सभा आंदोलन को भी बाध्य होगी।

# हनुमत महायज्ञ के लिए भूमि पूजा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर ।** अयोध्या में बने राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बिशुनपुर प्रखंड रेहलदाग स्थित महादेव वर में आयोजित नौ दिवसीय हनुमत कल्याण महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सोमवार को भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर यज्ञ के मुख्य आचार्य कल्याण बाबा ने बताया कि अयोध्या में बने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बिशुनपुर के महादेव वर में बने हनुमान मंदिर का भी प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा। इस निमित्त नौ दिवसीय हनुमत कल्याण महायज्ञ का भी आयोजन किया गया है। जिसको लेकर आज विधिवत आचार्य के माध्यम से भूमि पूजन कराया गया। इस मौके पर अशोक भारती रविंद्र साहू राजू साहू सहित



## सांता पब्लिक स्कूल में नामांकन शुरू

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सांता पब्लिक स्कूल, शास्त्री नगर गुमला में सत्र 2024-25 के लिए फ्री नामांकन शुरू हो गई है। इस संबंध में स्कूल के निदेशक हेमंत कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस सत्र में भी 2024-25 में क्लास बेबी नर्सरी से क्लास 8 तक फ्री नामांकन शुरू हो गई है। श्री कुमार ने बताया स्कूल में किसी भी प्रकार का विकास शुल्क, री एडमिशन नहीं लगता है। स्कूल शिक्षा दान महादान के तर्ज पर कार्य कर रहा है। इच्छुक अभिभावक स्कूल के ऑफिस में संपर्क करके नामांकन फार्म प्राप्त कर सकते हैं।

# बसिया में क्रिसमस पर्व की रही धूम

आजाद सिपाही संवाददाता

**बसिया।** बसिया अनुमंडल क्षेत्र में प्रभु यीसु का जन्मदिवस क्रिसमस का पर्व धूमधाम से मनाया गया।खीस्त जयंती पर ईसाई अनुयायी 24 दिसम्बर की रात को रात्रि जागरण कर एवं 25 दिसम्बर सुबह से ही गिरजाघरों में पारंपरिक वस्त्र वेश भूषा पहनकर प्रार्थना और विनती करते रहे। कोनबीर नवाटोली में पुरोहित फादर मतियस टोप्पो ,बसिया केमताटोली चर्च में पल्लि पुरोहित फादर जोसेफ बेक,दलमादी में फादर दीपक एक्का एवं फादर पॉलेनुस टोप्पो , ममरला में फादर बिलयम मिंज एवं फादर लोरेंतुस कुजुर,बनई कोहड़ाटोली चर्च में पुरोहित जेम्स विक्रांत डुंगडुंग, तालेसेरा में फादर आनंद प्रकाश खाखा,फादर विनोद, फादर पीयूष एक्का,फा अथनास तिर्की , फा पेत्रुस सोरेंग, तुरबुंगा पारिस में फादर अनसेलेम केरकेट्टा एवं फादर फ्रांसिस द्वारा मिस्सा पूजा करायी गयी। इसके पूर्व मुख्य अनुष्ठाताओ ने चरनी में आशीष प्रदान किया साथ ही उपस्थित श्रद्धालुओं को बाल यीशु के दर्शन कराये।



**पल्ली पुरोहितों ने दिया संदेश :** खीस्त जयंती पर पल्लि पुरोहितों ने ईसाई धर्मावलबियो को प्रेम, शांति, भाईचारा का संदेश दिया। उन्होंने संदेश में कहा कि यीशु के जन्म के समय स्वतंत्र और गुलामो में भिन्नता थी जहाँ एक तरफ राजा शासक तो दूसरी ओर गुलाम थे। उन्होंने गुलामो को स्वतंत्रता का संदेश दिया। खीस्त शांति के राजा कहे जाते है उनका जन्म मनुष्य के बीच शांति कायम करता है।

**गिरजाघरों को आकर्षक रूप से सजाया गया :** खीस्त जयंती क्रिसमस के अवसर पर गिरजाघरों सहित ईसाई अनुयायी अपने घरों को क्रिसमस ट्री, चरनी को लाइट, रंग आकर्षक रूप से सजावट की गयी थी। साथ ही पकवान आदि बनाकर एक दूसरे को खिलाया गया।

**खीस्त जयंती पर इन्होंने दिया शुभकामनाये:** जिला परिषद सदस्य बसंती डुंगडुंग, कांग्रेस के प्रदेश सचिव रोशन बरवा,अमित बघवार, मुखिया एमलेन कुल्लू, बीस सूत्री अध्यक्ष सुकरात उरांव, पन्था मुखिया सेतेंग हेमरोम , युवा समाजसेवी संतोष तिर्की, सुजीत टेटे, निकोलस मुंडा शामिल है।

# युवा उपाध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** झारखंड प्रदेश रौनीयार वैश्य समिति का चुनाव में अमरनाथ गुप्ता को झारखंड प्रदेश रौनियार वैश्य समिति का युवा उपाध्यक्ष बनाये जाने के बाद टोटो में समाजसेवियों ने शॉल ओढ़ाकर उन्हे सम्मानित किया। उन्होने रांची में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के साथ पद ग्रहण कर शपथ ली। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समाज के विकास में हम पीछे नहीं हटेंगे। लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। लोगों के सुख दुःख की घड़ी में हम साथ हैं।

इन्हें प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए जाने पर भीम प्रसाद, श्रवन गुप्ता, पन्नालाल गुप्ता, शंभू प्रसाद, रंजित गुप्ता, विकास गुप्ता, मनोज गुप्ता, संतोष कुमार, अभिमन्यु गुप्ता, अनूप कुमार, शशि गुप्ता, आकाश कुमार, दीपक गुप्ता सहित कई लोगों ने बधाई दी है।



## रफी जयंती पर स्टार कराओके म्यूजिकल ग्रुप ने सजाई सुरों की शाम

# न फनकार तुझ सा तेरे बाद आया, मो. रफी तू......

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** स्टार कराओके म्यूजिकल ग्रुप गुमला ने मशहूर पार्श्व गायक मो. रफी की जयंती पर सुरों की शाम - रफी के नाम का अयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि अजय मंत्री मौजूद थे। उन्होने कहा कि अब ऐसा गायक दुनिया में आ ही नहीं सकता। उन्होने कहा कि रफी साहब ने बहुत सारी भाषाओं में गाना गाया। उनके लिए कोई धर्म, कोई मजहब फन के आड़े नहीं आता था। संरक्षक सुरेश विश्वकर्मा ने कहा कि गुमला के सुर प्रेमियों की मुहब्बत में ये महफिल सजाई गई है। आने वाले दिनों में भी इससे अच्छी महफिल सजाई जायेगी। संयोजक मोहम्मद सरवर आलम, पवन कुमार साहू, मोहम्मद शकील, पिंकी विश्वकर्मा, पिंकी विश्वा, वंदना गुप्ता आरती, कोलकाता की सुपर्णा कायल, गोलू श्रीवास्तव, अमित साबू उर्फ टीनू, संजीव उर्वशी, बबलू शर्मा आदि ने रफी साहब के गाए हुए नगमों को प्रस्तुत किया। अरुण मंत्री, शकुंतला उरांव, शैल मिश्रा, स्वर्गीय आशीष सेन की पत्नी को शाल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर नंदू विश्वकर्मा, संजीव उर्वशी, मुन्नी लाल झा, मोहम्मद शमीम खान मोहम्मद सरफराज कुरैशी, मोहम्मद जुनून रैन, मोहम्मद तौफीक, सैयदा खातून, मोहम्मद रागिव, सतीश पाठक, संजय कुमार, हरिओम सुधांशु, मोहम्मद शहजाद अनवर, संतोष कुमार साहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।




**शकुंतला उरांव ने जताया आभार :** स्टार कराओके म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा अयोजित सुरों की शाम, रफी के नाम में सम्मानित हुई शकुंतला उरांव भावुक हो उठीं। उन्होंने आजाद सिपाही को बताया कि यह सम्मान उनके पति स्व. फोनो उरांव की स्मृति में उन्हे प्रदान किया गया है। उनके पति संगम आर्केस्ट्रा में बतौर म्यूजिशियन अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे थे। उनके आकस्मिक निधन के बाद भी शहर उन्हे याद रखता है इसके लिए उन्होने याद करने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया है।

# हमारी सरकार दे रही है हर माह एक रुपये किलो दाल: फिरोज आलम

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** अब सालों भर एक रुपए किलो दाल मिलेगा। यह खुशखबरी सुनाने वाले कांग्रेस के ज़िला महासचिव फिरोज आलम ने कहा कि हमारी सरकार आम लोगों के लिए काम कर रही है। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि दूरदराज के इलाकों में रहने वाले लोगों को हर कीमत पर सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। फिरोज आलम गुमला नगर पालिका क्षेत्र वार्ड नंबर 4 अंबेडकर नगर जन वितरण प्रणाली के दुकान शंभू राम के यहां लाभुकों को जानकारी दे रहे थे ।



उन्होने आगे कहा कि कुछ राज्य त्योहारी सीजन के दौरान प्रति माह 1 रुपए की दर से दाल वितरित कर रहे हैं। लेकिन हमारी सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून और राज्य खाद्य सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत आने वाले सभी लाभार्थियों को पूरे वर्ष एक रुपए प्रति किलो की दर से दाल का वितरित करने वाले पहली सरकार होगी। उन्होंने कहा कि हर गरीब को मुफ्त में पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। एक रुपए प्रति किलो की दर से दाल मिलने से गरीबों को काफी आसानी होगी। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को सभी गरीबों तक समय पर दाल का वितरण हर माह सुनिश्चित कराने की बात कही।

कई लोग उपस्थित थे।

## ठाकुरबाड़ी मंदिर में 22 जनवरी को राम दरबार की प्राणप्रतिष्ठा



नीलांबर पितांबरपुर (पलामू)। प्रखंड मुख्यालय जैप 8 के समीप ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण कोटखास में प्रखंड वासियों के द्वारा बैठक किया गया। जिसमें कोर्ट खास पंचायत के ठाकुरबाड़ी मंदिर में राम दरबार के प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी की चर्चा की गयी। जिसकी अध्यक्षता सनातन धर्म सभा के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत तिवारी ने किया। बैठक में पांकी विधानसभा के पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार सिंह उर्फ बिट्टू सिंह उपस्थित रहे।बैठक में सर्वसम्मति से महायज्ञ एवं प्राण प्रतिष्ठा पूजा समिति गठन करने का निर्णय लिया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष अजीत तिवारी को चुना गया। अध्यक्ष के चुनाव के उपरांत महासचिव रामप्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष संदीप प्रसाद सोडिक, उपकोषाध्यक्ष सुदर्शन सोनी को चुना गया।

### पांकी विधायक के सिलाई मशीन वितरण कार्यक्रम में पहुंचे सीपी सिंह

# पांकी विधायक विधानसभा में अमिट छाप छोड़ते हैं : सीपी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर (पलामू)।** पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता के नीलांबर पीतांबरपुर स्थित मौर्या फार्म हाउस में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी और पंडित मदनमोहन मालवीय के जयंती के अवसर पर स्वयं सहायता समूह की सभी बहनो को सिलाई मशीन और अंग वस्त्र वितरण सह सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विस अध्यक्ष सह रांची के विधायक सीपी सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहीं विधायक डॉ शशिभूषण मेहता उन्हें गुलदस्ता और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सीपी सिंह और डॉ शशिभूषण मेहता और अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुरूआत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री सिंह ने कहा कि जब मैं मौर्या फार्म हाउस में आये तो मेरी आंखें फटी की फटी रह गयी। एक तरफ हजारों की संख्या में जन समूह तो दूसरी ओर सिलाई मशीन और अंग वस्त्र हमने आज तक इतना वितरण होते नहीं देखा है। उन्होंने समूह की बहनों से कहा कि यह सिलाई मशीन से बेटियों को सिलाई करने के लिए सिखायें और अपने घरेलू कपड़ों की भी सिलाई करें ताकि जीविका उपार्जन किया जा सके। उन्होंने लोकसभा और विधानसभा चुनाव पर समूह की महिलाओं से चुनावी टिप्स देते हुए कहा कि आप सभी आज अपने आंचल में गांठ बांधकर जायें की आने वाले लोकसभा और विधानसभा चुनाव में बीजेपी से एक ओर चतरा से सांसद तो दूसरी ओर पांकी विधानसभा से कुशवाहा डॉ. शशि भूषण मेहता को विजय बना कर विधानसभा में भेजने का काम करने करेंगे। तभी हम समझेंगे कि हमारी बात को आप गांठ बांधे थे। विधायक कुशवाहा डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने देश की सभी महिलाओं को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भर बनाने की विशेष पहल की और महिलाओं को समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि सत्ता में भागीदारी और विकास में हिस्सेदारी दिलाने के संकल्प हमने लिया है जो आज करके दिखा रहा हूं। उन्होंने कहा कि अभी लोकसभा चुनाव नजदीक है हमने आप सभी के उत्साह और बल पर एक नारा दिया है अबकी बार लोकसभा हो या विधानसभा डेढ़ लाख पार मतो से विजयी होगा। कार्यक्रम में अरविंद गुप्ता, तरहसी प्रमुख प्रिया कुमारी, मनातू प्रमुख गीता देवी, पूर्णाडीह मुखिया गुड्डी देवी, चक पंचायत मुखिया नौशाद अहमद, मुखिया सरिता देवी, मुखिया संघ के अध्यक्ष मंदिर मेहता, लाला प्रसाद यादव, बीरेंद्र कुमार वर्मा, बच्चन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी सहित दर्जनों लोगों ने अपने विचार रखे।

## अटल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित : कर्नल



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। जपला छतरपुर मुख्य मार्ग के निकट भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष के निजी काम्प्लेक्स में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की जयंती धूमधाम से मनायी गयी। इस दौरान एक संगोष्ठी का आयोजन कर लोगों को जन सेवा और राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए उन्हें महामानव बताते हुए अजय राजनेता बताया और कहा कि अटल जी की पूरी जिंदगी राष्ट्र को समर्पित रहा है और हमेशा हिंदी और राष्ट्र की संस्कृति को बढ़ावा देने का काम किया और वह एक अजय राजनेता थे। कार्यक्रम के दौरान भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, किसान मोर्चा अध्यक्ष उदय नाथ विश्वकर्मा, बद्रीनारायण सिंह, उरद्वार मंडल अध्यक्ष राम राज समेत भारतीय जनता पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि




हरिहरगंज(पलामू) (आजाद सिपाही)। शहर के पुरानी बस स्टैंड स्थित भाजपा कार्यालय में सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजन श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने किया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने कार्यकर्ताओं को उनके बताएं मार्ग पर चलने की अपील की। साथ ही प्रखंड क्षेत्र के कई पंचायतों में कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौके पर किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुन्ना विश्वकर्मा, वरिष्ठ नेता जानू चौधरी, मीडिया संयोजक संजीव सिंह सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**सतबरवा /पलामू ।** सोमवार को सतबरवा प्रखंड के खामडीह प्राथमिक मध्य विद्यालय के परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्मदिवस को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने भाग लिया। इस दौरान उनका स्वागत बुक और अंग वस्त्र देकर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीडी राम ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी ने अपने देश को हमेशा सर्वोपरी माना और हमेशा देश के विकास की बात की। गांव के किसान अपनी फसल शहर ले जाकर अच्छे कीमत में बेच सके इसके लिए ग्रामीण सड़क योजना उन्होंने चलाया। उन्होंने हमेशा सब को साथ लेकर चला और जात-पात पूछने से ऊपर उठकर राजनीति की। उन्होंने कहा था कई सरकारें आयेगी जायेगी लेकिन देश यही रहेगा। उन्होंने भाजपा को देश की सबसे बड़ी पार्टी बनने का सपना देखा था जो आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार हो रहा है। भाजपा की सरकार जिनके छत से पानी टपकता था उनके लिए पीएम आवास माता बहनों के लिए उज्ज्वला योजना समिति लाभकारी योजनाएं जन जन तक पहुंचाने का काम किया है और आगे भी करती रहेगी। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, भाजपा नेता दुर्गा जौहरी, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, रमेश प्रसाद, महेश्वर सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, भाजपा नेता आशीष सिंन्हा, अजय सोनी, रवि प्रसाद, अतुल कुमार, भाजपा नेत्री प्रीति गुप्ता समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# आरपीएफ ने तीन नाबालिग को किया बरामद, बाल गृह भेजा

**गढ़वा रोड आरपीएफ द्वारा रेल संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा हेतु लगातार चलाया जा रहा अभियान**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर / पलामू ।** गढवा रोड आरपीएफ द्वारा ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत तीन नाबालिग बच्चों को भटकाव से बचाते हुए वालगृह भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार गढ़वा रोड जंक्शन आरपीएफ के द्वारा चोपन एक्सप्रेस में कैंपिंग ड्यूटी चलाया जा रहा था। इसी दौरान नगर उंटारी जाने के क्रम में आरक्षी मिथिलेश कुमार ने तीन नाबालिग बच्चों को देखा.जो गुमशुदा और डरे सहमें हालत में दिखाई दे रहे थे। तीनों बच्चों से सहानुभूति पूर्वक पुछताछ किया गया। तीनों बच्चों ने अपना-अपना नाम और पता बताया। तीनों बच्चे लातेहार जिला अंतर्गत बरवाडीह थाना क्षेत्र के बेतला-क्षेक्षेटंत्र के हैं। गढ़वा रोड आरपीएफ पोस्ट प्रभारी बनारसी यादव ने बताया कि बच्चों से पूछताछ करने पर पता चला कि उनके माता-पिता मारपीट करते हैं। मारपीट के डर-भय से घर से भाग कर कहीं बाहर जाने का प्रयास कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा के लिहाज व दृष्टिकोण से उक्त तीनों नाबालिक बच्चो को ट्रेन से उतार कर आरपीएफ पोस्ट लाया गया। जहां सभी बच्चों को खाना-पानी और बिस्कुट दिया गया। इसके बाद सभी को अग्रिम कार्यवाही हेतु राकेश रंजन वात्सल्य धाम बालगृह को सुपुर्द किया गया। बताते चलें कि गढ़वा रोड जंक्शन पोस्ट के आरपीएफ प्रभारी बनारसी यादव के द्वारा रेलवे संपत्ति व यात्रियों की सुरक्षा को लेकर लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## क्रिसमस का त्योहार प्रेम और सौहार्द का प्रतीक: प्राचार्य




हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में क्रिसमस समारोह का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस समारोह में यीशु मसीह के आगमन का मंचन किया गया। साथ ही बच्चों के नृत्य ने सब का मन मोह लिया। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा तीन तक के विद्यार्थी शामिल थे। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य श्री मनुज शर्मा ने कहा कि यह त्यौहार प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है तथा उन्होंने हमें मानव सेवा और परोपकार करने का संदेश दिया था। गतिविधि प्रभारी रंजना के साथ दीपक महतो, श्वेतालिना, अनुप्रिया तथा अमृता ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## दत्तात्रेय जयंती पर जरूरतमंदों के बीच आज होगा कंबल का वितरण



विश्रामपुर / पलामू (आजद सिपाही)। प्रेरणा प्रमार्थ आश्रम के द्वारा मंगलवार को गुरु दत्तात्रेय जयंती मनायी जायेगी। जयंती समारोह का आयोजन रेहला स्थित शिवतार ट्रेडर्स कैंपस मे किया गया है। आश्रम के रेहला शाखा प्रमुख रंजीत सिंह ने बताया कि समारोह की शुरूआत आदि गुरु दत्तात्रेय जी महाराज, अघोराचार्य बाबा कीनाराम जी महाराज, अघोरेश्वर अवधूत भगवान राम जी और गुरुपद संभव राम जी की छाया चित्र पर पुजा अर्चना व माल्यार्पण के साथ किया जायेगा। इसके बाद सामुहिक हवन होगा। श्री सिंह ने बताया कि आगामी 28 दिसंबर गुरुवार को लातेहार जिला के महुआडांड़ प्रखंड के तीन गांवों में आदिवासी भाई बहनों के बीच भी एक हजार कंबल वितरित किया जायेगा।

# 15वें वित्त आयोग, जिला परिषद निधि में भवन निर्माण कार्य से पहले हेराफेरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हरिहरगंज/पलामू ।** जिले के हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के ढाब कला गांव के समीप बतरे नदी किनारे स्थित 15 वें वित्त आयोग, जिला परिषद निधि से भवन निर्माण कार्य का शुरू होने से पहले ही हेराफेरी शुरू हो गयी। जिस भूमि पर स्कूल भवन निर्माण का कार्य किया जाना है, वहां पहले से बनी तहसील कचहरी के शिलापट पर ही संवेदक द्वारा जिला परिषद से शिलान्यस करा दी गयी। ग्रामीणों के शिकायत तथा उनके नाम न छापने के शर्त पर सोमवार को बताया गया कि बीते शनिवार को तहसील कचहरी सह हल्का कर्मचारी भवन निर्माण कार्य के लिए बनी शिलापट पर 15 वें वित्त आयोग, जिला परिषद निधी से भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास हरिहरगंज जिला परिषद सदस्य मंजू देवी द्वारा की गयी है, जबकि यह असंविधानिक है। उक्त भूमि पर राजकीय उत्तक्रमित मध्य विद्यालय का चार कमरे का भवन निर्माण कार्य किया जाना है। ग्रामीणों ने बताया कि दूसरे विभाग के शिलापट पर जब शिलान्यास किया जा सकता है तो स्कूल भवन निर्माण में संवेदक द्वारा कितना गुणवतापूर्ण कार्य किया जाएगा इस संबंध में समझा जा सकता है। इस संबंध में पूछे जाने पर जिला परिषद सदस्य मंजू देवी के पति राजेश राम ने बताया कि स्कूल भवन निर्माण कार्य के लिए बनी शिलापट पर ही शिलान्यास किया गया है। जबकि संवेदक लव मेहता से संपर्क करने का प्रयास किया पर कॉल रिसीव नहीं किया गया।

## मनायी गयी शहीद निर्मल महतो की जयंती

हरिहरगंज/पलामू। हरिहरगंज शहर के आजसू कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष अजित कुमार सिंह के अध्यक्षता में सोमवार को शहीद निर्मल महतो की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष दिलीप चौधरी और विशिष्ट अतिथि जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा ने निर्मल महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की और उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शहीद निर्मल महतो ने झारखंड के चौमुखी विकास का सपना देखा था। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह, प्रखंड सचिव इरशाद आलम, कलीम शाह, नगर सचिव इस्तेखार आलम, दीपक स्वर्णकार, सोनू साह आदि मौजूद थें।

## एसडीओ को दी गयी विदाई



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण के स्थानांतरण व प्रोन्नति के सम्मान में विदाई सह सम्मान समारोह अनुमंडल कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। विदाई सह समान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित लोगो ने निवर्तमान एसडीओ के कार्यो की भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कर्मठ और अपने कार्यो के प्रति सच्चे ईमानदार पदाधिकारी बहुत ही कम देखने को मिलते है। कार्यक्रम में हुसैनाबाद अंचलाधिकारी धनंजय कुमार गुप्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, मोहमदगंज बीडीओ रणवीर कुमार के साथ अन्य कई अनुमंडल के कर्मी व अधिकारी उपस्थित थे।

## रांची में नंग-धड़ंग प्रदर्शन 29 को

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। बैठक के दौरान झारखंड सरकार के इशारे पर प्रशासन द्वारा का शीतकालीन सत्र के दौरान शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन कर रहे पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक पर लाठी चार्ज की निंदा की गयी। साथ ही 29 दिसंबर को प्रदेश कमिटी के आह्वान पर हेमंत सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने पर एक ओर जहां उपलब्धि गिनाया जायेगा। वहीं झारखंड के 18000 पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक सरकार के समक्ष नंग धड़ंग प्रदर्शन करेंगे। जिसमें हुसैनाबाद के सभी स्वयं सेवक 29 दिसंबर को रांची में होने वाले नंग धड़ंग प्रदर्शन में शामिल होकर आंदोलन को धारदार बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे।

## केंद्रीय कारा में उपायुक्त के नेतृत्व में छापेमारी

मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन के नेतृत्व में सोमवार को मेदिनीनगर के केंद्रीय कारागार में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी दल में मेदिनीनगर नगर निगम के नगर आयुक्त जावेद हुसैन,अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह,सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी, सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार,लेस्लीगंज के बीडीओ-सीओ, सदर सीओ, कार्यपालक दंडाधिकारी सेवाराम साहू, रश्मि रंजन, चंद्रशेखर कुणाल, शहर थाना प्रभारी, चैनपुर सदर और लेस्लीगंज थाना प्रभारी समेत बड़ी संख्या में पुलिस के जवान शामिल रहे। तीन घंटे से अधिक चली इस छापेमारी अभियान में केंद्रीय कारा के सभी वार्डो, सभी सेलों, कैंटीन समेत अन्य एरिया का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपायुक्त श्री रंजन कैदियों को दी जाने वाली विभिन्न खाद्य सामग्रियों व अन्य सुविधाओं से अवगत हुए। मौके पर उन्होंने जेल के अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

## जीसीपीए कॉलेज के संस्थापक सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गयी




छतरपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)। जीसीपीए कॉलेज के संस्थापक इंजीनियर सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल की प्रथम पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर महाविद्यालय संस्थापक परिवार के सदस्य, ट्रस्ट और सोसायटी के सदस्यगण और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। सर्वप्रथम डिग्री कॉलेज के स्मार्ट क्लास में संस्थापक सचिव के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। तत्पश्चात उपस्थित सभी वक्ताओं ने उनके विचारों और जीवनी पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि सत्यदेव प्रसाद अग्रवाल का समाज और शिक्षा से अत्यंत ही घनिष्ठ जुड़ाव था। उन्होंने कॉलेज की स्थापना कर इस गरीब और पिछड़े इलाके में शिक्षा का लौ जगाने का कार्य किया है। इस नेक और सराहनीय कार्य के लिए सभी वक्ताओं ने उन्हें कोटि कोटि धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रतिनिधि प्रो. अखिलेश कुमार सिंह और धन्यवाद ज्ञापन इंटर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्या स्वस्ति कुमारी ने की। मौके पर डॉ एनसी अग्रवाल, डॉ अमित कुमार अग्रवाल, डिग्री कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य जितेंद्र कुमार, पूर्व सांसद मनोज कुमार, राजकुमार उजाला, नवीन सहाय सहित इंटर और डिग्री कॉलेज के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

# इस नये दौर में विज्ञान ही देश को शिखर पर ले जायेगा: गिरिनाथ सिंह

**ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**विश्रामपुर / पलामू ।** उमेश सिंह एजूकेशनल बेल्फेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित बेलचंपा के ज्ञान निकेतन पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का उद्घाटन पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह और गढ़वा डीसी राजेश कुमार राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर के किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के संस्थापक उमेश सिंह व नयनतारा सिंह ने किया। गिरिनाथ सिंह ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी के जरिये बच्चे वैज्ञानिक अविष्कारों को नजदीक से समझते है। इस नये दौर में विज्ञान के माध्यम से ही देश को विश्व मे शिखर पर ले जाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ज्ञान निकेतन स्कूल प्रबंधन बच्चों में अभी से ही विज्ञान के प्रति जो जिज्ञासा उतपन्न कर रहा है, बच्चों को यही जिज्ञासा आगे चल कर महान वैज्ञानिक बनने की राह को आसान करेगा। गढ़वा डीसी राजेश कुमार राय ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों के बीच एक स्वच्छ प्रतिस्पर्धा को जन्म दिया है। इसी प्रतिस्पर्धा के चलते बच्चों ने प्रदर्शनी में अपने द्वारा किये गये कई बेहतर अविष्कार को प्रदर्शित कर पाये। विज्ञान प्रदर्शनी में निर्णायक की भूमिका में डॉ मुजाहिद, डॉ महालक्ष्मी सिंह, प्राचार्य मनीष पांडेय और विज्ञान शिक्षक अजीत तिवारी मौजूद थे। मौके पर डॉडीपी शुक्ला, एसटीडी कॉलेज के प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा, शिक्षाविद अरुण सिंह, धीरेंद्र पांडेय, आनंद कुमार सिंह,नीलम सिंह,प्राचार्य दीपक तिवारी, शिक्षक शैलेश चौबे, गीता पांडेय, अजीत तिवारी,विकासदीप चौबे, सुरेंद्र शर्मा, नंदन ठाकुर, पीयूष पांडेय, आभा चौबे, नूतन दुबे, मधु चौबे, प्रतिभा कुमारी, प्रतिमा सहित कई शिक्षक-शिक्षिका और छात्र-छात्रा मौजूद थे।

## ब्रह्मभोज सह भंडारा का आयोजन 28 को




हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। हरिहरगंज मेन बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के मुख्य पुजारी स्वर्गीय पंडित श्याम सुंदर वैद्य का ब्रह्मभोज सह भंडारा का आयोजन आगामी 28 दिसंबर दिन गुरुवार को उनके आवास लोकल बस स्टैंड के समीप दोपहर 01 बजे से प्रारंम्भ होगा। इस भंडारे में लगभग 10 हजार लोगों की खाने की व्यवस्था की गयी है। आयोजनकर्ताओं ने सभी श्रद्धालुओं से इस भंडारा में सपरिवार शामिल होने की अपील की है। आयोजन को सफल बनाने में नवयुवक सांस्कृतिक समिति के व्यवस्थापक रॉबर्ट गुप्ता, दिलीप स्वर्णकार, चंदन, चितरंजन सहित सभी नगरवासी प्रयासरत हैं।

## वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन

सतबरवा/ पलामू (आजाद सिपाही)। जरासंध पूजा समिति पालमू के तत्वाधान में समिति के अध्यक्ष विजय चंद्रवंशी के नेतृत्व में सोमवार को लातेहार के केचकी संगम तट पर वन भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मेदिनीनगर टाउन हॉल में जरासंध पूजा सह चंद्रवंशी मिलन समारोह आयोजन का लेखा-जोखा और कमी बेसी पर प्रकाश डाली गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला परिषद शैलू चंद्रवंशी ने कहा कि चंद्रवंशी समाज की जनसंख्या अच्छी है इसलिए हमें राजनीति में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। वहीं कोमल कुमार अंकु ने कहा कि हम चक्रवर्ती सम्राट जरासंध के वंशज हैं हमें हर क्षेत्र में आगे रहना होगा। मौके पर संजय चंद्रवंशी, रंजीत चंद्रवंशी, गुड्डू सिंह चंद्रवंशी, अमित चंदेल, अमन चंद्रवंशी समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ जिला प्रशासन की बड़ी कारवाई

# 57 ट्रक जब्त, 6 गिरफ्तार

**पांच ड्राइवर और एक खलासी को गिरफ्तार किया गया है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त वरुण रंजन के निर्देश जिले में अवैध खनन के विरुद्ध चल रही कारवाई के दूसरे दिन जिला खनन टास्क फोर्स ने बड़ी कारवाई करते हुए बीती रात 11 बजे से लेकर सुबह के 4 :30 बजे तक जीटी रोड पर वयापक रूप से जांच अभियान चलाकर अवैध कोयला लदे 54 ट्रकों को पकड़ा है। इस दौरान तोपचांची थाना क्षेत्र से 44 और गोमो के हरिहरपुर थाना क्षेत्र से 10 ट्रकों को पकड़ा। ट्रकों की जांच की गयी तो पता चला कि लोड कोयला से संबंधित कोई भी कागजात इनके पास नहीं थे। पूछताछ के क्रम में ट्रक चालकों ने बताया कि उपरोक्त अवैध कोयला वे लोग महुदा के भाटडीह, तेतुलिया सहित अन्य स्थान से बिहार की ओर ले जाने के लिए लोड किया था। सभी ट्रकों को जब्त कर संबंधित थानों में एफआइआर करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। साथ ही पांच ड्राइवर और एक खलासी को गिरफ्तार किया गया है। अभियान के दौरान पर्ल कोक लोड तीन ट्रक को भी पकड़ा गया है जिनकी कागजातों की जांच की जा रही है। इसके अलावे एक ओवर लोड ट्रक को भी पकड़ा गया है। वहीं इस संबंध में उपायुक्त वरुण रंजन ने बताया कि जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण, व परिवहन के विरुद्ध ऐसी कारवाई आगे भी जारी रहेगी। छापामारी अभियान में एसडीएम उदय रजक, डीटीओ, राजेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक मुमताज अली अहमद, माइंस इंस्पेक्टर विनोद प्रमाणिक, निरसा, बाघमारा, एंव गोविंदपुर के सीओ सहित पुलिस के जवान शामिल थे।





### अवैध कोयला के डिस्को पेपर के इंतजार में खड़ी थी गाड़ियां

वहीं सूत्रों की माने तो पिछले चार पांच दिनों से जिले में इन अवैध कोयला को ठिकाने तक पहुंचाने में प्रयोग किये जाने वाला डिस्को पेपर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। जिस कारण 100 से ज्यादा अवैध कोयला लोड किये ट्रक धनबाद जिले के नेशनल हाइवे के समीप पेट्रोल पंप और जंगलों में छुपा कर खड़े किये गये थे। इसी बीच जिला खनन टास्क फोर्स की यह कारवाई हो गयी। आपको बात दें कि जिले में अवैध कोयले को मंडियों तक पहुंचाने के लिए फर्जी पेपर का इस्तेमाल अवैध कोयला धंधेबाजों द्वारा किया जाता है। यह पेपर 300 से 500 रुपये प्रति टन के हिसाब से उपलब्ध कराया जाता है। गिरिडीह पुलिस ने की कड़ाई तो धनबाद में दिखने लगा असर बताया जा रहा है कि इन दिनों गिरिडीह पुलिस ने अपने क्षेत्र से गुजरने वाले अवैध कोयला लदे ट्रकों पर कड़ाई कर रखी है। धनबाद जिले से सटे निमियाघाट एनएच पर गिरिडीह पुलिस अपने क्षेत्र में ऐसे अवैध कोयला लदे वाहनों के खिलाफ अभियान चला रखा है। जिसके डर से धनबाद में जब्त सभी अवैध कोयला लदे ट्रक अलग अलग क्षेत्र में छुपा कर रखे गये थे। जिसकी भनक धनबाद जिला टास्क फोर्स को लग गयी जिसके बाद इतनी बड़ी कारवाई की गयी।

### जिला प्रशासन के कारवाई से कोयला तस्करों में हड़कंप

धनबाद उपायुक्त के निर्देश पर इन दिनों लगातार जिला टास्क फोर्स की ओर अवैध कोयला तस्करों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कारवाई की जा रही है। बीते एक हफ्ते से जिले के सभी क्षेत्रों में चल रहे इस कारवाई से कोयला तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। शनिवार और रविवार को भी एसडीएम के नेतृत्व में आधा दर्जन से ज्यादा अवैध कोयला लदे ट्रकों को टास्क फोर्स की टीम ने पकड़ा था। इसके अलावे अवैध खनन करने के ये बनाये गये कई मुहानों की भराई भी करायी गयी है।

## चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करूंगा : उमाकांत



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत टुपरा और बड़ाजोर पंचायत में आजसू पार्टी की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें पूर्व मंत्री उमाकांत रजक मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उमाकांत रजक ने कहा कि चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना हमारा लक्ष्य है। यह क्षेत्र शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में अन्य विधानसभा क्षेत्रों की अपेक्षा बेहतर होगा। कहा कि जनता के आशीर्वाद से चंदनकियारी में अब नया इतिहास रचा जायेगा। हमें जनता की सेवा पर विश्वास है। रजक ने कहा कि छल कपट की राजनीति करने वालों को चंदनकियारी की जनता सबक सिखाने का काम करेगी। रोजगार के अभाव में युवा वर्ग अन्य राज्यों में पलायन करने को विवश हो रहे हैं। मौके पर, किरण माझी, त्रिलोचन सिंह चौधरी, विभीषण सिंह, करन सिंह चौधरी, मारूति महतो, दिलीप महतो, कामदेव प्रमाणिक, आशीष सिंह चौधरी, राज कुमार गोराई, सुरेश गोप, पदलोचन महतो, कुलदीप ठाकुर, भवानी चौधरी, शत्रुघ्न महतो, मंतोष मिश्रा, सपन महतो, बरियर सिंह, अजीत रवानी, शनिचर सोरेन, सफिक अंसारी, दिनेश चौधरी, प्रकाश मिश्रा, रामेश्वर प्रमाणिक, मानिक महतो, रामदास कुंभकार, उपस्थित थे।

### डिगवाडीह में ठाकुर अनुकूल चंद्र जयंती मनायी गयी



**जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** ठाकुर अनुकूल चंद्र की 136वीं जयंती समारोह का आयोजन दक्षिण उत्सव कमेटी धनबाद द्वारा डिगवाडीह समुदायक भवन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर धर्म सभा में षष्टीधर महतो ने कहा है की बिना सत्संग में भाग लिए, अचार बिचार में बदलाव नहीं आयेगा। गुरु ने जो भी कहा है सर्व समाज की रक्षा के लिए कहा है। ताकि हर लोग मानव जाति के कल्याण के लिए ही कार्य करे। वही महिला मंडल मातृ सम्मेलन में झरना महतो ने कहा है की मातृ शक्ति ही मानव को सत्संग में प्रेरित कर ले जाकर उनके बिचार में बदलाव ला सकती हैं। इससे पूर्व उषा कृतन, समवेत प्राथना, नाम जप, धर्म ग्रंयादी, ठाकुर भेग पाठ, भजन कीर्तन, संगीताजली, प्रशाद वितरण किया गया है। आयोजक मंडली में एस पी महतो, एस के दास, एस पी सिंह, बशुदेव महतो, बी आर धर, मधु खा, अमर पाल, दीपा दास, कोनिका महतो, उमा खा, भारती महतो, बेलू महतो आदि शामिल रहे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### जोरापोखर में शहीद निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि



**जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** शहीद निर्मल महतो स्मारक समिति द्वारा जोड़ापोखर बस्ती चौक पर निर्मल महतो की जयंती समारोह मनाया गया है। मुख्य अतिथि रकोमयू के क्षेत्रीय सचिव संतोष महतो ने माला पहनाकर कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महतो ने कहा है की शहीद निर्मल महतो झारखंड लड़ाई में अग्रणी भूमिका निभायी थी। वह हमेशा से ही मजदूर किसानों की लड़ाई लड़ी हैं। उन्होंने ही महाजनी प्रथा को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए आंदोलन किया है। श्रधंजलि देने वाले में है समिति के अध्यक्ष कालीचरण महतो,फरीद मल्लिक,भरत रजवार,राजा तुरी,तरुण महतो,रंजीत महतो, इम्तियाज अहमद, शाकिब अंसारी, कुंदन कुमार आदि शामिल थे।

### सूर्योदय सेवा समिति ने चिरकुंडा में तुलसी पूजन का किया आयोजन



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सूर्योदय सेवा समिति की ओर से चिरकुंडा ऊपर बाजार स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में भव्य तुलसी पूजन का आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। सभी महिलाओं ने पारांपरिक तुलसी के पौधे पर चुनरी ओढ़ाकर सोलोह श्रृंगार किया और अपने हाथों में दीप लेकर तुलसी की प्रक्रिमा की। इस बाबत जानकारी देते हुए मारवाड़ी महिला समिति के सदस्य ललिता अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में युवा पीढ़ी का पश्चिमी सभ्यता की ओर झुकाव ज्यादा हो रहा है, जो कि हमारे सनातन धर्म के लिए ठीक नही हैं। आज के दिन पूरे विश्व मे लोग उत्साह के साथ निष्ठा पूर्वक तुल्सी पूजन करते हैं। तुलसी हिंदू धर्म के सबसे पवित्र पौधों में से एक है। इस शुभ दिन पर लोग तुलसी माता की पूजा कर देवी से आशीर्वाद मांगते हैं। मौके पर श्याम गडियान, नील गडियान, प्रणव गडियान, मिट्ठू गडियान, बिट्टू मिश्रा, सुनीता सिंह, आनंद शर्मा, अरविंद अग्रवाल, अजय माधव गोरिया, गुड्डू साव, विजय अग्रवाल राजकुमार जिंदल पवन शर्मा भगवती रुंगटा पुष्पा जिंदल, सीमा अग्रवाल, बबीता शर्मा ज्योति खरकिया ललित अग्रवाल, नैना शर्मा, दशरथ साव, पवन शर्मा इत्यादि उपस्थित थे।

### भाजपा नेता की बेटी की मौत मामले में लोयाबाद थाने में एफआइआर दर्ज

**लोयाबाद (आजाद सिपाही)।** लोयाबाद मे बीजेपी नेता की बेटी के मौत मामले मे रविवार को लोयाबाद पुलिस ने फर्द बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया है। पुलिस ने आरोपी अरविंद चौहान व उसके परिवार वालो पर दहेज हत्या और उत्पीड़न का मामला दर्ज किया है। बताया जाता है कि 20 दिसंबर की सुबह बीजेपी नेता मनोज मुखिया की बेटी चंदा देवी फंदे पर लटकी मिली थी। वह अपने पति अरविंद चौहान और तीन बच्चो के साथ अपने पिता के घर से कुछ ही दूरी पर रहती थी। बुधवार को जब उसके पिता उसके घर पहुंचे तो उन्होने देखा की उसका पति अरविंद चौहान उसे फंदे पर लटकाकर भाग रहा था। आनन फानन मे उन्होने फंदा काट बेटी को अस्पताल ले गये जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से पति फरार है। इधर बाघमारा विधायक ढुलू महतो भी मनोज के घर पहुंचकर उन्हे सांत्वना दी। मामले मे फर्द बयान के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाइ शुरू कर दी गयी है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। राजन कुमार राम, थाना प्रभारी, लोयाबाद।

### घर का ताला तोड़ अलमारी में रखे नगदी और आभूषण पर चोरों ने किया हाथ साफ

**धनसार (आजाद सिपाही)।** धनसार थाना क्षेत्र के बेरा कालोनी मे रविवार की रात सोनू कुमार मिश्रा के घर का ताला तोड़कर चोरो ने करीब चालीस हजार नगद और तीन लाख के आभूषण की चोरी कर ली। सोनू ने इस संबंध में धनसार थाना में शिकायत की है। पुलिस सोमवार की देर शाम बेरा पहुंच मामले की छानबीन की। सोनू का कहना है कि वह जैना फाइनेंस जमशेदपुर मे काम करता है। बेरा मे उसकी मां व छोटा भाई रहता है। मां कुछ दिन पूर्व बड़े बेटे सोनू के पास जमशेदपुर रह रही थी। सोनू के छोटे भाई 23 दिसंबर को बेरा स्थित अपने घर मे ताला बंद कर अपनी मां को लाने जमशेदपुर गया था। इधर चोरों ने उसके घर का ताला तोड़कर घर में आलमारी को कटर से काट उसमें रखे चालीस हजार नगद व तीन लाख के आभूषण चोरी कर ली। सोमवार को मोहल्ले के लोगों ने फोन पर घटना की सूचना सोनू को दी। सोनू शाम को अपने घर पहुंचा तो देखा कि घर के अंदर का कमरे के दरवाजा का ताला टुटा हुआ है। कमरे मे रखा सारा समान भी बिखरा हुआ है। वहीं अलमारी गैस कटर से कटा था और अलमारी में मे रखे नगदी व आभूषण गायब थे।

# धनबाद जेल में छापा

## उपायुक्त के नेतृत्व में जिला प्रशासन की टीम ने की छापामारी

**पांच घंटे तक की गयी छानबीन, कैदियों के भोजन से लेकर सुरक्षा तक का लिया गया जायजा**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** बीते तीन दिसंबर को धनबाद जेल में बंद कुख्यात अपराधी अमन सिंह की गोली मारकर हत्या के बाद से जेल की सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह रेस है। सोमवार की सुबह एक बार फिर धनबाद डीसी की अगुवाइ में जिला प्रशासन की टीम ने धनबाद जेल में छापामारी की और लगभग पांच घंटे तक सुरक्षा का जायजा लिया। बताते चलें कि जेल में अमन की हत्या के बाद जांच में जेल मैन्युअल का उलंघन करते पाया गया था जिसके बाद जेल अधीक्षक और जेलर पर सहित कईयों पर कारवाइ की गयी थी। वहीं हत्या के बाद से ही बंदियों के गुट में भी भिड़ंत हो गयी थी। जिसके बाद से ही जिला प्रशासन पूरी तरह चौकस है। वहीं हत्या के बाद से जेल में बंद नीरज सिंह हत्यकांड के शूटर, प्रिंस गैंग के गुर्गे सहित अमन के गुर्गों को दूसरे जेल में शिफ्ट किया जा रहा है। वहीं इस बाबत जेल से बाहर आने के बाद डीसी वरुण रंजन ने कहा कि यह एक रूटीन जांच थी। इस दौरान कैदियों से भी बात कर उनके भोजन इत्यादि की जानकारी ली गयी है। इसके अलावे गोदाम, किचन का निरीक्षण कर साफ सफाई का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि फिलहाल किसी प्रकार की कोई आपत्तिजनक वस्तु नहीं मिला है। अमन हत्यकांड के बाद हार्डकोर कैदियों को दूसरी जेल शिफ्ट करने के सवाल पर कहा कि अभी तक 9 कैदियों को प्रदेश के दूसरे जेलों में शिफ्ट किया गया है। जबकि कुछ और को शिफ्ट करना है न्यायालय के आदेश का इन्तेजार है। बताया कि अमन हत्यकांड के बाद बनी जांच टीम ने अपनी रिपोर्ट आईजी को सुपुर्द कर दी गयी है। इस दौरान उपायुक्त के साथ सिटी एसपी अजित कुमार, एसडीएम उदय कुमार रजक, अपर समाहर्ता विनोद कुमार सहित दर्जनों पुलिस के जवान मौजूद थे।

### ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि मनायी



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** विश्वकर्मा मंदिर सेक्टर चार के प्रांगण में विश्वकर्मा समाज बोकारो के तत्वावधान में पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर पूर्व महामंत्री नुनूलाल विश्वकमार्पूर्व ने स्वर्गीय ज्ञानी जैल सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला तत्पश्चात समाज के पदाधिकारियों ने पूर्व राष्ट्रपति की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विश्वकर्मा समाज बोकारो के उप समाजपति बृहस्पति शर्मा, रामलखन मिस्त्री, लालाबाबू शर्मा, सुभाष शर्मा, रामानन्द शर्मा, सियालाल शर्मा, मानेश्वर राणा, अवधेश कुमार शर्मा, रतनलाल विश्वकर्मा, रघुनाथ ठाकुर, प्रवीण कुमार, मनोज पांडेय सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## इलेक्ट्रोस्टील वेदांता के किसान-मजदूर विरोधी नीति के खिलाफ आंदोलन की रननीति बनायी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** श्रीतीज स्कूल प्रांगण में असंगठित मजदूर मोर्चा की बैठक पशुपति महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुआ जिसका संचालन मिहिर महतो ने किया। इलेक्ट्रोस्टील वेदांता के किसान मजदूर विरोधी नीति के खिलाप आंदोलन की रननिति बनायी गयी। मासस जिला सचिव गयाराम शर्मा ने कहा 31 दिसंबर तक हमारी समझौता पर यदि पहल नही किया गया तो हम उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे जिसका जिम्मेवार जिला प्रशासन एवं इलेक्ट्रोस्टील वेदांता कंपनी की होगी। अभी तक रैयतों को स्थाई नियोजन नही मिला जिसे मिला उसे नियमित काम नहीं मिला यही हाल स्थानीय मजदूरों के साथ भी है नियुंतम मजदूरी से लेकर अन्य समस्यायों को लेकर मासस रैयत मजदूर हित में प्रबंधन से मांग करती है की रैयतों के साथ न्याय हो एवं मजदूरों को उसका हक मिले। शर्मा ने कहा सभी रैयत मजदूर ठेकेदार मजदूर अपनी एकता का परिचय देते हुवे सभी साथी एकजुट हो मुख्य रूप से पशुपति महतो, भीम रजक, चंडी चरण महतो, लाला मांझी, पुस्कर महतो, अभिराम महतो, सुरेश महतो, कन्हिया महतो, आदि उपस्थित थे।

## अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता मे मिले कप और प्रशस्ति पत्र ढ़ोरी जीएम को सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**करगली (बेरमो)।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र को कथारा क्षेत्र के ऑफिसर क्लब में आयोजित दो दिवसीय सीसीएल अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में विजेता घोषित किया गया था। जबकि इस प्रतियोगिता में उप विजेता संयुक्त रूप से बीएंडके तथा कथारा क्षेत्र रहा। ढोरी क्षेत्र के विजेताओं ने विजेता कप और प्रशस्ति पत्र को ढ़ोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल को उनके कार्यालय मे सौपा। जीएम अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई और शुभकामनाएं दिया। आगे के प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन करने की बात कही। कहा कि क्षेत्र से जो भी सुविधाए चाहिए वो क्षेत्र जरूर पूरा करेगा। सीसीएल मुख्यालय सहित नौ क्षेत्र के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें ढोरी सहित कथारा, बीएंडके, सीएआरएस बरकाकाना, चरही (हजारीबाग) एनके, पिपरवार तथा रजरप्पा क्षेत्र के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों में लक्ष्य कुमार नारंग, जेपी नोनिया, जागेश्वर रजवार, देशव, जगत घासी, मनोहर, समय दास, आनंद बाउरी, तृरीत राम, उमाशंकर महतो, अरविंद सिंह, अजय मेहरा, विनोद, मनोज पाठक, लक्ष्मी देवी, ज्योति देवी शामिल थे।

## महेंद्र चौधरी बने आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य



**फुसरो (बेरमो)।** आजसू पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के द्वारा सांसद प्रतिनिधि सह बेरमो निवासी महेंद्र चौधरी को आजसू पार्टी केंद्रीय सदस्य बनाया गया है। यह जिम्मेवारी चौधरी के बेहतरीन कार्य कौशल तथा पार्टी के हर कार्य में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने तथा उचित मार्गदर्शन देने के वजह से दिया गया है। चौधरी ने यह जिम्मेवारी मिलने पर कहा कि केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, केंद्रीय महासचिव यशोदा देवी, केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत ने मुझ पर जो विश्वास जाता कर मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता को यह जिम्मेवारी दी है उसे पूरे इमानदारी और निष्ठा पूर्वक निर्वहन करूंगा। पार्टी के सिद्धांतों को जन जन तक पहुंचाने का काम करूंगा। बधाई देने वालों में नगर अध्यक्ष महेश देशमुख, सांसद प्रतिनिधि नरेश प्रसाद, दीपक महतो, संतोष महतो, मनोज कुमार महतो, शंकर गिरी, बबलू कुमार महतो, जितेश कुमार, पप्पू सिंह, विक्की मेहता, जसवंत महतो, रोहित चौधरी, छोटू कुमार, मंजूर आलम, जलेश्वर महतो, सुरेन्द्र कुमार, दीपक कुमार, धनु राम, मनोज कुमार आदि है।

## अटल जी की विचारधारा जमीन पर उतारने का काम पीएम नरेन्द्र मोदी कर हैं : संजय त्यागी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** भाजपा चास नगर उत्तरी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 99वीं जयंती डेमूडीह में सुशासन दिवस के रूप में मनाया उक्त अवसर पर भाजपा चास नगर उत्तरी द्वारा जरूरतमंद लोगो के बीच कंबल वितरण किया गया। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी 99 वां जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भाजपा बोकारो जिला महामंत्री सह नगर प्रभारी संजय त्यागी ने पूर्व प्रधानमंत्री को स्व अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को झारखंड से काफी लगाव था, उनके प्रयास से ही अलग झारखंड राज्य गठन का सपना पूरा हुआ अटल जी द्वारा प्रारंभ की गयी विचार धारा चाहे वह सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में हो या एकात्म मानववाद के रूप में या अन्त्योदय के रूप में इसे भारत की जमीन पर उतारने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। उक्त अवसर पर भाजपा चास नगर उत्तरी अध्यक्ष पन्नालाल कान्दू, गणेश राय बुद्धेश्वर घोषाल लक्ष्मण सिंह विजय शर्मा, दिनेश महतो, राहुल कुमार पिंटू कुमार पाल सेंटी कान्दू, निरंजन महतो शिवचरण महतो सृष्टि महतो खारू महतो महावीर महतो निमाय महतो विमल अनिल नापित, सुनीता देवी, संध्या देवी, सावित्री देवी, अनिता देवी, हेलिया देवी, झुनिया देवी, नुनीबला देवी, सांता देवी, दीनू महतो विक्की राय मंतोष राय, कांतु ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री आवास पर मनाया गया क्रिसमस, नरेंद्र मोदी बोले

# ईसाई समुदाय के साथ मेरा बहुत पुराना रिश्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को क्रिसमस के मौके पर अपने आधिकारिक आवास पर ईसाई समुदाय के लोगों से संवाद किया और कहा कि उनके साथ उनका बहुत पुराना और आत्मीय नाता रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि विकास का फायदा हर किसी तक पहुंचे और कोई इससे अछूता ना रहे। उन्होंने कहा कि ईसाई समुदाय के लोगों तक, विशेषकर गरीबों और वंचितों तक भी आज देश में हो रहे विकास का लाभ पहुंच रहा है।



प्रधानमंत्री ने मत्स्य पालन मंत्रालय बनाये जाने के अपने कदम को याद करते हुए कहा कि ईसाई समुदाय ने इसकी सार्वजनिक रूप से सराहना की थी और उनका सम्मान भी किया था। उन्होंने कहा कि क्रिसमस के इस अवसर पर मैं देश के क्रिश्चियन समुदाय के लिए एक बात जरूर कहूंगा। देश के लिए आपके योगदान को भारत गर्व से स्वीकार करता है। ईसाई समुदाय ने स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस यात्रा में ईसाई समुदाय के कई विचारक भी शामिल थे जिनमें एक थे स्टीफंस कॉलेज सुशील कुमार रुद्र, जिनके बारे में स्वयं महात्मा गांधी ने बताया था कि असहयोग आंदोलन की प्रेरणा उन्हीं की छत्रछाया में प्राप्त हुई थी। उन्होंने कहा कि ईसाई समुदाय ने समाज को दिशा देने में निरंतर महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। समाज सेवा में यह समुदाय बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेता है। गरीब और वंचितों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहता है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज भी पूरे भारत में ईसाई समुदाय के संस्थान बहुत बड़ा योगदान दे रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने इस संवाद के दौरान ईसाइयों के साथ अपने पुराने और आत्मीय संबंधों को याद किया और कहा कि जब वह गुजरात के मुख्यमंत्री थे, तब ईसाई समुदाय के गुरुओं से मिला करते थे। उन्होंने बताया कि वह जिस मणिनगर विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया करते थे, वहां अच्छी खासी संख्या में ईसाई रहते थे।

मोदी ने कहा कि ईसा मसीह का जीवन संदेश करुणा और सेवा पर केंद्रित था और उन्होंने एक समावेशी समाज के लिए काम किया जहां न्याय सभी के लिए हो। उन्होंने कहा कि हमारे देश की विकास यात्रा में यही मूल्य एक मार्गदर्शक की तरह हमें रास्ता दिखा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदी दर्शन के स्रोत माने जाने वाले उपनिषदों ने भी बाइबिल की तरह पूर्ण सत्य को साकार करने पर ध्यान केंद्रित किया है। मोदी ने कुछ साल पहले 'द होली पोप' से हुई मुलाकात का उल्लेख किया और कहा कि यह उनके जीवन का एक बहुत ही यादगार पल था।

प्रधानमंत्री ने बताया कि पोप से उन्होंने इस धरती को बेहतर जगह बनाने के लिए सामाजिक सौहार्द, वैश्विक भाईचारे, जलवायु परिवर्तन और समावेशी विकास जैसे कई विषयों पर लंबे समय तक चर्चा की थी। क्रिसमस पर उपहार देने की परंपरा का जिक्र कर उन्होंने कहा कि इस अवसर पर यह विचार किया जाना चाहिए कि कैसे आने वाली पीढ़ियों को एक बेहतर धरती का उपहार दिया जा सकता है।

प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार के 'वोकल फोर लोकल' अभियान में भी ईसाई समुदाय से बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कामना की कि यह त्योहार एक राष्ट्र के रूप में देश को और मजबूत करे, सभी देशवासियों को और करीब लायें, हमारी विविधता में भी हमें एकजुट रखने वाले बंधन को मजबूत करे।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने देशवासियों को क्रिसमस की बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सभी को क्रिसमस की शुभकामनाएं! मेरी कामना है कि त्योहारों का यह मौसम सभी के लिए खुशी, शांति और समृद्धि लेकर आये। उन्होंने कहा कि आइये! सद्भाव और करुणा की भावना का जश्न मनायें, जो क्रिसमस का प्रतीक है और एक ऐसी दुनिया की दिशा में काम करें जहां हर कोई खुश और स्वस्थ हो। हम प्रभु मसीह की महान शिक्षाओं को भी याद करते हैं।

# 27वां किट नन्हीपरी ग्रैंड फिनाले आज

## मुख्य आकर्षण पूनम ढीलन और दीपशिखा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** किट नन्हीपरी लिटिल मिस इंडिया के 23वें संस्करण का सेमीफाइनल 26 को होगा, जबकि ग्रैंड फिनाले 27 को होगा। इसमें विभिन्न क्षेत्रीय ऑडिशन से चयनित 27 प्रतियोगी भाग लेंगे। इनमें से अंतिम चरण में विभिन्न वर्गों से 10 लोगों का चयन किया जायेगा और शीर्ष 3 को किट नन्हीपरी, प्रथम रनर-अप और द्वितीय रनर-अप का खिताब दिया जायेगा। इस साल अगस्त से नवंबर तक देश के विभिन्न राज्यों में क्षेत्रीय ऑडिशन आयोजित किया गया था।

इस साल की मुख्य आकर्षण हैं बॉलीवुड एक्ट्रेस पूनम ढीलन और दीपशिखा। वे ग्रैंड फिनाले में अतिथि के रूप में शामिल होंगे और विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कृत करेंगे। अन्य अतिथियों में नवभारत टाइम्स की संपादक रेखा खान भी इस कार्यक्रम में हिस्सा ले रही हैं। इस प्रतियोगिता में कुल 41 लाख 50 हजार रुपये का पुरस्कार राशि रखा गया है। नन्हीपरी खिताब के विजेता को 3 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जायेगा, यदि वह किट में पढ़ाई करेंगे तो उसे 100% शुल्क छूट मिलेगी, यानी अधिकतम 18 लाख रुपये तक। प्रथम उपविजेता को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और किट में पाठ पढ़ने पर अधिकतम 9 लाख रुपये तक शुल्क छूट दी जायेगी। दूसरे उपविजेता को 50,000 रुपये का नकद पुरस्कार और किट में पढ़ने पर अधिकतम 9 लाख रुपये तक की फीस छूट मिलेगी। प्रतियोगिता में मिस रॅपन्जेल, मिस फोटोजेनिक, मिस सेल्फी (फेसबुक पर अधिकतम लाइक), मिस फैशन गर्ल, मिस विज्किड, मिस सिंड्रेला, मिस उर्वशी, मिस कैटवॉक, मिस मोनालिसा और मिस एक्टिव जैसे खिताबों के विजेताओं का भी फैसला किया जायेगा। उन्हें प्रभावशाली पुरस्कार भी मिलेंगे।

# कंटाबांजी में डायरिया का आतंक, दो की मौत, चार से अधिक अस्पताल में

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** कंटाबांजी एक दिन में डायरिया से दो लोगों की मौत हो गयी। ऐसी शिकायतें बलांगीर जिले के कंटाबांजी इलाके से आयी हैं। 4 से ज्यादा अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं। गौरतलब है कि बलांगीर जिले के कंटाबांजी पुडापदर गांव की मीरा साहू नाम की महिला को रविवार रात अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मालिबाहाल गांव के संतोष माझी सोमवार को भर्ती कराया गया था, जबकि उनकी मृत्यु हो गयी। मृतक के परिवार के सदस्यों को डायरिया से पीड़ित पाया गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं, डॉक्टर के मुताबिक डायरिया के कारण अभी भी एक छोटा बच्चा भर्ती है। कंटाबांजी क्षेत्र के विभिन्न गांवों में इस तरह के डायरिया का आरोप है। बलांगीर सीडीएमओ ने डायरिया से 2 की मौत की सूचना दी। कल कंटाबांजी के आसपास के अलग-अलग गांवों से 6 मरीजों को डायरिया के कारण कंटाबांजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनमें से 2 की आज सुबह मौत हो गयी। 2 अन्य का इलाज चल रहा है, जबकि अन्य 2 ठीक हो गये हैं और उन्हें छुट्टी दे दी गयी है।



# पं. मालवीय से जुड़ी पुस्तक का लोकार्पण




- उनके लिए राष्ट्र प्रथम था, वो युवा पीढ़ी के आदर्श : पीएम मोदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पंडित मदन मोहन मालवीय की 162वीं जयंती के अवसर पर 'कलेक्टेड वर्क्स ऑफ पंडित मदन मोहन मालवीय' के 11 खंडो की पहली श्रृंखला जारी की गयी। दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शिरकत की। इस दौरान उन्हें पंडित मदन मोहन मालवीय की पेंटिंग से भी सम्मानित किया गया है। पीएम मोदी ने कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय ने राष्ट्र प्रथम के संकल्प को हमेशा आगे रखा। वे देश के लिए बड़ी से बड़ी ताकलों के खिलाफ खड़े हुए थे। कठिन माहौल में भी उन्होंने देश के लिए संभावनाओं के बीज बोये। उन्होंने कहा, ऐसी महान शख्स सदियों में एक बार पैदा होते हैं। आनेवाली कई पीढ़ियां उनके विचारों से प्रभावित रहते हैं। वास्तव में पंडित मदन मोहन मालवीय आधुनिक सोच और सनातन मूल्यों के संगम थे। पंडित मदन मोहन मालवीय की संपूर्ण पुस्तक का लोकार्पण पर पीएम मोदी ने कहा कि यह लोकार्पण अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण है। यह संपूर्ण पुस्तक हमारी युवा पीढ़ी और आने वाली पीढ़ी को उनके विचारों, आदर्शों और जीवन से परिचित कराने का एक सशक्त जरिया बनेगी। साथ ही पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित मदन मोहन मालवीय की तरह मुझे भी काशी की सेवा करने का मौका मिला।

# आगरा से मथुरा हेलीकाप्टर सुविधा



- बटेश्वर में सीएम योगी ने किये कई ऐलान, अटलजी के गांव को दी सौगात

आजाद सिपाही संवाददाता

**आगरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर आगरा स्थित उनके पैतृक गांव बटेश्वर पहुंचे। इस मौके पर उन्होंने 148 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। सीएम योगी ने कहा कि अटलजी की जयंती पर आयोजित यह कार्यक्रम उनके जन्म शताब्दी वर्ष का शुभारंभ है। अब साल भर ग्राम पंचायत से जिला और राज्य स्तर पर आयोजन होंगे। सीएम ने आगरा - मथुरा के बीच हेलीपोर्ट सुविधा का शुभारंभ भी किया। अब पर्यटक हवाई यात्रा कर ब्रज दर्शन कर सकेंगे। पीपीपी मोड पर संचालित इस सेवा के लिए 12 दिसंबर को मेसर्स राजस एयरोस्पोर्ट एंड एडवेंचर प्राइवेट लिमिटेड के साथ सरकार ने करार किया है। कंपनी को हेलीपोर्ट 30 साल के लिए लीज पर दिया है।

जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन सरकार से उत्तर प्रदेश में विकास हुआ है। जिस वक्त हमने बागडोर संभाली थी तब यूपी की अर्थव्यवस्था देश में छठवें स्थान पर थी, अब उत्तर प्रदेश देश में दूसरे स्थान पर है। आज प्रदेश में सुशासन है। विकास के साथ गांवों की कनेक्टिविटी बढ़ी है, हवाई सेवा शुरू हो रही हैं।

# पुंछ में 3 सिविलियन की मौत पर एक्शन

- ब्रिगेडियर लेवल के अधिकारी समेत 4 पर कार्रवाई, कोर्ट ऑफ इंक्वायरी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी-पुंछ सेक्टर में 21 दिसंबर को हुए आतंकी हमले के बाद आर्मी चीफ मनोज पांडे सोमवार (25 दिसंबर) को पुंछ पहुंचे। आर्मी चीफ ने यहां कमांडरों से मुलाकात की और उन्हें प्रोफेशनल तरीके से काम करने की हिदायत दी।

आर्मी चीफ के दौरे से पहले ही सेना ने आरोपी जवानों के खिलाफ कोर्ट ऑफ इंक्वायरी शुरू कर दी है। सेना ने सुरनकोट बेल्ट के प्रभारी ब्रिगेडियर लेवल के अधिकारी और 48 राष्ट्रीय राइफल्स के तीन जवानों को मौजूदा ड्यूटी से हटा दिया है।



दरअसल आतंकियों ने सेना की 2 गाड़ियों पर हमला किया था। सुरनकोट इलाके में ढेरा की गली और बफलियाज में हुए हमले में 5 जवान शहीद हो गये थे। आतंकियों ने अमेरिकी एम-4 कार्बाइन असॉल्ट राइफल से स्टील बुलेट फायर की थीं। सैनिकों के शहीद होने के बाद सेना ने इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया। पूछताछ के लिए उठाये गये 8 संदिग्धों में से 22 दिसंबर को 3 के शव मिले थे। इसके बाद पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था।

21 दिसंबर को हुए हमले की जिम्मेदारी पीपुल्स एंटी फासिस्ट फ्रंट ने ली है। आतंकियों ने सोशल मीडिया पर हमले वाली जगह की तस्वीरें भी जारी कीं, जिनमें ट-4 राइफल के इस्तेमाल का दावा किया गया है। सूत्रों के अनुसार, एम-4 राइफल आतंकियों के पास पाकिस्तानी हैंडलरों से आयी थीं। यह राइफल उस जखीरे का हिस्सा है, जो अमेरिकी सेना अफगानिस्तान से जाते समय वहां छोड़ गयी थी।

आरोग्यं आयुर्वेद
वैद्य वी के पांडेय
आयुर्वेदाचार्य
क्या आप भी लंबे समय से परेशान हैं
गठिया, माइग्रेन, गुप्त और यौन रोग, एलर्जी, दमा, थाइराइड, बी.पी., शुगर अन्य सभी बिमारी का आयुर्वेद से सफल इलाज
समय : सुबह: 07.00–10.00 से दोपहर: 03.00–8.00
फोन नं. 898660318/7352520011
कृप्या फोन से अपना अपाइंटमेंट ले लें।
पता:- टाइगर हिल, मोराबादी, रांची, झारखंड।

bathsense BALAJEE UDYOG
एक बार अवश्य पधारें
BU Adding value since 2009
Distributors : bathsense, ESSESS, Flowkem, Glocera, m-seal, ASTRAL, Racold
BALAJEE UDYOG
The Mark of Excellence
Plot No. 767, OLD H.B. ROAD, OPP. SADHU MAIDAN, KOKAR, RANCHI
Mob.: 9534207055 / 93869-09008 / 0651-3554978 • Email : balajee_udyog@rediffmail.com

बोरिंग के लिए संपर्क करें
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

Mob : 9973853279, 9031249105
कृष्णा ज्वेलर्स
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

FREE FRANCHISE
Just call us : 9835502908
Alpha Institute of Computer Education
Franchise Benefit
- All Computer courses
- Vocational courses
- Authorization Letter
- Authorization Certificate
- Web Login ID & Password
- Study Material Support
- Branded Name
- PDF Certificate in 24 Hrs
- Hard Copy Certificate & Mark sheet
- Students Placement Support
- Marketing Support
- Online & Offline Certificate Verification
- Yearly Career Guidance - Seminar in your city
- Paper and Media Support

Registered Office : 262, Delta Bhawan,Adarsh Nagar, Khorha Toli,Kokar, Ranchi (Jharkhand) Mob : 9835502908
Cooperate Office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi (Jharkhand), Mob : 9631103045
Cooperate Office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar Mob : 7488289546
E-mail : alphaeducational.center@gmail.com, Web site : www.alphaec08.com

PERFECT AQUA
सेल सर्विस एंड स्पेयर पार्ट्स
रिटेल एंड होलसेल
COMMERCIAL RO
IRON REMOVER
RO PLANT
CALL NOW
9431701163, 8340320390
PERFECT SERVICE
H.B Road, Kokar, Ranchi, Jh.
perfectaqua345@gmail.com
पानी चेक की सुविधा उपलब्ध फ्री

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**